सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 20 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 106, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## औरिका समूह करेगा 220 करोड़ रुपये का निवेश

जमीन, मकान के विकास से जुड़ी रियल एस्टेट कंपनी औरिका समूह उत्तर प्रदेश के अयोध्या और बरेली में 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। } 10

## पीएम मोदी ने की स्वस्थ भारत की पैरवी

प्रधानमंत्री मोदी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करते हुए तेल का सेवन कम करने और मोटापे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने जैसे छोटे कदम उठाने का आह्वान किया। } 12

# राष्ट्रपति पुतिन ने किया युद्ध विराम का ऐलान

### शनिवार को शाम छह बजे से ईस्टर रविवार मध्यरात्रि तक रहेगा लागू

एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर के मौके पर यूक्रेन के साथ अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की है। क्रेमलिन ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्रेमलिन के अनुसार युद्धविराम शनिवार को मॉस्को समयानुसार शाम छह बजे से ईस्टर रविवार मध्यरात्रि तक चलेगा।

क्रेमलिन की प्रेस सेवा ने बताया कि जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव के साथ बैठक में पुतिन ने कहा, मानवता से प्रेरित होकर, आज से स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे से रविवार रात 12 बजे तक रूसी पक्ष ईस्टर युद्धविराम की घोषणा करता है। मैं आदेश देता हूं कि इस अवधि के लिए सभी सैन्य कार्वाइयां रोक दी जाएं।



पुतिन ने कहा हम मानते हैं कि यूक्रेनी पक्ष हमारे उदाहरण का अनुसरण करेगा। साथ ही, हमारे सैनिकों को युद्धविराम के संभावित उल्लंघन और दुश्मन की ओर से उकसावे, उसके किसी भी आक्रामक कार्य को रोकने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह घोषणा उसी दिन की गई जब रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके बलों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना को उनके बचे हुए आखिरी ठिकानों में से एक से खदेड़ दिया। मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना ने यूक्रेन की सीमा पर स्थित ओलेशन्या गांव पर नियंत्रण कर लिया है। एसोसिएटेड प्रेस इस दावे की तत्काल पुष्टि नहीं कर सका तथा यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से भी तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, रूस अब भी यूक्रेन की सेना को ओलेशन्या से लगभग 11 किलोमीटर दक्षिण में स्थित गोर्नल गांव से बाहर निकालने के लिए संघर्ष कर रहा है। रूसी सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से एजेंसी ने बताया, रूसी सेना ने अभी तक यूक्रेनी सशस्त्र बलों को गोरनल से ...शेष पृष्ठ 10 पर

# समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं परिवारवादी पार्टियां

### गोरखपुर को सीएम योगी ने दी 1500 करोड़ की सौगात, 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि परिवार तक सिमटी ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को करीब 1500 करोड़ रुपये लागत की रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज, चिकित्सा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मानबेला मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 के पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने उत्तर प्रदेश का विकास करने की बजाय खुद का और परिवार का विकास किया। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि परिवार तक सिमटी ये ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं।



योगी ने विकास और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केन्द्र और राज्य की सरकारों को श्रेय देते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार आने के बाद उत्तर प्रदेश आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हो चुका है तथा प्रदेश की चर्चा अब सिर्फ विकास के लिए होती है। उन्होंने कहा विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। जो विकास नहीं करा पाते, वे जाति, मत, भाषा, क्षेत्र, मजहब के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न भिन्न कर समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौका मिलने पर ऐसे लोग जनता की भलाई के बजाय स्वयं और अपने परिवार के विकास के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने दावा किया पूर्ववर्ती सरकारों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मुसहर भुखमरी से मरते थे तो बुंदेलखंड में किसान आत्महत्या को मजबूर होते थे। परिस्थितियों में परिवर्तन करने की बजाय तब की सरकारों ने समाज को जाति, क्षेत्र, मजहब के नाम पर बांटने और दंगा कराने का काम किया। दंगा कराने के बाद दोनों समुदायों से अलग अलग मिलकर उनका हितैषी बनने का दिखावा किया। विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में दंपति समेत चार की मौत

फतेहपुर। जिले में शनिवार को खड़े ट्रक से टक्कर के बाद तेज रफ्तार कार में सवार एक बुजुर्ग दंपति, उनके दामाद और वाहन चालक समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर व्यक्ति रूप से घायल हो गए। खागा थाना क्षेत्र में सुजानीपुर चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर यह घटना समय हुई, जब वे लोग अपने एक पारिवारिक सदस्य की अस्थियां गंगा नदी में विसर्जित करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार की खिड़कियां तोड़कर उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला, जिसमें तीन लोग मृत पाए गए। एक युवती और एक बच्चे समेत तीन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां एक अन्य को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी राम कुमार भार्गव, उनकी पत्नी कमलेश भार्गव, उनके दामाद प्राग चौबे और वाहन चालक शुभम यादव के रूप में हुई है।

### टेंट गोदाम में लगी भीषण आग, सात लोग झुलसे

प्रयागराज। प्रयागराज के परेड ग्राउंड में एक टेंट कंपनी के गोदाम में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई जिसमें दमकल के दो अधिकारी और पांच कर्मचारी झुलसने के कारण मामूली रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की है। घटनास्थल पर मौजूद गोदाम में काम करने वाले राहुल नाम के व्यक्ति ने बताया कि यह गोदाम लल्लू जी एंड ब्रदर्स का है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि आग बुझाने के काम में दमकल की 18 गाड़ियों की मदद ली गई, जिनमें सेना की चार गाड़ियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के दौरान वह खुद, एक अन्य अधिकारी और पांच कर्मचारी मामूली रूप से झुलस गए।

# खेलों के प्रति बदली समाज की धारणा

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए करना चाहिए प्रयास : राजनाथ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि समाज में खेल और खिलाड़ियों को लेकर धारणा बदलल चुकी है और आज माता-पिता अपने बच्चों को लिएंडर पेस, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा, पीवी सिंधू, डी गुकेश और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों के रूप में देखना चाहते हैं। खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब नामक लोकप्रिय मुहावरे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि एक समय ऐसा माना जाता था कि खेलों में समय लगाना समय की बर्बादी है।

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा आज यह सोच बदल गई है और खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदल गई है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए यह बहुत जरूरी है कि खेलों और खिलाड़ियों को ना केवल समाज में महत्व दिया जाए बल्कि उन्हें फलने-फूलने का पूरा मौका भी दिया जाए। लखनऊकी खेल संस्कृति के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा लखनऊशहर अपनी खेल संस्कृति के लिए उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी जाना जाता था। महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू, जिनके नाम पर यह स्टेडियम जाना जाता है, ने यहां लंबा समय बिताया था। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद ने भी लखनऊकी खेल संस्कृति को बढ़ाया है। यह उनके बेटे अशोक कुमार और मशहूर ओलंपियन जमनालाल शर्मा की कर्मभूमि रही है। 80 के दशक में लखनऊके स्पोर्ट्स कॉलेज में भारत का पहला एस्ट्रो टर्फ भी लगाया गया था।



उन्होंने कहा आजकल लखनऊ में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच हो रहे हैं, लेकिन एक समय था जब इसके केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शीशमहल ट्रॉफी नाम से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता था और टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी लखनऊ में खेलते नजर आते थे। रक्षा मंत्री और लखनऊ से लोकसभा सांसद राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। लखनऊके केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ में सिंह ने कहा खेलों को हम लोग बहुत गंभीरता से लेते हैं। हमारी सरकार प्रयास कर रही है कि 2036 में ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में हो। अन्य विश्व स्तरीय खेलों के आयोजन के सिलसिले में भी प्रयास किए जा रहे हैं। सिंह ने कहा जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए।

भारतीय ओलंपिक संघ के अनुसार, लखनऊ ने 1948 में स्वतंत्र भारत में पहले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की थी। सिंह ने कहा लखनऊ अपनी खेल संस्कृति के लिए कितना प्रसिद्ध है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद जब पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया था, तो यह आयोजन हमारे इसी शहर में किया गया था। सिंह ने यह भी कहा कि आज पूरा देश राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए खिलाड़ियों की तरह सोच रहा है। सिंह ने कहा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले के हरेक नागरिक की भूमिका है। सिंह कहा विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित लखनऊकी कल्पना सीधे विकसित भारत से जुड़ी हुई है। इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को एक लक्ष्य और संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। खेलो इंडिया पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा जमीनी स्तर पर लगभग 1,000 खेलो इंडिया केंद्रों पर हजीरों खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। आज के बदलते भारत में छोटे शहरों की प्रतिभाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सुरक्षित

मुंबई। विशेष एनआईए अदालत ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मालेगांव में हुए बम विस्फोट मामले में लगभग 17 साल बाद मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के उपरांत शनिवार को फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुंबई से करीब 200 किलोमीटर दूर मालेगांव में एक मस्जिद के पास मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोटक में 29 सितंबर 2008 को हुए धमाके में छह लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हो गए। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को अपनी अंतिम लिखित दलीलें दाखिल कीं, जिसके बाद मामले की सुनवाई समाप्त हो गई। इसके बाद विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने मामले को फैसले के लिए आठ मई तक स्थगित कर दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों का परीक्षण किया, जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए थे। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता प्रज्ञा ठाकुर-मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली में गिरी इमारत, 11 की दबकर मौत

### 11 अन्य घायल, भूतल पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते हुआ हादसा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शक्ति विहार इलाके में शनिवार तड़के एक बहुमंजिला आवासीय इमारत के ढहने से 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस और अन्य बचावकर्मियों की टीम ने राष्ट्रीय राजधानी के मुस्तफाबाद इलाके में तड़के करीब तीन बजे 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के ढहने के बाद घटनास्थल पर 12 घंटे से अधिक समय तक बचाव कार्य चलाया। पुलिस के अनुसार, इमारत में 22 लोग थे, जिनमें से ज्यादातर कुछ परिवारों के सदस्य थे। इमारत के मालिक तहसीन और उनके परिवार के छह सदस्य इमारत ढहने से मरने वाले 11 लोगों में शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने कहा कि हो सकता है कि भूतल पर दो-तीन दुकानों में हो रहे निर्माण कार्य के कारण इमारत ढह गई हो। स्थानीय लोगों ने भी कहा कि नयी दुकान पर निर्माण कार्य के कारण यह इमारत ढह गई होगी।



उन्होंने चार से पांच अन्य इमारतों की गंभीर स्थिति पर भी चिंता जताई। इलाके के निवासी सलीम अली ने कहा सीवर का गंदा पानी वर्षों से इमारतों की दीवारों में रिस रहा है। समय के साथ नमी के कारण ढांचे कमजोर होने से दीवारों में दरारें आ गई हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक बयान में कहा कि यह इमारत लगभग 20 साल पुरानी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जेईई-मेन का परीक्षा परिणाम घोषित

### 24 परीक्षार्थियों ने हासिल किया 100 एनटीए स्कोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा शनिवार को घोषित इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-मेन) के परिणाम में 24 परीक्षार्थियों ने 100 स्कोर हासिल किया। परीक्षा में शीर्ष स्थान पर रहने वालों में राजस्थान के सात परीक्षार्थी, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के तीन-तीन, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और गुजरात के दो-दो और कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश का एक-एक परीक्षार्थी है। इनमें से दो छात्राएं हैं।

शीर्ष स्थान पाने वालों में 21 परीक्षार्थी सामान्य श्रेणी और एक-एक परीक्षार्थी अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी से है। इस अहम परीक्षा के दूसरे सत्र में 9.92 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। पहले सत्र में 10.61 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।



राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर अंकों के प्रतिशत के समान नहीं, बल्कि सामान्यीकृत स्कोर है। उन्होंने बताया कि एनटीए स्कोर बहु-सत्रीय परीक्षा में सामान्यीकृत स्कोर होता है और एक सत्र में परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के सापेक्ष प्रदर्शन पर आधारित होता है। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए प्राप्त स्कोर को 100 से 0 तक के ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- अमेठी में पर्यटन को मिलेगी नयी उड़ान : जयवीर (पृष्ठ-02)
- वक्फ संपत्तियों के मुतवल्ली बन गये मालिक (पृष्ठ-02)
- व्यापार-अनुकूल वातावरण देने को प्रतिबद्ध : उमर (पृष्ठ-10)
- भारतीय वायुसेना के एयरशो ने किया मंत्रमुग्ध (पृष्ठ-10)
- भारत-अमेरिका में व्यापार पर जल्द बनेगी सहमति (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** एक लॉन्चर, दो रॉकेट चालित ग्रेनेड, दो विस्फोटक उपकरण, दो हथगोले, दो किलो आरडीएक्स, पांच पिस्तौल (बेरेटा व ग्लॉक), छह मैगजीन, 44 कारतूस जब्त

# पंजाब में दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 13 गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार को आईएसआई समर्थित दो खालिस्तानी आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 13 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया। इस कार्वाई में पुलिस ने दो रॉकेट चालित ग्रेनेड, दो हथगोले, आईईडी और आरडीएक्स के साथ-साथ अन्य हथियार जब्त किए हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इन दोनों मॉड्यूल का संचालन विदेश से किया जा रहा था।

यादव ने बताया कि पहले आतंकी मॉड्यूल का संचालन फ्रांस स्थित सतनाम सिंह उर्फ सत्ता कर रहा था, जबकि दूसरे मॉड्यूल का संचालन यूनान स्थित जसविंदर उर्फ मन्नू अगवान द्वारा किया जा रहा था। यादव ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित इन दोनों मॉड्यूल को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा विदेश से संचालित किया जा रहा था। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह पंजाब में शांति और स्थिरता को निशाना बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने एक लॉन्चर सहित दो रॉकेट चालित ग्रेनेड (आरपीजी), दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (2.5 किलोग्राम प्रत्येक), डेटोनेटर के साथ दो हथगोले, रिमोट कंट्रोल के साथ दो किलोग्राम आरडीएक्स, पांच पिस्तौल (बेरेटा और ग्लॉक), छह मैगजीन, 44 कारतूस, एक वायरलेस सेट और तीन वाहन जब्त किए हैं। यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जतिंदर उर्फ हनी, जगजीत उर्फ जग्गा (दोनों कपूरथला निवासी), हरप्रीत और जगरूप (दोनों होशियारपुर निवासी) के रूप में हुई है।




उन्होंने बताया कि पहले आतंकी मॉड्यूल का संचालन सत्ता कर रहा था। उन्होंने बताया कि अमृतसर में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे आतंकी मॉड्यूल के बारे में यादव ने बताया कि इससे संबंधित नौ गुर्गों को गिरफ्तार किया गया है। बटाला में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# धामी सरकार भव्यता से मनायेगी योग दिवस, तैयारियां जोरों पर

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता के साथ मनाएगी। योग दिवस पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका सकारात्मक संदेश पूरे विश्व को योग का जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम स्तर तक योग अभियान चलाया जाए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष योग शिविरों का आयोजन किया जाए। योग पर निबंध, भाषण, पोस्टर



और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। योग और आयुष मेले के आयोजन के साथ ही हरित योग के कार्यक्रम भी किए जाएं। डिजिटल माध्यम से भी योग को प्रचारित किया जाए योग के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी सरकार : योगी

## जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

**लखनऊ/गोरखपुर।** शनिवार सुबह तेज बारिश के कारण एक बार यह लगा था कि शायद इतने प्रतिकूल मौसम में जनता दर्शन कार्यक्रम न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार ने ऐसी आशंका को निर्मूल सिद्ध कर दिया। तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

- तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जारी रखा जनसेवा का अनुष्ठान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। पर, तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सीएम ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें।



जनता दर्शन में सीएम योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

**पुलिस और राजस्व के मामले शीघ्र करें निस्तारित :** उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

हर बार की भांति इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा।

**समस्या निस्तारण कराओ, चाय भी पिलाओ :** जनता दर्शन में समस्या लेकर आई आंशिक रूप से शारीरिक अक्षमता की शिकार कर महिला और उसके साथ बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी समस्या का निस्तारण कराओ और इन्हें चाय भी पिलाओ। इस दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ आए उनके बच्चों को सीएम योगी ने प्यार, दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

**तेज बारिश में भी मंदिर परिसर का भ्रमण किया सीएम ने :** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह तेज बारिश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। खराब मौसम में भी वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले।

## संक्षेप

### सपा नेता पर इनाम घोषित करने वाला करणी सेना का कार्यकर्ता गिरफ्तार

**लखनऊ/अलीगढ़।** सपा पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर इनाम रखने की घोषणा करने वाले करणी सेना के कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। करणी सेना के इसी कार्यकर्ता ने अखिलेश यादव के खिलाफ भी इस तरह आपत्तिजनक और भड़काऊभाषा का इस्तेमाल करते हुए बयान दिया था। सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता मोहन चौहान के आपत्तिजनक बयान के बाद शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए शुक्रवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने शुक्रवार रात बताया कि चौहान के खिलाफ मामला सपा की जिला इकाई की अध्यक्ष लक्ष्मी धनगर द्वारा बुधवार को दी गई शिकायत पर दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि चौहान के खिलाफ पहले से ही छह से अधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि मोहन चौहान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन की हत्या करने वाले को 25 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मोहन चौहान ने 16वीं सदी के राजपूत राजा राणा सांगा पर सुमन की विवादास्पद टिप्पणी के बाद इनाम की घोषणा की। एक वीडियो में चौहान को कथित तौर पर यह कहते सुना गया कि सुमन को अपनी टिप्पणियों की कीमत चुकानी पड़ेगी। मार्च के आखिरी हफ्ते से यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अगर मौका मिला तो वह खुद इस कृत्य को अंजाम देंगे। सपा महिला सभा की प्रमुख (अलीगढ़) आरती सिंह ने इस संबंध में 29 मार्च को गांधी पार्क थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, बुधवार को शिकायत को जवां थाने में भेज दिया गया।

### संविधान के तहत देश को साथ लेकर चलना ही सुशासन

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने शनिवार को कहा कि सुशासन वह है जो संविधान के अनुसार पूरे देश को साथ लेकर चले। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बसपा संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा की गई। आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा, जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीट का पुनः आवंटन, नयी शिक्षा नीति और भाषा थोपने आदि मुद्दों पर इन राज्यों तथा केन्द्र के बीच विवाद का राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग करने से जन तथा देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक। गुड गवर्नेंस (सुशासन) वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। बसपा नेता ने कहा, वैसे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कौशल के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं?

## कौशल से संवरेंगे गांव, आत्मनिर्भर बनेंगे युवा

**लखनऊ।** प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से योगी सरकार ने एक और पहल की है। इसके तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जेकेवाई) के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 से 23 अप्रैल 2025 तक लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में किया जा रहा है। यह कार्यशाला 21 अप्रैल की सुबह 9 बजे शुरू होगी, जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम द्वारा की जाएगी और आयोजन मिशन निदेशक अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

- 21 अप्रैल से लखनऊ में शुरू होगी तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला

**संस्थाओं के लिए क्षमता निर्माण, युवाओं के लिए अवसर निर्माण :** इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश भर में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करने वाली संस्थाओं के संस्था प्रमुखों, मंडल स्तर के संयुक्त निदेशकों, जनपदीय समन्वयकों, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों और एम.आई.एस. प्रबंधकों की क्षमता वर्धन करना है। उन्हें नई प्रशिक्षण विधियों, तकनीकी नवाचारों और संचालन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान से अवगत कराया जाएगा।

**रोजगार और स्वरोजगार दोनों की राह होगी आसान :** कार्यशाला के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ग्रामीण युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, सही मार्गदर्शन और समयबद्ध सहायता मिल सके। इससे वे न केवल रोजगार प्राप्त कर सकें, बल्कि स्वरोजगार के माध्यम से दूसरों को भी अवसर प्रदान कर सकें। यह पहल राज्य की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में भी अहम भूमिका निभाएगी।

**प्रशिक्षण से जुड़े शीर्ष अधिकारी लेंगे भाग :** कार्यशाला में कौशल, रोजगार, उद्योग और शिक्षा से संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारीगण भाग लेंगे, जिससे नीति निर्माताओं और क्रियान्वयनकताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा।

# अमेठी में पर्यटन को मिलेगी नयी उड़ान : जयवीर सिंह

## उप्र. पर्यटन विभाग 14 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से करेगा पर्यटन सुविधाओं का विकास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने अमेठी जिले में 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का विकास किया जाएगा।

- जायसी स्मारक बनेगा आकर्षण का केंद्र

यह जानकारी उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का अमेठी जिला सूफी संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां के कई स्थल सूफी संतों और उनकी शिक्षाओं से जुड़े रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न परियोजनाओं स्वीकृत की गयी हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि अमेठी जिले की पहचान संतों की भूमि के रूप में रही है। इसी कड़ी में परम संत सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 99.10 लाख रुपए की राशि विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, बाबा दूलभ दास ग्राम धर्म विकास खंड तिलोई का पर्यटन विकास 94.03 लाख रुपए की धनराशि से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में सूफी संत, कवि और पद्मावत के रचयिता मलिक मोहम्मद जायसी की स्मृति में एक भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 10 करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। स्मारक का उद्देश्य जायसी की साहित्यिक विरासत को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान से अवगत कराना है। यह स्मारक न केवल सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देने का कार्य करेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अमेठी के मुसाफिरखाना की ग्राम-पंचायत दादरा में हिंगलाज भवानी मंदिर का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके लिए 62 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में ग्राम ताला स्थित पौराणिक मुकुट नाथ मंदिर का पर्यटन विकास 59.16 लाख रुपए राशि से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि की उम्मीद है। इन योजनाओं से राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के निरंतर विकास से उत्तर प्रदेश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है। राज्य घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर शिखर पर पहुंचाया जाए। विभाग की ओर से धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान मिल सके।



## पंचवर्षीय कोर्स के 30 छात्रों ने भाग लिया

**लखनऊ।** शिया पीजी कॉलेज के विधि संकाय में शनिवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी के संबोधन से हुई। उन्होंने बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और संविधान निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का विषय था डॉ. अंबेडकर का सामाजिक और राजनीतिक दर्शन एवं भारतीय संविधान में योगदान। इसमें त्रिवर्षीय और पंचवर्षीय कोर्स के कुल 30 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एस. नुजहत हुसैन ने किया। जज पैनल में डॉ. एजाज हुसैन, डॉ. छत्र पाल, डॉ. नूरीन जैदी और डॉ. धर्मेंद्र कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राखी मिश्रा, द्वितीय गुफरान अंसारी और तृतीय जुवेरिया अहमद को मिला। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. नुजहत हुसैन, डॉ. वहीद आलम, डॉ. प्रबोध कुमार गर्ग मुख्य भूमिका रही।

# दृष्टिहीन बेटियों के परिवार का सहारा बने सीएम योगी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के मोहल्ला हानिया टोला में एक परिवार की भूख और बेबसी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं इसका संज्ञान ले लिया। सीएम के निर्देश पर तत्काल अधिकारियों को मौके पर भेजकर परिवार को खाद्यान्न सामग्री पहुंचाई गई। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नायब तहसीलदार और लेखपाल को मौके पर भेजकर पड़ताल कराई तो पता चला कि यहां दृष्टिहीन बेटियों के साथ परिवार आर्थिक रूप से काफी तंगी में है। जिसके बाद उन्हें जरूरी सामग्री तो उपलब्ध कराई ही गई, साथ ही साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कागजी कार्यवाही भी तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी गई।

- खीरी के मोहल्ला हानिया टोला में गरीब परिवार का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री ने स्वयं लिया संज्ञान
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर परिवार के पास जरूरत का सामान लेकर पहुंचे अफसर
- अफसरों से भिजवाया आटा, दाल, चावल, आलू, तेल, नमक

**मुख्यमंत्री के संज्ञान लेते ही दौड़ा प्रशासन :** सोशल मीडिया पर जब परिवार की तस्वीर वायरल हुई तो इसका संज्ञान लेते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने तत्काल डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। कुछ ही घंटों में तहसीलदार, लेखपाल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी परिवार तक खाद्यान्न सामग्री लेकर पहुंच गए।

**परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू :** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर न सिर्फ तत्काल राहत पहुंचाई गई है, बल्कि परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही इन्हें राशन कार्ड और अन्य सभी जरूरी सुविधाएं भी दिलवाई जाएंगी।

प्रताप के परिवार में कुल छह लोग हैं। जिसमें उनकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं। इनमें से सोनी और मोनी दोनों दृष्टिहीन हैं, जबकि मां रामरति का दो साल पहले निधन हो चुका है। पिता प्रताप किसी तरह परिवार को पालने की कोशिश में लगे थे, मगर गरीबी हावी रही। हालांकि अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वयं संज्ञान लेने के बाद प्रताप को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा, कभी नहीं सोचा था कि हमारी आवाज इतनी दूर तक जाएगी।

# कांग्रेस ने मुस्लिमों को आर्थिक रूप से नहीं किया मजबूत : राधा मोहन दास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के माध्यम से प्रदेश में वक्फ संसोधन विधेयक का सत्य लेकर जन संवाद करेगी। शनिवार को राजधानी लखनऊ के भागीदारी भवन में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया।

- वक्फ कानूनों की आड़ में लोगों की संपत्तियों को अवैध तरीके से कब्जा किया जाता था : भूपेन्द्र चौधरी
- भाजपा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की शुरू से रणनीति रही कि देश का मुसलमान डरा रहे व हिन्दू विरोध में खड़ा रहे और वोट बैंक की तरह भाजपा के विरोध में कांग्रेस के लिए लगातार वोट करता रहे। कांग्रेस ने कभी प्रयास नही किया कि मुस्लिम आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत हो। बस एक बयान दिया कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। अग्रवाल ने कहा कि संशोधन से पूर्व अधिनियम की धारा 40 कहती थी कि अगर वक्फ बोर्ड को महसूस होता है कि कोई जमीन वक्फ की है या वक्फ की हो सकती है तो संबंधित जमीन के मालिकान को नोटिस दिए बिना वक्फ बोर्ड के द्वारा कार्यवाही व जांच करके उसको वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिया जाता था। पीड़ित पक्ष को सुनने का अवसर भी नहीं था। वक्फ बोर्ड की सूचना पर एसडीएम जमीन के मालिक का नाम काटकर वक्फ बोर्ड का नाम दर्ज कर लेता था। खाता न वही जो वक्फ कहे वही सही। भारतीय संविधान की धारा 14 में लिखा हुआ है कि न्याय पाने का अधिकार सभी को है लेकिन कांग्रेस ने वक्फ कानून की आड़ में ऐसा कानून बनाया कि वक्फ किसी की भी संपत्ति लूटता तो उसे न्याय का अधिकार भी नही मिल सकता था। 2006 में वक्फ की कुल सम्पत्तियां 04 लाख 50 हजार थी, जिनका रकवा 06 हजार एकड़ था वह 2025 में बढ़कर 08 लाख 72 हजार हो गई और उनका रकवा 37 लाख 94 हजार एकड़ हो गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कार्यशाला में प्रशिक्षण के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की आवश्यकता और इसके गरीबों को मिलने वाले लाभ का सत्य लेकर हमें जनसंवाद के लिए लोगों के बीच पहुंचना है। वक्फ कानूनों की आड़ में भ्रष्ट लोगों के द्वारा लोगों की संपत्तियों को अवैध तरीकें से कब्जा किया जाता था। इस प्रकार के प्रकरणों की संख्या अदालतों में भी बढ़ती रही है। यह हम सभी के साथ देश के लिए चिंता का बड़ा विषय था। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में नीतिगत अभाव रहा है। महिलाओं की भागीदारी में कमी रही। किसी भी संपत्ति को बिना किसी तार्किक आधार के वक्फ की संपत्ति घोषित कर बड़े स्तर पर कब्जा करने का काम किया गया। वक्फ संशोधन अधिनियम से वक्फ संपत्तियों के लेखा-जोखा एवं निरीक्षण की प्रक्रिया भी प्रारम्भ होगी। वक्फ प्रबंधन में प्रशासनिक अक्षमता तथा केन्द्रीय वक्फ बोर्ड व राज्य वक्फ बोर्डो में पर्याप्त प्रतिनिधित्व ना होने के कारण समाज के कमजोर वर्ग व महिलाओं को इसका लाभ नही मिल पाया।



# गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान का सामना न करना पड़े : शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े। सभी विद्युत कार्मिक सतर्क व सावधान रहकर लोगों के लिए कार्य करे, जिस किसी भी फीडर व विद्युत आपूर्ति ट्रांसफार्मर में 70 प्रतिशत से ज्यादा का लोड होगा तथा 30 प्रतिशत से ज्यादा का लाइन लास होगा वहां के संविदा कर्मियों को बर्खास्त किया जाए और अन्य विद्युत कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी डिस्कॉम में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होंगे, वहां के जिम्मेदार कार्मिको पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर एक भी नहीं फुंकने चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1912 टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें। मुख्यालय स्तर पर शक्ति भवन में भी मुख्य अभियंता स्तर का अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट चेयरमैन तथा एमडी यूपीपीसीएल को भेजें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, न तो विद्युत कार्मिकों की कार्यों में लापरवाही और न ही कोई कहानी बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कठोर निर्णय लेने और कठोर कार्रवाई करने का समय आ गया। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग को जो भी राजस्व हानि हो रही है उसकी भरपाई नही हो पा रही है। अभी भी विद्युत कार्मिक विद्युत चोरी रोकने में तथा लाइन लास काम करने में विभाग की उम्मीद पर खरा नहीं उतर रहे है। विद्युत चोरी रोकने के लिए की जा रही विजिलेंस की कार्रवाई भी संतोषजनक नहीं है। छोटे और गरीब उपभोक्ताओं का विजिलेंस कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पर अभी भी विद्युत चोरी हो रही है और लाइन लॉस एवं विद्युत लोड ज्यादा है वहां के कार्मिकों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा जहां पर कार्मिक अधिक हो, उन्हें अन्य स्थानों पर भेजकर समायोजित भी किया जाए। जो भी एक्सियन एवं एसडीओ कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाए। पॉवर ट्रांसफार्मर जलने पर उन्होंने संबंधित डिस्कॉम के डायरेक्टर टेक्निकल की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सभी डिस्कॉम के एमडी हाई लाइन लॉस वाले फीडर की जांच के लिए प्रति सप्ताह स्थलीय भ्रमण करे। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थलों, पर्यटन व धार्मिक स्थलों में विद्युत कटौती बिल्कुल न हो। विद्युत सुधार के लिए लिया जाने वाला शट डाउन पीक आवर में न लिया जाए तथा शाम के बाद अंधेरा होने पर विद्युत आपूर्ति हर हाल में बहाल रखी जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग में किसी भी प्रकार की दलाली बिल्कुल नहीं चलेगी। बड़ी विद्युत चोरी पर संबंधित कार्मिकों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। मऊ के कोपागंज में हो रही विद्युत चोरी पर 03 दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निश्चित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अध्यक्ष यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मंत्री के निर्देशानुसार पूर्वांचल में पावर ट्रांसफार्मर के फुंकने पर संबंधित एक्सियन, एसडीओ और जेई आदि पर लगभग 86 कार्मिकों पर कार्रवाई की गई है। अन्य डिस्कॉम में पॉवर ट्रांसफार्मर फुंकने से संबंधित कार्मिकों की जांच रिपोर्ट मंगाई जा रही है।

- ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था व आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा की
- 70 प्रतिशत से ज्यादा के लोड तथा 30 प्रतिशत से अधिक के लाइन लॉस वाले फीडर व पॉवर ट्रांसफार्मर से संबंधित विद्युत कार्मिकों पर होगी कठोर कार्रवाई
- गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर जिम्मेदार कार्मिकों पर होगी सख्त कार्रवाई



- गर्मी में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रहे, मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की होगी जिम्मेदारी
- पॉवर ट्रांसफार्मर जलने पर संबंधित डिस्कॉम के डायरेक्टर टेक्निकल होंगे जिम्मेदार
- सभी डिस्कॉम के एमडी अधिक लाइन हानियों वाले फीडर की जांच के लिए प्रति सप्ताह स्थलीय भ्रमण करे

## वक्फ संपत्तियों के मुतवल्ली बन गये मालिक : अग्रवाल

**लखनऊ।** 2006 में सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में 4 लाख 50 हजार वक्फ की सम्पत्ति है जिसमें वक्फ जमींन का रकबा 6 लाख एकड़ है। अगर इस जमींन का उपयोग किया जाता है तो 10 प्रतिशत के हिसाब से 12 हजार करोड़ रुपए की वक्फ संपत्तियों से आय होती लेकिन आय हुई केवल 163 करोड़ रुपये। वक्फ संपत्तियों के लिए अधिकांश मुतवल्ली जो बनाए गए थे मालिक बन गए।

- भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजकर वक्फ अधिनियम की देंगे जानकारी

यह बातें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने शनिवार को पार्टी राज्य मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियां अल्लाह को दी गई है, जो कभी बेची नहीं जा सकती थी। ना उनके स्वरूप में बदलाव किया जा सकता था लेकिन मुतवल्लियों ने वक्फ संपत्तियों पर या तो उनके परिवार का या नजदीकी लोगों का नाम चढ़ा दिया। जिन संपत्तियों का किराया एक लाख हो सकता था उन्हें 5000 के किराये पर दे दिया। कुछ धनराशि काले धन के रूप में चुपचाप ले ली गई। यह सब सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हिस्सा है। सच्चर कमेटी ने सरकार से कहा कि मुतवल्लियों और भ्रष्ट अधिकारियों को निलंबित किया जाय। जिन्होंने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा किया है उसे खाली कराइये। देश के स्तर पर एक कॉरपोरेशन बनाइए। वक्फ संपत्तियों का उपयोग करके गरीब मुसलमानों के जीवन को बेहतर बनाईये। 2006-2014 तक देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रही। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट मानने की बात तो दूर कांग्रेस सरकार ने 2013 में इस वक्फ अधिनियम में एक नया संशोधन लाई और वक्फ संपत्तियों की लूट में और छूट दे दी।

संक्षेप

## बेटी की मौत के मामले में डीजी से इंसाफ की फरियाद

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाडपुर निवासी जगमोहन वर्मा की पत्नी गीता देवी ने पुलिस महानिदेशक को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर अपनी बेटी स्वाती की प्रताड़ना के चलते हुई मौत की घटना में इंसाफ की फरियाद की है। पीड़िता ने शिकायती पत्र में कहा है कि बीती चौदह अप्रैल को शाम चार बजे उसकी बेटी जहर खाने से मौत हो गयी। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि मृतका के मोबाइल की छानबीन करने पर गांव के ही एक आरोपी द्वारा मृतका को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की बात सामने आयी है। पीडिता का यह भी आरोप है कि पुलिस ने तहरीर देने पर आरोपियो ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए शिकायती पत्र वापस न लेने पर जानलेवा धमकी दी है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि शिकायती पत्र की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की बाइक बरामद , आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** कोतवाली के उप निरीक्षक सुमित कुमार वर्मा शनिवार सुबह हमराहियो के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने बेलहा चौराहे के पास घेराबंदी करके एक आरोपी को धर दबोचा। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी संकेत सरोज उर्फ अक्का पुत्र हुबलाल निवासी सराय संग्राम सिंह के पास से चोरी की बाइक तथा कूटरचित दो नंबर प्लेट की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## पिलर तोड़ने व मारपीट में आठ पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** पिलर तोड़ने व मारपीट की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के कोड़रा मांदूपुर गांव निवासी रामअधार के पुत्र रामलखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह अप्रैल को गांव के छोटू के पुत्रगण कुंजीलाल व बच्चूलालए वंशीलाल व वंशीलाल के पुत्र विश्वास तथा बच्चूलाल की पत्नी चटकीला व पुत्र नरसिंहए विश्वास की पत्नी सीमा तथा संदीप की पत्नी वंदना एकराय होकर उसके जमीन पर बनाए गए पिलर को तोडने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए मारपीट किया। एसओ अरूण सिंह का कहना है कि मामले में जांच के बाद आठ आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार , भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** कोतवाली के उप निरीक्षक विवेक कुमार शनिवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच दुष्कर्म व पास्को एक्ट के दर्ज मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी के एक स्थान पर खड़े होने की सूचना मिली। उप निरीक्षक ने पुलिस फोर्स के साथ घेराबंदी करके कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर पुलिया के पास से आरोपी सनी उर्फ सन्नी पुत्र श्रीराम निवासी दरियांव का पुरवा जौदहा कोतवाली सलोनए रायबरेली को धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि पकडे गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## सभासद पर सफाई नायक से मारपीट और धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)।** नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत कार्यवाहक सफाई नायक अंकित कुमार ने सभासद प्रदीप गुप्ता पर कुर्सी से मारने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है ।पीड़ित के मुताबिक घटना 20 मार्च की है। आरोप है कि अनुपस्थित सफाई कर्मियों की हाजिरी भरने से मना करने पर सभासद भड़क गए और अधिशासी अधिकारी के चैंबर में घुसकर अंकित से मारपीट की। पीड़ित ने चेयरमैन इमराना बेगम के पति शाहिद उर्फ कल्लू और दामाद हारून पर भी शोषण का आरोप लगाया है ।अंकित की तहरीर पर पुलिस ने सभासद प्रदीप गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम और एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में तहसील भिनगा में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से सुना तथा उनका निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया इस दौरान जिलाधिकारी ने 06 शिकायतों का तुरंत मौके पर निस्तारण कराया। जिसमें

● डीएम ने कैंसर पीड़ित के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कराने का दिलाया

प्रार्थिनी रेनू पाठक पत्नी सन्तोष कुमार पाठक निवासी ग्राम शुकुलपुरवा, मोहम्मदपुर कला तहसील भिनगा के द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनके पति सन्तोष कैंसर बीमारी से पीड़ित है। प्रार्थी का इलाज कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिस्ट इंस्टीट्यूट लखनऊ में चल रहा है। जिस पर प्रार्थिनी द्वारा जिलाधिकारी महोदय से मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष द्वारा ईलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु गुहार लगायी।

जिस पर जिलाधिकारी ने कैंसर पीड़ित के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान कराने का भरोसा दिलाया तथा वहीं मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी को तत्काल कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।

इसके अलावा ग्राम गोड़पुरवा के कई निवासियों द्वारा प्रार्थना पत्र देकर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उनके गांव में काफी पुराने समय से आने-जाने का रास्ता था, जिस पर सी0सी0 रोड का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन कुछ अराजक तत्वों द्वारा मार्ग के बनाने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल सम्बन्धित को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर कार्यवाही की जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं सुचितापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समस्त उपजिलाधिकारी स्वयं लंबित शिकायतों की समीक्षा करते रहे, ताकि कोई भी प्रकरण लंबित न रहने पाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस भिनगा में कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस जमुनहा में 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील इकौना में कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अशोक कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के0पी0 अधिकारीएवं सिरसिया रामबरन सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी और एसपी ने सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता

बलरामपुर ।जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार ,पांच फरार



**मेरठ।** ऑन डिमांड नोएडा ,दिल्ली ,गुड़गांव से लग्जरी गाड़ी चोरी कर कार के फर्जी कागजात तैयार कर चेसिस नंबर तथा नंबर प्लेट बदलकर 5 से 10 लाख रुपए में पंजाब ,कोलकाता ,रांची ,सिलीगुड़ी, बेंगलुरु सहित पूरे देश में गाड़ी बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर

● छह लग्जरी गाड़ियां एक तमंचा बरामद, एसीएम पैड की मदद से करते थे लग्जरी गाड़ियों की चोरी

विपिन ताडा के दिशा निदेर्शों तथा पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में थाना नौचंदी पुलिस तथा नगर स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक मुठभेड़ के बाद शंभू दास गेट के निकट से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।गिरफ्तार चार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की फॉर्च्यूनर ,थार ,इनोवा ,ब्रेजा, बलेनो सहित 6 लग्जरी गाड़ियों तथा एक तमंचा बरामद किया है। इस गैंग के फरार पांच सदस्यों की पुलिस को सरगर्मी से तलाश है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया लग्जरी गाड़ियों की चोरी करने वाला यह गैंग पहले रैकी करता था उसके बाद शीशा तोड़कर ए सी एम पैड के साथ शिक्षित कुछ साथियों की मदद से लग्जरी गाड़ियों को चोरी किया जाता था। यह पैड गाड़ियों की बड़ी एजेंसी पर उपलब्ध रहता है जो चीन से लगभग ?3 लाख में आता है अब पुलिस चेकिंग के दौरान इस पैड पर भी नजर रखेगी । पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पूरे भारतवर्ष में चोरी की लग्जरी गाड़ियों को बेचने वाला आरोपी मेरठ के थाना दिल्ली गेट निवासी उजैर है जो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। गिरफ्तार बदमाशों में मेरठ के थाना देहली गेट खैर नगर निवासी विलाल ,थाना खरखौदा निवासी इसतयाक ,बागपत के अमीनगर सराय थाना के गांव हिसावदा निवासी तुषार उर्फ दीपू सदर बाजार का जफर शामिल है ।वही फरार बदमाशों में फरजान ,उजैर, शिवनाथ, वसीम, राशिद की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के मुताबिक पंजाब में विनय मित्तल चोरी की लग्जरी गाड़ियों को बेचता है वही बप्पा गोस्वामी रांची ,कोलकाता ,बेंगलुरु में सप्लाई करता है जिसकी एवज में 30 से 35 हजार रुपए ऑन डिमांड लग्जरी कार चोरी करने वाले गिरोह से लेता है ।पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि चोरी की लक्जरी गाड़ियां खरीदने वाले ग्राहकों को भी इस बात की जानकारी होती थी कि जिस गाड़ी को वह खरीद रहे हैं वह गाड़ी चोरी की है लेकिन उसके बावजूद भी वह कम कीमत पर लग्जरी कारों को खरीद लेते थे। पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है ।वहीं उन्होंने इस बात से भी इनकार नहीं किया की लग्जरी गाड़ियों को चोरी करने में जिस पैड़ की मदद ली जाती थी उस उपकरण को चलाने में शिक्षित आरोपी भी जुड़े हुए हैं ,इस मामले पर भी वह जांच कर रहे हैं। इस गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने ?25000 का इनाम देने की घोषणा की है। बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थाना नौचंदी प्रभारी इलम सिंह ,उप निरीक्षक दुष्यंत शर्मा, कुलदीप सिंह, मुकेश कुमार ,स्वाट नगर टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार शर्मा तथा उनके साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# भगवान भक्त की निर्मल आराधना पर हुआ करते हैं प्रसन्न: श्रीराघव रामानुजदास



**प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास आचार्य श्रीराघव रामानुजदास जी ने

● नगर में हो रही भागवत कथा में उमडे श्रद्धालु

भगवान की आराधना के लिए न तो धन की आवश्यकता होती है और न ही वैभव की। उन्होने कहा कि भगवान की आराधना केवल मनोभाव की निर्मलता से ही मंगलदायी हुआ करती है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सर्वसमर्थ है और वह अपने स्वरूपानंद से परिपूर्ण हैं। रामानुजदास जी ने कहा कि भक्त की भावना से भगवान पूजा को स्वीकार करते है और किसी न किसी रूप में भक्ति की मनोकामना को पूर्ण करते है। उन्होने कहा कि गोविंद राधे भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कभी भी निष्फल नही हुआ करती। उन्होने बताया कि भक्त को प्रभु के आनन्द स्वरूप का दर्शन कर यथायोग रूप में अपनी विशुद्ध पूजा समर्पित करनी चाहिए। कथा के संयोजक पं० शिवकृपाल शुक्ल व श्रीकृष्ण शुक्ल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर विद्याकांत मिश्रए विनोद मिश्रए आचार्य दिवाकर नाथ शुक्ल, केशवराम ओझा, भानु प्रताप सिंह, दिनकरनाथ शुक्लए सदाशिव पाण्डेय, सभासद कैलाशनाथ तिवारी, राजकुमार विश्वकर्मा, धर्मराज पाण्डेय, मनोज श्रीवास्तव, शिवदीप मिश्र, शास्त्री सौरभ, डॉ० श्यामदुलारी सिंह, केतकी पाण्डेय,सत्यवती शुक्लाए, निष्ठा शुक्ला, दिव्या द्विवेदी, साक्षी द्विवेदीए राज शुक्ल आदि रहे।

## पीड़ितों के साथ खड़े दिखे सपा नेता मोनू




**बांसी सिद्धार्थनगर ।** बांसी नगर पालिका क्षेत्र के राप्ती नगर स्थित पुरानी मंगल बाजार/ रामलीला मैदान में प्रशासन द्वारा चिन्हित अवैध कब्जेदारों के कब्जे को बुलडोजर द्वारा हटाने की प्रकिया सारी तैयारियों के बावजूद फिलहाल शनिवार को शुरू नहीं हुई।

बांसी विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी रहे मोनू दूबे ने शनिवार को ऐन मौके पर पहुँच कर राजस्व टीम द्वारा पूर्व में की गई भूमि की नापजोख पर ही सवाल खडा कर दिया। एडीएम गौरव श्रीवास्तव व क्षेत्रीय विधायक राजा जयप्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में पीडितों/ कथित अवैध कब्जा धारकों के साथ पहुंचे मोनू दूबे ने पीडितों के पक्ष से रामलीला मैदान की शांति पूर्ण व पारदर्शी तरीके से पक्षकारों की मौजूदगी में दुबारा पैमाइश कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि पीडितों के पास मौजूद दस्तावेजों के मद्देनजर पारदर्शी तरीके से दुबारा पैमाइश कराए बिना प्रशासन द्वारा मनमानी तरीके से बुलडोजर ऐक्शन के विरोध स्वरूप वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध व प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने प्रशासन से पक्षकारों की मौजूदगी में विधि मान्य तरीके से दुबारा पैमाइश व चिन्हांकन की मांग किया है।

# डीएम और एसपी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का किया स्थलीय निरीक्षण



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने नगर पालिका परिषद भिनगा के अन्तर्गत स्थित कई सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने तहसील भिनगा के सामने स्थित भूमि, बन्धन बैंक के सामने, दहाना बस स्टैण्ड के पास एवं रेंजरी के निकट स्थित भूमि का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी भिनगा एवं अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए यथाशीघ्र अतिक्रमण खाली कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आशीष भारद्वाज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा डा0 अनीता शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास



**सिद्धार्थनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी व थाना बांसी पुलिस के साथ परशुराम जयन्ती तथा शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कस्बा बांसी मे पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया *

19.अप्रैल को सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा परशुराम जयन्ती व कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना बांसी के कस्बा बांसी में पैदल गस्त किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया ।इस दौरान मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी, संतोष कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक बांसी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## छः सौ अधिवक्ता संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में करेंगे मतदान

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में इस वर्ष दीवानी एवं तहसील में विधि व्यवसाय करने वाले छः सौ अधिवक्ता मतदान कर सकेंगे। चुनाव समिति की हुई बैठक में शनिवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची के प्रकाशन होते ही तहसील परिसर में चुनाव गहमागहमी का माहौल सरगर्म भी दिखा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि रविवार को नामांकन पत्रों का चुनाव समिति कार्यालय में पूर्वान्ह ग्यारह बजे से एक बजे तक वितरण किया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आपत्तियों के निस्तारण के बाद अर्ह न पाए जाने वाले तिरान्नवे सदस्यता आवेदन पत्रों को निरस्त किया गया है। चुनाव में कुल अड़तालिस नये आवेदन पत्रों को मंजूरी समिति द्वारा दी गयी है। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्रए शिवाकांत उपाध्यायए वीरेन्द्र सिंहए अजय शुक्ल गुडडूए रामलगन यादवए प्रमोद सिंहए कमलेश तिवारीए रमेश पाण्डेयए करूणाशंकर मिश्रए इरफानए राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में पांच का निस्तारण

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में लालगंज तहसील सभागार में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व एसडीएम ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में एक सौ बीस शिकायतों में पांच का अफसरों ने निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की पचासए पुलिस सत्ताईसए विकास सातए विद्युत विभाग तीनए आपूर्ति पांच व अन्य विभागों की अटठाईस रही। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए जमीनी विवाद में राजस्व एवं पुलिसकर्मियों की टीम से पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने समीक्षा बैठक में समाधान दिवस की शिकायतो के निस्तारण में लापरवाही पर कई राजस्व निरीक्षको व लेखपालो को फटकार भी लगायी। संचालन प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार ने किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकरए अधिशाषी अधिकारी अभय रंजनए बीडीओ लालगंज मानवेंद्र शर्माए पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्लाए अधीक्षक डाण अरविन्द गुप्ता आदि रहे।

## कथा को लेकर निकली कलश यात्रा हुई पुष्पवर्षा



**प्रतापगढ़।** जलेशरगंज क्षेत्र के पनखरी गांव में श्रीमदभागवत कथा को लेकर शनिवार की सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथाव्यास दण्डीस्वामी श्री विनोदानन्द जी महराज के नेतृत्व में कलश यात्रा विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर श्रीराधेकृष्ण नाम जाप कर मधुर संकीर्तन भी करती दिखी। वहीं श्रद्धालु द्वारिकाधीश के जयघोष में मगन दिखे। संयोजक रामदुलारे यादव ने दण्डीस्वामी विनोदानंद जी का सम्मान किया। इस मौके पर पुत्तीलाल, अशोक कुमार,अजय कुमार, धनपत देवी, रामकृष्ण द्विवेदी, बबलू शुक्ला,रामगरीब मौर्य, प्रदीप,हरिश्चंद्रए राकेश आदि रहे।

## मोना के जन्मदिन पर आज होगा सशक्तीकरण सम्मान

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर आज रविवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में सशक्तीकरण सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यान्ह बारह बजे से आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## अवैध कच्ची शराब बरामद




**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गोविन्द कुमार के कुशल नेतृत्व मे- थाना जरवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सहजराम पुत्र विपत निवासी विश्रामपुर थाना को0 जरवा

. राजकुमार पुत्र काशीराम निवासी रामपुर विश्रामपुर थाना को0 जरवा के कब्जे से क्रमशः दो बोरे में क्रमशः 24-24 पन्नियों में जो प्रत्येक 750 एम. एल. कुल 18-18 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है

## पथरा बाजार थानाध्यक्ष भाग्यवती के कड़ाई के चलते अपराधियों के उड़े होश, कईयो पर हुई कार्यवाही

सिद्धार्थनगर। जिले के पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील पथरा थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने पैदल गश्त करते हुए रात्रि गश्त की रफ्तार तेज किया गया है, पुलिस के पैदल एवं रात्रि गश्त की रफ्तार तेज किए जाने की वजह से आसामाजिक तत्त्वों के होश उड़े है ,वहीं आम जनमानस को पुलिस सुरक्षा का यहशास भी कराया जा रहा ह

ै, स्वभाव की सरल व अपराधियों की सख्त विरोधी समझे जाने वाली पथरा बाजार थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के कड़ाई के चलते औआसामाजिक तत्त्वों में पुलिस के खौफ का माहौल देखा जा रहा है,तो वही कई आसामाजिक तत्त्वों को गिरफ्तार कर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर व विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय/ जेल भेजा गया है , पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय द्वारा सुरक्षा व कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने के लिए जगह छापे मारी की जा रही है,इतना ही नहीं समय समय पर मिली सूचना के अनुसार पथरा बाजार थानाध्यक्ष द्वारा अपराधियों के धड़ पकड़ अभियान के तहत संदिग्ध स्थानों का औचक निरीक्षण व छापेमारी किया जा रहा है जिससे अपराधियों के मंसूबों पर पानी फिरने के साथ हौसले पस्त दिखाई दे रहे हैं, वहीं आम जनमानस को पुलिस सुरक्षा का यहशास भी हुआ है , जो कि थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक का उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है।

जनहित में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने आम जनमानस से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपराधियों के विरुद्ध किए जाने रहे पुलिस कार्यवाही में सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील भी किया गया है।

संक्षेप

## दो बाइकों की टक्कर तीन की मौत

**इटावा।** थाना सहसो क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। फूप चैरेला मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पहली बाइक पर बिठौली थाना के गांव बिहार निवासी दीपू सविता (28) अपनी भाभी संध्या देवी 30 और भतीजे अनुराग बाबू 8 के साथ सवार थे। वे हनुमन्त चैराहे से बारात के लिए जूते खरीदकर लौट रहे थे दूसरी बाइक पर चकरनगर थाना के नगला चैप गांव के अभिषेक यादव 28 और कमल यादव 28 जालौन से निमंत्रण खाकर लौट रहे थे दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर में अनुराग बाबू और अभिषेक यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में संध्या देवी, दीपू और कमल यादव गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को पहले सीएचसी राजपुर ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल रिफर किया गया जहां कमल यादव को भी मृत घोषित कर दिया गया। संध्या देवी और दीपू को गंभीर हालत में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिअी रेफर किया गया है। जिला अस्पताल के डाक्टर राहुल बाबू ने हादसे की पुष्टि की। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कार रजवाहे में गिरी छह लोग घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** सैफई सड़क मार्ग पर मोहनपुर गांव के पास शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। भतीजे की शादी के बाद रिश्तेदारों को मैनपुरी रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन से जाने के लिए छोड़ने जा रहे एक व्यक्ति की ओमनी कार झपकी आने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बम्बा में जा गिरी उस हादसे में छह लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाल कर मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कार चला रहे गाँव नगला नारिया के रहने वाले तुलसी राम का 40 वर्षीय पुत्र अमोल कुमार शुक्रवार को भतीजे की शादी संपन्न होने के बाद शनिवार सुबह रिश्तेदारों को छोड़ने जा रहे थे। ओमनी कार में ओमकार 50 वर्षीय पुत्र खुशीराम निवासी खडनावेद थाना शमशाबाद जिला फरुर्खाबाद, हिरदेश कुमार 29 वर्षीय पुत्र सीताराम, उसकी पत्नी आशा 30 वर्षीय, निकेता 21 वर्षीय और दीपांशी 20 वर्षीय पुत्रियां वेद प्रकाश निवासी गणेशपुर थाना गंजडुंडवारा जिला कासगंज सवार थीं। जैसे ही कार मोहनपुर गांव के पास पहुंची, चालक अमोल को अचानक झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर रफ्तार में रजवाह में जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार सवारों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सैफई मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

## स्विमिंग पूल में डूबने से बालक की मौत

**महेवा, इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत अहेरीपुर क्षेत्र में संचालित एक स्विमिंग पूल में पंद्रह वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गई बालक के डूबने के बाद स्विमिंग पूल संचालक बालक को लेकर आनन फानन में महेवा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया इसके बाद बालक को लेकर आने वाले लोग अस्पताल से गायब हो गए। अहेरीपुर चैकी क्षेत्र के गांव जगमोहनपुर के निकट संचालित एक स्विमिंग पूल में शनिवार की दोपहर करीब दो बजे के करीब एक पंद्रह वर्षीय बालक की डूब गया जिसकी सूचना पर संचालक बालक को लेकर महेवा सी एच सी ले आए जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया लाने वाले सभी लोग अस्पताल से तुरंत गायब हो गए। अस्पताल प्रशासन ने मृत बालक की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अहेरीपुर ने मौके पर पहुंचकर बालक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृत बालक की पहचान नहीं हो सकी वही पुलिस की फील्ड यूनिट भी घटना की तथा मृत बालक की जांच हेतु बुलाई गई।

## सूचना

पहले मेरा नाम विवेक कुमार था, अब मैंने अपना नाम बदलकर विवेक कुमार त्रिपाठी रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाये। Vivek Kumar Tripathi S/o Triloki Nath Tripathi, Vill- Laxman nagar, Fatuhapur, PO.-Fatuhapur, Thana Sonwa Shrawasti.

# परिवारवादियों को स्वीकार्य नहीं सबका साथ-सबका विकास

## खुद और परिवार तक सीमित रहीं पिछली सरकारें, नतीजा यूपी के सामने था पहचान का संकट : सीएम



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के कई नेताओं का नाम लिए बिना उन पर करारा शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि जिन लोगों के अंतःकरण में तानाशाही और अधिनायकवादी भाव है वह विकास को पनपते हुए, आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। ऐसे लोग अपना और अपने परिवार का विकास चाहते हैं और इन लोगों को ₹सबका साथ-सबका विकास₹ स्वीकार्य नहीं है। ऐसी विचारधारा के लोगों ने 1975 में आपातकाल लागू कर मीडिया पर सेंसर लगाया था और आज भी समय-समय पर मीडिया के विरोध लेकर फतवे जारी करते रहते हैं।

रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित एक होटल के सभागार में सीएम योगी शनिवार सुबह एक प्रमुख मीडिया समूह के ह्यउत्सव अभिव्यक्ति काह्व कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने खुद को परिवार तक सीमित रखा। अपना और परिवार का ही विकास किया। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता नहीं दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी के नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। पिछली सरकारों में किसान आत्महत्या करने को मजबूर रहे, गरीब भूख से मरते रहे, महिलाओं और व्यापारियों को असुरक्षा का शिकार होना पड़ा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हुए आज का उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले तक यूपी को बीमारू राज्य और विकास में बैरियर माना जाता था, जबकि आज यह विरासत और विकास की शानदार यात्रा का एक बेहतरीन मॉडल बन गया है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2017 तक आजादी के बाद की 70 सालों की यात्रा में यूपी की अर्थव्यवस्था 12.75 लाख करोड़ रुपये थी। जबकि डबल इंजन सरकार में महज 8 वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ रुपये की हो गई है। इसी प्रकार 2017 में प्रति व्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी। यह बढ़कर 1.10 लाख रुपये हो गई है। विरासत के संरक्षण, जनकल्याण और विकास की यूपी की यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया जबकि 2017 के बाद आई डबल इंजन सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज देकर इस राज्य की पहचान को बहाल कराया है।

सीएम योगी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की सामान्य भी जानकारी रखने वालों को पता होगा कि जब देश आजाद हुआ था तब उत्तर प्रदेश टॉप की अर्थव्यवस्था था लेकिन आजादी के बाद सरकारों के रवैये से इसकी अर्थव्यवस्था नीचे गिरती गई। 1947 से 50 के आसपास यूपी की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से अधिक थी लेकिन 2017 में यह राष्ट्रीय औसत के एक तिहाई पर आ गई। 2017 से सरकार ने प्रयास शुरू किए तो आज उत्तर प्रदेश की पहचान देश की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 के पूर्व एक एक्सप्रेसवे था जबकि आठ सालों में छह एक्सप्रेसवे बन गए हैं और सात पर काम चल रहा है। 2017 के पहले सिर्फ एक सिटी में मेट्रो ट्रेन थी, आज छह शहरों में मेट्रो की सेवा है। हाइवे का सबसे बड़ा नेटवर्क आज यूपी में है। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी बेहतरीन है। पहली रैपिड रेल और पहले इनलैंड वाटरवे की सेवा यूपी ने शुरू की है।

**पहचान का संकट इस कदर को मंत्री को लौटना पड़ा था बैरंग**

सीएम योगी ने 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए कहा कि तब पहचान का संकट इस कदर था कि यूपी के कई जिलों के नाम पर बाहर धर्मशाला में कमरा तक नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में यूपी के एक मंत्री विदेश दौरे पर गए थे। यूपी के नाम पर जांच-तलाशी के लिए एयरपोर्ट पर उन्हें नंगा करके खड़ा कर दिया गया। उन्हें बैरंग वापस आना पड़ा था।

**सिर्फ नारा, सामर्थ्य का मंत्र है सबका साथ-सबका विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सबका साथ-सबका विकास सिर्फ नारा नहीं बल्कि सामर्थ्य का मंत्र है। समग्र विकास की यात्रा के लिए साथ-साथ चलना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। जब वह पीएम बने थे तब भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था है जबकि आज उनके नेतृत्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। अगले दो वर्ष में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक पीएम मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत की जो संकल्पना की है, उसके लिए सामने आने वाली चुनौतियों का सामना मिलकर करना होगा।

**गोरखपुर अब बदनाम नहीं, सशक्त पहचान वाला जिला**

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पूर्व के गोरखपुर के सामने पहचान का संकट था। कनेक्टिविटी का अभाव था, युवाओं के सामने पलायन की मजबूरी थी, अव्यवस्था का दौर था, उद्योग बंद हो रहे थे, जिला बाढ़ और मलेरिया-इंसेफेलाइटिस जैसी तमाम बीमारियों की चपेट में था। एक दौर वह भी था जब गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश माफिया के गैंगवार की चपेट में था। जबकि 2017 के बाद इसकी पहचान इतनी सशक्त हो चुकी है कि आज कोई भी गोरखपुर को माफिया से जोड़कर बदनाम नहीं कर सकता है। कोई अब गोरखपुर को बीमारी का अड्डा नहीं बोलता है। यहां अब नौजवानों के पलायन की बात नहीं होती है। आज गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवान पहचान के मोहताज नहीं हैं। आज के गोरखपुर की पहचान देश और दुनिया में है।

# डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत, चार लोग घायल

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की अलख सुबह 4 बजे टूचैन कर रहे दो डंपरों में पीछे से दौड़े आए एक अन्य डंपर ने जोरदार टक्कर मारदी, जिसमें टूचैन कर रहे डंपर चालक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य चालक दो क्लीनर समेत चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा सुरक्षा कर्मी समेत भरथना पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को इलाज के लिए यूपीडा की एम्ब्युलेंस से सैंफई पीजीआई भेजा गया जहां चिकित्सकों ने एक चालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए जनपद मैनपुरी थाना वेवर कुसमरा के ग्राम एमालपुर निवासी रविश कुमार 32 वर्ष पुत्र रामगोपाल ने बताया कि वह अपने साथी अखिलेश शुक्ला 28 वर्ष पुत्र राधेश्याम शुक्ला निवासी ग्राम एमालपुर व अवधेश यादव 30 वर्ष पुत्र जसराम यादव निवासी ग्राम गोकुलपुरा थाना ऊसराहार इटावा और बिट्टू सिंह 30 वर्ष पुत्र तुलाराम निवासी महामनाबाद थाना डकोर जनपद जालौन सौरभ अहिरवार 32 पुत्र उमाशंकर निवासी परी झपरी थाना बड़ा गांव जनपद झांसी के साथ एक अन्य खराब डंपर की टूचैन कर दो डंपरों के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर आगरा की ओर जा रहे थे, शनिवार की सुबह करीब 4 बजे जैसे ही वे बुलंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलो मीटर 284 के निकट पहुंच इसी बीच डंपर की टूचैन ढीली हो गई थी, किसी मौजूद सभी लोग ढीली टूचैन को ठीक कर रहे थे, इसी बीच पीछे से अनियंत्रित तेज रफ्तार आए एक डंपर ने उनके टूचैन वाले डंपर में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वे सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही यूपीडा और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आनन फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए यूपीडा की एम्ब्युलेंस से सैंफई के पीजीआई भिजवाया जहां चिकित्सक ने चालक अखिलेश शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। शेष अन्य सभी चार घायलों का इलाज जारी है। सड़क हादसा में चालक अखिलेश शुक्ला की मौत की खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# गौवंश तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार



**इटावा।** गौवंश की तस्करी करने वाले 20 हजार रु. के इनामी अभियुक्त को पुलिस मुठभेड में पुलिस ने किया गिरफ्तार। उनके कब्जे से मोटर साइकिल अपाचे जनपद मैनपुरी से चोरी, तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस व 3 खोखा कारतूस 315 बोर, मोबाइल किया बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना चैबिया पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विपिन मलिक थाना चैबिया, उ.नि. मो. शकील, उ.नि. मुकुन्द लाल रहे।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 28 मार्च को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के किलोमीटर पर टाटा कन्टेनर क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला जिसके बाद ट्रक की बॉडी तोड़कर देखा गया तो उसके अन्दर से 20 गौवंश बरामद हुये जिसमें से 2 सांड मृत पाये गये। चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत 18 गौवंशों को गौशाला में भिजवाया गया। जिसके संबंध में थाना चैबिया पुलिस द्वारा ट्रक को सीज कर पशु तस्करी करने के संबंध में थाना चैबिया पर पशु क्रूरता अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। 18 अप्रैल की रात को थाना चैबिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत उनवा अन्डर पास पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मोटर साइकिल आती हुयी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया एवं मोटर साइकिल को नीवासई की ओर लेकर भाग गये। जिस पर पुलिस टीम द्वारा जरिये दूरभाष द्वितीय थाना मोबाइल को अवगत कराते हुए मोटर साइकिल का पीछा किया गया। इसी दौरान नीवासई अंडर पास सर्विस रोड के पास मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा स्वयं को दोनों ओर से पुलिस टीमों से घिरता देख पुलिस टीम पर पुनः फायर किया गया। जिसकी गोली थानाध्यक्ष चैबिया की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी एवं 1 गोली बायें हाथ में लगी, जिस पर आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी तो 1 गोली मुन्तजीम पुत्र खलील के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में 1 तमंचा, 2 जिंदा व 3 खोखा कारतूस 315 बोर, मोटर साइकिल अपाचे सहित काकरपुर तिराहे से नीवासई की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने इनामियां को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रूपए इनाम दिए।

# मई तक पूरा करें गोड़धोइया नाला परियोजना : सीएम योगी

- शहर की एक बड़ी आबादी को जलजमाव, गंदगी, बीमारियों से निजात दिलायेगी ये परियोजना



**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए मई तक इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूर्ण हो जाने से शहर के उत्तरी क्षेत्र के लोगों को जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी। यह स्वच्छता, ग्रीनरी का भी प्रतिमान बनेगा।

जेल बाईपास के समीप स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री ने वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद नाले के समीप जाकर वाटर लेवल के बारे में पूछा। निरीक्षण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि गोड़धोइया नाला का सिकुड़ा स्वरूप आधा गोरखपुर के लिए जलजमाव का सबसे बड़ा कारण था। पहले यह नाला पूरे उत्तर क्षेत्र के बरसाती जल की निकासी का माध्यम था। पर, धीरे-धीरे करके वह सिकुड़ता गया। उसके बाद उसमें सिल्ट जमा हो गया। कभी सफाई नहीं हुई। मकान बनते गए और एक समय ऐसा आ गया कि जब बरसात होती थी तो नाले के शुरूआती स्थल मेडिकल कॉलेज के आगे से मोहद्दीपुर तक जलजमाव ही दिखता था। उन्होंने कहा कि राप्तीनगर, बिछिया, मैत्रिपुरम और आसपास के क्षेत्र में खूब जलजमाव होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलजमाव और गंदगी और गंदगी इनसे जनित होने वाली बीमारियों का भी कारण बनता था। इसलिए सरकार ने इस नाले को लेकर एक परियोजना बनाई। उन्होंने कहा कि जब कोई निर्माण होता है तो तात्कालिक रूप से कुछ लोगों को परेशानी होती है। पर, जब यह परियोजना पूरी हो जाएगी तब जलनिकासी की समस्या का समाधान हो जाएगा। यहां सीवर लाइन भी बिछ रही है और जहां जगह मिल रहा वहां सड़क भी बन रही है। इसके साथ ही इसे ग्रीनरी और व्यापक सुंदरीकरण के साथ भी जोड़कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जो लोग यहां गंदगी और बदबू के कारण इधर आने में हिचकते थे अब उनका संकोच दूर हो जाएगा। सीएम ने कहा कि जल निगम और स्थानीय प्रशासन ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मई तक इसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। जहां वाटर डायवर्जन को दिक्कत आएगी, वहां कच्चे मार्ग से इसका समाधान किया जाएगा। कोशिश हो रही है कि बरसात के पहले यह परियोजना जलनिकासी का बेहतरीन माध्यम बन जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ सांसद रविकिशन, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव और कई पार्षद तथा भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गगहा में मिनी स्टेडियम बनाने की मांग

**गगहा, गोरखपुर।** गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल में स्थित गगहा की वालीबाल प्रतियोगिता में एक अलग पहचान है जहां जिला, ब्लाक व प्रदेश नहीं अपितु आल इंडिया वालीबाल प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग के खिलाडी भाग लेते हैं इसका शुभारंभ पूर्वजों द्वारा 1950 में किया गया था जिसे आज भी गगहा के युवा साथी अपनी पुर्वजों की धरोहर को संजोए हुए और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। गगहा का जू हाई स्कूल के प्रांगण में असीम ऊर्जा है इस प्रांगण ने सैकड़ों खिलाड़ियों को जन्म दिया जो खेल में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रदेश व आल इंडिया के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय वालीबाल में अपना अहं योगदान देते हुए इस मिट्टी की नाम रोशन किए हैं इसी खेल की बदौलत सैकड़ों खिलाडी सरकारी नौकरियों में अपना योगदान दे चुके हैं या दे रहें हैं।

# डीएम-एसएसपी ने सुनीं ससमयाएं, किया निस्तारण

जिला संवाददाता (vol)



**जसवंतनगर, इटावा।** ।शनिवार को मॉडल तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला की अध्यक्षता में जनसमस्याएं सुनी गईं। डीएम के आगमन की सूचना पर समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय क्षेत्रों सहित दूर-दराज के गांवों से आए कुल 21 शिकायतकताओं ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, लेकिन मौके पर केवल 3 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका।

नगर के मोहल्ला शालिग्राम निवासी राजेश कुमार, सिंह, विपिन आदि ने आरोप लगाया कि उनके मोहल्ले में दबंगों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई। नगर निवासी सुरेश गुप्ता ने लुधपुरा कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला की बदहाल व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि केयर टेकरों की लापरवाही के कारण गौवंशों को समय पर चारा-पानी नहीं मिल पाता, जिससे प्रतिदिन एक गाय की मृत्यु हो जाती है। यादवनगर निवासी आशुतोष ने शिकायत की कि ग्राम पंचायत धनुआ में स्थित उनकी कृषि भूमि पर दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। उन्होंने भूमि की पैमाइश कराकर न्याय दिलाने की मांग की। फुलरई के प्रधान वीर सिंह ने तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की, जबकि मलाजनी के बीरेंद्र सिंह ने अपनी पट्टे की भूमि पर कब्जे से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। बनकटी बुजुर्ग निवासी नर सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी भूमि का फर्जी बैनामा कर कब्जा कर लिया गया है। भीखनपुर की मीरा देवी ने बिजली का बिल अधिक आने की शिकायत करते हुए बिल में संशोधन की मांग की। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतें आईं, जिनमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से थीं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण गंभीरता से व समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह वर्मा, सीएमओ डा. ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, तहसीलदार दिलीप कुमार सहित तहसील व जिलास्तर के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बी.फार्मा छात्रों ने किया औद्योगिक दौरा




**जसवंतनगर, इटावा।** स्थित चैधरी सुघर सिंह फामेर्सी कॉलेज के बी.फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के बद्दी में स्थित एक प्रतिष्ठित फार्मास्युटिकल कंपनी में इंडस्ट्रियल विजिट किया। इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मा उद्योग की व्यावहारिक जानकारी देना था। दौरे के दौरान कंपनी के प्रोडक्शन मैनेजर ने छात्रों को फार्मा इंडस्ट्री की प्रमुख प्रक्रियाओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने मशीनरी संचालन का लाइव डेमोंस्ट्रेशन देखा और उत्पादन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा। साथ ही प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी एश्योरेंस और इन्वेंटरी मैनेजमेंट जैसे विभागों की कार्यप्रणाली और तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि छात्रों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि उद्योग से जुड़ी व्यावहारिक समझ देना कॉलेज का उद्देश्य है। वहीं, कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव ने इस सफल विजिट पर छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि रोजगारोन्मुख शिक्षा के लिए अकादमिक और औद्योगिक जगत के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है। यह इंडस्ट्रियल विजिट विद्यार्थियों के लिए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक अनुभव में बदलने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुई, जिससे उनके आत्मविश्वास और करियर की दिशा को मजबूती मिली।

## ढाबा पर युवक को मारपीट कर किया घायल

**बकेवर, इटावा।** आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर ग्राम सरायमिठ्ठे के पास एक ढावा पर बैठे एक युवक को दो बाइक सवार चार लोगो मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया। ग्राम सरायमिठ्ठे निवासी सौरभ कुमार पुत्र गोविन्द सिंह पाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह शुक्रवार की रात आगरा कानपुर नेशनल हाइवे स्थित एक ढावा पर बैठा था कि उसी समय दो बाइको पर सवार होकर चार लोग आये और देखते ही गाली-गलौज करने लगे जब युवक ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपितो ने युवक को मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया युवक की चीख पुकार सुनकर ढावा में बैठे लोग मौके पर बचाने पहुँचे तो हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित घायल सौरभ को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजने के बाद अवनीश पाल व जगदीश पाल निवासीगण ग्राम सराय मिठ्ठे थाना बकेवर इटावा के अलावा दो व्यक्ति नामपता अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

## बिजली चोरी की जांच करने गयी टीम पर हमला, चार कर्मचारी घायल, मोबाइल छीने

**इटावा।** थाना बसरेहर क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। यह घटना ग्राम अयारा लोहिया के मजरा राजपुर में शुक्रवार दोपहर को हुई। टीम बकाया वसूली और बिजली चोरी की जांच के लिए गई थी। जेई अजय पाल के अनुसार टीम दोपहर 3 बजे गांव पहुंची थी। गांव में 50 घरों से केवल 10 में वैध कनेक्शन है। एक उपभोक्ता पर 1.47 लाख रूपए बकाया है। जांच में पता चला कि 15 घरों में बिजली की चोरी हो रही थी। टीम ने जब चोरी का वीडियो बनाना शुरू किया तो ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने टीम के मोबाइल छीन लिए और वीडियो डिलीट कर दिए। टीम के सदस्य जान बचाकर खेतों में की ओर भागे। हमले में अजय, राजेश, अमित व शिवम घायल हुए है। पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण करवाया है। बिजली विभाग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि दोषियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के दौरान टीम की बाइक मौके पर छूट गई थी जिसे पुलिस ने बाद में टीम को वापस दिला दिया।

## हज यात्रियों का ट्रेनिंग कैम्प आज

**इटावा।** इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का ट्रेनिंग कैम्प 20 अप्रैल इतवार को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज उर्दू मोहल्ला में आयोजित होगा। इस कैम्प में जनपद इटावा के अलावा फिरोजाबाद, मैनपुरी, औरैया, कन्नौज, एटा, कासगंज, फरूर्खाबाद व ग्वालियर आदि जनपदों से हज यात्रा पर जाने वाले हाजी साहिबान को हज यात्रा के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई के मास्टर ट्रेनर मौलाना सैयद आलम मुस्तफा याकूबी साहब मुख ट्रेनर के रूप में हिस्सा लेंगे। उक्त आशय की जानकारी नोडल अधिकारी हज सहायता केंद्र मौलाना तारिक शम्सी ने देते हुए सभी हज यात्रियों से प्रतिभाग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जनपद इटावा से जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण कार्यक्रम 21 अप्रैल को मदरसा अरबिया कुरानिया कटरा शहाब खां पंजाबी मोहल्ला में सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया है।

## श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के लिए निकली भव्य कलश यात्रा



**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा विकास खण्ड के गरयाकोल गांव स्थित आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के निमित्त शनिवार को हाथी घोड़े व गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकल गई। कलश यात्रा में पताका और भगवाध्वज यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु सर पर जल से भरा हुआ कलश रखकर जय श्री राम, जय श्री हनुमान के जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा गरयाकोल गांव स्थित कथा स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा रवाना हुई। जो रियांव होते हुए गरयाकोल गांव स्थित कथा स्थल पर पहुंची। यहां पर आचार्य अवनिंद्र शुक्ला ने विधिवत पूजन कराया। इसके बाद श्रद्धालु कलश में जल भरकर मंदिर स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया ।यजमान पुर्व प्रधानाध्यापक राजेन्द्र बहादुर राठौर ने कलश यात्रा में सम्मिलित हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। नौ दिनों तक यहां यज्ञ और मथुरा वृंदावन से पधारे कथा वाचक पूज्य श्री अनुभव कृष्ण जी महाराज के द्वारा श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।

## रिश्तेदारी में आयी महिला की मार्ग दुर्घटना में मौत

**गगहा, गोरखपुर।** देवरिया जनपद के भलुवनी थाना क्षेत्र के लंगड़ा बाजार निवासी 60 वर्षीय सोनमती अपनी रिश्तेदारी गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार निवासी भुवनेश्वर वर्मा के घर आयीं थी जहां 18 अप्रैल को लड़के की शादी थी धूमधाम से परछावन शुरू हुआ परछावन के बाद बारात बिदा हुई और सभी महिलाएं घर जाने लगी इसी बीच करीब 7.30 बजे बड़हलगंज की तरफ से आ रही पीकप से देवरिया जनपद के भलुवनी थाना क्षेत्र के लंगड़ा बाजार निवासी 60 वर्षीय सोनमती देवी पत्नी लाल बाबू वर्मा को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा बाजार ले जाया गया जहां से प्रारम्भिक इलाज के बाद स्थिति नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इलाज के लिए गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी ।मृतका के पति की तहरीर पर गगहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीकप को कब्जे में ले लिया और शव को पी एम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

## सेमेस्टर परीक्षाएं 21 अप्रैल से

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएं 21 अप्रैल से शुरू होने जा रही हैं। हालांकि, परीक्षा की निगरानी के लिए उड़नदस्ता दल का गठन अभी तक नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय से संबद्ध जौनपुर और गाजीपुर जिलों में परीक्षाएं बिना उड़नदस्ते की निगरानी के ही शुरू होने की संभावना है। आमतौर पर हर जिले में परीक्षा की निगरानी के लिए दो से तीन टीमों का गठन किया जाता है। परीक्षा नियंत्रक डॉ0 विनोद कुमार सिंह के अनुसार, जौनपुर में 14 नोडल केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुल 166 परीक्षा केंद्रों पर 187 महाविद्यालयों के छात्र परीक्षा में भाग लेंगे। वहीं गाजीपुर जिले में 7 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। यहां 210 परीक्षा केंद्रों पर 293 महाविद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम और छात्रों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि उड़नदस्ता दल के लिए टीम का गठन प्रक्रियाधीन है।

## युवक की बाइक चोरी

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के कटघर लालगंज के प्राथमिक विद्यालय लालगंज गेट के के पास शुक्रवार की शाम बाइक चोरी हो गई। मसीरपुर निवासी कमलेश जायसवाल अपनी पल्सर बाइक खड़ी कर बाजार में चला गया। कुछ देर बाद लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। पीड़िता ने काफी देर तक तलाश की बाइक का कुछ पता नहीं चला। कमलेश जायसवाल ने अज्ञात के विरूद्ध तहरीर दी है।

## बारात में विवाद के बाद गांव में पुलिस बल तैनात

आजमगढ़। जिले के तरवा थाना क्षेत्र के ठाटा गांव में एक बारात को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 18 अप्रैल को ठाटा गांव से बलिया जिले के शादियाबाद गांव गई बारात में गाने को लेकर बारातियों और घरातियों के बीच विवाद हो गया। आजमगढ़ के बारातियों द्वारा गाए गए गाने से नाराज घरातियों के साथ मारपीट हो गई। विवाद यहीं नहीं थमा। बलिया से लौट रही बारात पर घरातियों ने गाड़ी चढ़ा दी, जिसमें चार बाराती घायल हो गए, एक की हालत गंभीर है। इसके बाद 19 अप्रैल को जब लड़की पक्ष के लोग ठाटा गांव में हाल-चाल लेने पहुंचे, तो दोनों पक्षों के बीच फिर मारपीट शुरू हो गई। घरातियों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें एक महिला सिपाही का सिर फट गया और तीन-चार अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आईं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी भीड़ ने पथराव किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस फोर्स और पीएसी को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है और पुलिस बल तैनात किया गया है।

## पूर्वांचल प्रदेश के गठन की मांग

सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की एक बैठक तहसील प्रांगण में अधिवक्ता भवन में दिन 11 बजे वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, संचालन अधिवक्ता राजेश कुमार मौर्य ने किया। राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि आजादी के वक्त देश की जनसंख्या 36.10 करोड़ थी आज देश की आबादी 135 करोड़ से भी अधिक है जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 23 करोड़ के लगभग है और उसमें पूर्वांचल की जनसंख्या करीब 9 करोड़ से अधिक है लेकिन जिस अनुपात से जनसंख्या बढ़ी उस हिसाब से संसाधन, रोजगार, सामाजिक विकास, समान अवसर और शासन का विकेंद्रीकरण नहीं हुआ जो कि होना चाहिए था इसलिए पूर्वांचल निवासियों के आशाओं के निमित्त पूर्वांचल प्रदेश का गठन कर भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व राजनीतिक संरक्षण प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने कहा कि पूर्वांचल के 28 जिले अति पिछड़े हुए है। यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई और गुजरात की शरण लेनी पड़ रही हैं इसके बाद भी पूर्वांचल उपेक्षा का शिकार है। पलायन तभी रुकेगा जब अलग पूर्वांचल राज्य होगा, इसलिए पूर्वांचल को पृथक राज्य का दर्जा मिला चाहिए। बैठक में कामता प्रसाद यादव, बीपी सिंह, काकू सिंह, रमेश चंद्र सिंह, मोइनुदिन शेख, सुधीर कुमार, नवीन पांडेय, संतोष चतुर्वेदी, श्याम शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# 81 प्रार्थना पत्रों में 4 का मौके पर निस्तारण




जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। फरियादियों की समस्याओं के त्वरित समधान हेतु शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी के समक्ष 81 प्रार्थना आए जिसमें से मौके पर 04 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की गठित टीमो को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर जाकर दोनों की पक्षों की बातें सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने पर गुणवत्ता संतोषजनक नही पाई जाती है सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित करे के अपने विभाग की शिकायतो का स्वयं भी फीडबैक लें।

इसी प्रकार जनप के अन्य तहसीलो में प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा- तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल के समक्ष प्राप्त 122 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 15 का निस्तारण किया गया, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रो में एक का निस्तारण किया एवं तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्य प्रकाश सिंह के समक्ष प्राप्त 110 प्रार्थना पत्रो में 08 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों इस आशय से प्रेषित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। तहसील चुनार में प्रभारीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी चुनार न्यायिक, तहसीलदार चुनार, नायाब तहसीलदार चुनार कल्पना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहें।

## समाधान दिवसः 162 मामलों में सिर्फ 15 निपटे

आजमगढ़। डीएम नवनीत सिंह चहल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील लालगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 162 मामले आये, जिसमें से 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 147 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 77, पुलिस के 32, विकास के 14, विद्युत के 12, खाद्य रसद के 14, समाज कल्याण के 04 एवं अन्य के 9 मामले शामिल हैं।



इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारिगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें।

## नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा गांव में संदिग्ध हाल में एक नव विवाहिता का शव उसके कमरे के पंखे के हुक के सहारे साड़ी के फंदे से लटकता पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदे को काटकर शव को नीचे उतार पीएम हेतु भेज दिया है। विवाहिता की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। मृतका के पिता ने पति, ससुर, तीन जेठ और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त गांव निवासी भवानी प्रसाद शर्मा का कहना है कि उनके पुत्र शैलेश शर्मा का विवाह बीते 8 मार्च को चंदौली जिले के थाना व गांव अलीनगर निवासी संजय शर्मा की 20 वर्षीय पुत्री सेजल शर्मा के साथ हुई थी। परंपरानुसार शादी के बाद पहली होली ससुराल में नहीं मनायी जाती। इसी लिए शादी के चार दिनों बाद 12 मार्च को वह ससुराल से बिदा होकर मायके चली गई थी। तीन दिनों पूर्व 14 अप्रैल को वह मायका से बिदा होकर ससुराल आई थी। परिजनों का आरोप है कि वह गुरुवार के तीसरे पहर बगैर कुछ बताए छत पर जाकर अपने बेडरूम का दरवाजा भीतर से बंद कर लिया। शाम को परिवार के लोग उसे बुलाने लगे तो भीतर कोई आहट नहीं हुई। दरवाजा पीटने के बाद भी भीतर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो खिड़की से झांक कर देखा तो अवाक रह गए। भीतर फंदे के सहारे उसका शव हवा में लटक रहा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से शव नीचे उतरवाया। मृतका के पिता ने थाने में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बेटी के ससुर भवानी प्रसाद, पति शैलेश, जेठ दुर्गेश, अभिषेक तथा जेठानी रुची शर्मा और तृप्ती शर्मा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। उसकी हत्या के बाद शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किए हैं।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन

जौनपुर। तेजी बाजार के नेवढिया गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर कथा वाचक डॉ0 बृजेश पांडेय महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। इसके पूर्व कथा के आयोजक राकेश कुमार तिवारी सागर ने कथा वाचक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## अपशब्दों के प्रयोग से आकाश प्रदूषित होता है

मीरजापुर। शब्दों का स्थल आकाश है। जहां भगवान की कथा एवं भजन होता है, वहां आकाश निर्मल हो जाता है जबकि निंदा, अपशब्दों के इस्तेमाल से आकाश में प्रदूषण बढ़ता है। यह कथन है नगर के तिवराने टोला स्थित डॉ भवदेव पाण्डेय शोध संस्थान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य डॉ ब्रह्मानंद शुक्ल के। उन्होंने कहा कि जब आकाश निर्मल होता है तब वहां बादल बनते हैं तथा वर्षा होती है। डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि कृष्ण के काल की यही स्थिति थी। डॉक्टर शुक्ल ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला को ब्रह्म एवं जीव के बीच सामंजस्य की लीला बताते हुए कहा कि भगवान गोपिकाओं का वस्त्र उनका अंग देखने के लिए नहीं बल्कि उनकी अज्ञानता दूर करने के लिए वस्त्रों की चोरी की। कथा के क्रम में डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि जब जहां कहीं परमानन्द को आना होता है तो वहां आनन्द का वातावरण बनने होने लगता है। डॉ शुक्ल ने कहा कि सृष्टि में आनन्द ही आनन्द है, जो इसको जान लेता है, वह दुःख का रोना नहीं रोता है। डॉक्टर शुक्ल ने सलाह दी कि यदि तन-मन को स्वस्थ तथा आनन्दमय बनाना हो तो सूर्योदय के पूर्व सो के उठ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूर्योदय के समय जो सोता है वह सौ प्रतिशत आनन्द खो देता है। सुबह की हवा को उन्होंने अमृत-वायु एवं वीर-वायु की संज्ञा दी। कथा के दौरान डॉक्टर शुक्ल में यशोदा और नन्द की व्याख्या करते हुए कहा कि यश देने वाली मां यशोदा है जबकि आनन्द के प्रतिनिधि नन्द बाबा है। डॉक्टर शुक्ल ने श्रोताओं को श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं की कथा सुनाई तथा कहा कि संसार को मुसाफिरखाना है। एक न एक दिन यहां से रवाना हो जाना है। अतः हर हालत में सत्कर्म में ही लगना चाहिए। डॉक्टर शुक्ल ने हंस और परमहंस की व्याख्या की तथा कहा कि हंस दूध और पानी अलग करता है तो परमहंस जगत एवं ब्रह्म के भेद को बताता है। प्रारंभ में आचार्य की आरती उपस्थित जनसमूह द्वारा की गई।

## बेरोजगारों के हक पर कंपनियां कर रही है लूटः रोशन लाल

सोनभद्र। सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने बताया कि भाजपा मंत्री संजीव कुमार गोड़ को ज्ञापन देकर मामले में अवगत कराया गया। श्री यादव ने कहा कि इसके बाद एनसीएल खड़िया कोयला परियोजना की निजी कंपनी कलिंगा में विस्थापित, प्रभावित और लोकल बेरोजगारों की भर्ती घोटाले के खिलाफ 20 अप्रैल, 2025 को 12 बजे शक्तिनगर चिल्का झील पार्क में सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के राष्ट्रीय महासचिव पुष्पेंद्र चैधरी की अध्यक्षता में विस्थापित, प्रभावित और लोकल बेरोजगारों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। बैठक में मुख्य अतिथि सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव भी शिरकत करेंगे। यहां निजी कंपनी कलिंगा के खिलाफ संरक्षण प्राप्त संगठित गिरोह के द्वारा भर्ती घोटाले को लेकर व्यापक जन आंदोलन चलाने की रणनीति बनेगी तथा बैठक में आंदोलन की तिथि का ऐलान होगा। यह जानकारी सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने दिया है।

## भाजपा सरकार में अपराध चरम परः पवन पाण्डेय




जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता पूर्व मंत्री पवन पाडेय का जनपद आगमन पर मछलीशहर बॉर्डर पर सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वागत किया गया वही पूर्व मंत्री पवन पाडेय ने कहा भाजपा सरकार अपराध चरम पर है कानून राज खत्म हो गया है चारो तरफ अपराधियों का बोलबाला है अपराधियों को संरक्षण भाजपा सरकार दे रही है जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा झूठे मुकदमे में फंसा कर सरकार उसे जेल भेजने का काम करते हैं।

भाजपा सरकार में ब्राह्मण समाज ठगी का शिकार हुआ है जो भी ब्राह्मण समाज अगर भाजपा के खिलाफ है तो उसे सरकार पचा नहीं पा रही है आए दिन उन पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में बंद करने का काम करती है जीते जी स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जी का योगी बाबा कुछ नहीं बिगाड़ पाये अब उनके न रहने पर उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है उनका मकान बाउंड्री बाल ढाया जा रहा है यह सरकार की सोची समझी रणनीति है भाजपा सरकार में जो ब्राह्मण मंत्री हैं वह कठपुतली का काम कर रहे हैं वह अपनी बातें और अपना काम कुछ नहीं कर पा रहे हैं भाजपा सरकार ब्राह्मणों को पुतला बनाकर रखी हुई है 2027 में ब्राह्मण समाज और पीडीऐ समाज इस बार भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है आज हम जौनपुर में किसी निजी कार्यक्रम से आए हैं लेकिन जल्द ही ब्राह्मण समाज को जागने के लिए घर-घर जाएंगे और समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे बाबा को किस बात की जलन थी कि हमारे इष्ट देवता भगवान परशुराम जी जंयती की छुट्टी निरस्त किए हैं यह ब्राह्मण समाज भूला नहीं है जितने फेक काउंटर ब्राह्मण समाज के हुए हैं और आज तक अपराधी आनंद से घूम रहे हैं एक बार भी भाजपा सरकार ने उसे दुखी परिवार से न मिलने का काम किया न ही न्याय दिलाने का काम किया हम लोग इसी बात को लेकर ब्राह्मण समाज को जगाएंगे और भगवान परशुरामजी का फरसा उठाकर 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे मुख्य रुप से जयहिंद यादव अनिल यादव श्याम नरायण बिन्द रोशन दूबे सूर्यभान यादव इजहार अहमद, विरु यादव, निखिल यादव, प्रदीप यादव विशाल पाडेय, रोहित शुक्ला, राजन तिवारी आदि उपस्थित रहें।

## जनशिकायतों का निस्तारण समय से करें: मण्डलायुक्त



सोनभद्र। सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तीसरे शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन हुआ। घोरावल तहसील में आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया, इस दौरान मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण सरकार के निदेर्शानुसार ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर शिकायतों का निस्तारण किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह ने भी मौके पर शिकायतकताओं की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये। आज घोरावल सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 69 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## अभियान चलाकर होगा टीकाकरण

आजमगढ़। डीएम नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि डिप्थीरिया के बढ़ते हुये केसों के रोकथाम हेतु विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान 24 अप्रैल 2025 से 10 मई 2025 तक स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण (किशोर एवं किशोरी) अभियान चलाया जायेगा। उक्त अभियान में सभी स्कूलों/मदरसों में बच्चों को टी0डी0-10 (कक्षा-5, 10 वर्ष आयु के बच्चे) तथा टी०डी०-16 (कक्षा-10, 16 वर्ष आयु के बच्चे) से आच्छादित किया जायेगा। उन्होने बताया कि उपरोक्त अभियान के सफलतापूर्वक संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होगा। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि समस्त संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर डिप्थीरिया कन्टेनिंग वैक्सीन से शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाये। साथ ही जनपद स्तर पर प्रतिदिन अभियान के प्रगति की समीक्षा की जाये। उन्होने निर्देशित किया है कि जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक उपकेन्द्र/शहरी ए०एन०एम० क्षेत्रवार स्कूलों/मदरसों को सूचीबद्ध कर स्कूल आधारित टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करायी जाये। उन्होने कहा है कि अभियान के पूर्व आशा/ऑगनबाडी समबन्धित स्कूल के शिक्षकगण के साथ समन्वय स्थापित कर अभिभावक बैठक आदि के माध्यम से मोबिलाइज कर शत-प्रतिशत टीडी-10, टीडी-16 टीकाकरण करायें। जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक सूचना को निर्देशित किया है कि प्रदेश में डिप्थीरिया के बढ़ते केसों के दृष्टिगत जनपद में डिप्थीरिया की रोकथाम हेतु 24 अप्रैल 2025 से 10 मई 2025 तक स्कूल आधारित डिप्थीरिया कन्टेनिंग वैक्सीन के टीकाकरण हेतु जन-मानस में जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार कराया जाए।

## पिकअप ने तीन को रौंदा, दो की मौत



जौनपुर। जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धमार्पुर बाजार में बीती देर रात में लगभग साढ़े 11 बजे तेज रफ्तार एक पिकअप ने बाइक सवार को सामने से रौद दिया, जिससे बाइक सवार दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि जलालपुर थाना क्षेत्र के मसूदपुर गांव निवासी अर्जुन चैहान अपनी बाइक से गांव के ही विनोद चैहान और महेश के साथ बीती रात में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पंचहटिया में रिश्तेदार के यहां आयोजित बर्थडे पार्टी में गया हुआ था। तीनों युवक बर्थडे पार्टी अटेंड कर घर लौट रहे थे।

देर रात में साढ़े 11 बजे जैसे ही अर्जुन चैहान की बाइक जौनपुर-केराकत हाईवे स्थित धमार्पुर बाजार में पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट आने के कारण 27 वर्षीय अर्जुन चैहान पुत्र समर एवं 33 वर्षीय विनोद चैहान पुत्र भरत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 28 वर्षीय महेश चैहान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ही मौके पर काफी भीड़ जुट गई, लोगों ने घटना की सूचना थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर को दी। थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना प्रभारी ने घायल युवक महेश चैहान को तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं, अर्जुन और विनोद की लाश को कब्जे में ले लिया। परिजनों को सूचना देते हुए लाश को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भिजवाया।

दूसरी तरफ, घटना के बाद ही अज्ञात पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि पंचहटिया से बर्थडे पार्टी से एक ही बाइक पर तीनों युवक वापस घर लौट रहे थे। अज्ञात पिकअप ने टक्कर मार दिया। अर्जुन और विनोद चैहान की मौके पर मौत हो गई। महेश चैहान का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है। अज्ञात पिकअप चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## आभूषण व नगदी बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार



मीरजापुर। थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्ता को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का आभुषण व धनराशि बरामद किया गया।

बताते हैं कि थाना कोतवाली कटरा, जनपद मीरजापुर पर 17.04.2025 को वादिनी नीलम केशरी पत्नी महेश केशरी निवासिनी लालगंज थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोरो द्वारा रतनगंज के पास आटो से वादिनी का बैंग चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-106/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत की गई। इसी क्रम में दिनांकः 18.04.2025 को वादिनी संजू पाण्डेय पत्नी सतीश कुमार पाण्डेय निवासिनी बिरौरा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोरो द्वारा पथरहिया के पास आटो से वादिनी का बैंग चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली कटरा पर मु0अ0सं0-107/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्लसोमेन बर्माह्व द्वारा उक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कोतवाल कटरा को दिए गए निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली कटरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोगों में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शनिवार 19 अप्रैल को उप निरीक्षक लल्लन यादव व पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 अभियुक्ता, प्रीती कुमार पुत्री सतीश व पायल पुत्री रविन्दर निवासीगण रूधइकरन भरतपुर जनपद भरतपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं के कब्जे से चोरी गयी 01 अगुठी (पीली धातू) व 36200 रुपए बदामद कर किया गया। थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा अंतर्गत धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## कैंप लगाकर दिलाया सरकारी योजनाओं का लाभ

सोनभद्र। सरकार के निदेर्शानुरूप जिले के तहसील राबर्ट्सगंज में अप्रैल महीने के तीसरे शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि व पुलिस विभाग से सम्बन्धी मामले प्राप्त हुए, उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर ससमय गुणवत्त पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के टीम द्वारा मौके पर जाकर किया जाये, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का सभी अधिकारी प्रतिदिन अनुश्रवण करें और निर्धारित समय के अन्तर्गत ससमय निस्तारण सुनिश्चित करें, शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित फोटोग्राफ भी संलग्न करें, उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी महोदय की नई पहल पर लगाये गये विभिन्न विभागों के पंजीकरण कैम्पों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी करने के लिए कैम्प लगाये गये थे, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग,



जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने से सम्बन्धित जो भी प्राप्त हुए हैं, उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाये, सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इन कैम्पों का आम जनमानस के के बीच व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि अधिक से अधिक लाभार्थी कैम्प में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें, सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में आयुष्मान कार्ड के 22 लाभार्थियों का कार्ड बनाया गया, 01 विधवा पेंशन के लाभार्थियों के फार्म पर ई-के0वाई0सी0 कराया गया गया, 02 वृद्धा पेंशन बनाया गया, तथा 7 लाभार्थियों का फार्मर रजिस्ट्री कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व तहसीलदार राबर्ट्सगंज आदि ने 110 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 13 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर टीम द्वारा 02 प्रकरणों का निस्तारण कराया, इस प्रकार आज तहसील दिवस में कुल 15 प्रकरण निस्तारण किया गया, बाकी 95 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं। इसी तरह से सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

संक्षेप

## सड़क हादसों में दस लोग घायल

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में करीब दस लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिनमें से 6 को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पहली घटना थाना क्षेत्र के लबानी के पास खेत से गेहूं काट कर रहे पापरि खेड़ा निवासी चैधरी व पत्नी सुनीता को बाइक से आ रहे चिंता पुरवा निवासी सूरज व पुतान ने टक्कर मार दी जिससे चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसमें गंभीर हालत देखते हुए सूरज व सुनीता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में क्षेत्र के गांव गुरदासपुर निवासी ओम प्रकाश, अभिषेक, आदित्य, शिवांजलि, रंजीत, सुरेश सफीपुर के गेस्ट हाउस बारात गए थे। जहां से वापस आते समय कल्याणी नदी के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे पांचो लोग घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से ओम प्रकाश अभिषेक आदित्य व शिवांजलि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## वसूली को लेकर दो पक्ष भिड़े, बदमाश से पिस्टल छीना

जौनपुर ।जलालपुर क्षेत्र के हौज टोलप्लाजा के समीप सादीपुर गांव के कट पर वसूली को लेकर दो पक्षों में शनिवार को बवाल हो गया। मामला गम्भीर होने से बच गया ।एक बदमाश को दूसरे पक्ष के लोगों ने पिस्टल के साथ दबोच लिया। उक्त घटना का वीडियो वायरल हो रहा है ।बबताया गया कि उक्त स्थान पर टोलटैक्स बचाने के लिए बैरियर लगाकर वसूली किया जाता है। उसी वसूली के लिए दो पक्ष के लोग आमने सामने हो गए ।एक पक्ष का युवक वहां पहुंच कर बवाल करने लगा तब उसे कई युवकों ने जमीन में पटक कर दबोच लिया ।उसके हाथ मे पिस्टल दिखाई दे रहा है ।जिस युवक ने पिस्टल लिया था वह किसी तरह से मौके से भाग निकला ।दूसरे पक्ष के युवक उस पिस्टल को ले जाकर थानाध्यक्ष को सौंप दिया ।पुलिस ने बताया कि ऊक्त स्थान पर वसूली को लेकर विवाद था ।उसको तत्काल बन्द करवा दिया गया है ।साथ ही जिस युवक के हाथ मे पिस्टल लिए होने की घटना की जांच की जा रही है। उसे जल्द गिरफ्तार करके मामले की सच्चाई को सामने लाया जाएगा। दोषियों पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक अन्य घायल

झांसी ।मऊरानीपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक झांसी से सटे मध्य प्रदेश के टोरिया गांव के निवासी अभिषेक, अमित एवं अनिकेत शुक्रवार रात मऊरानीपुर क्षेत्र में स्थित ग्राम चौका में एक बारात में शामिल होने आये हुए थे। सुबह वे बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव की ओर जा रहे थे तभी घाटकोटरा गांव के पास सामने से आ रहे फलों से लदे ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक की टक्कर हो गई ।इससे अनिकेत की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अभिषेक नामक युवक ने अस्पताल से जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उनके एक साथी अमित की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका मेडिकल कालेज मे इलाज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार तीनों युवकों की आयु 20 से 25 वर्ष के बताई गई है।मऊरानीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक वीएस सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

## 30 तक करें आवेदन

जौनपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वी के सिंह ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष में खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में जिन उद्यमियों की इकाई विगत तीन वर्षो से स्थापित तथा निरन्तर कार्यरत है एवं अधिक से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रही है।विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।कार्यरत इकाईयों द्वारा प्रारूप पर सूचना 30 अप्रैल तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मतापुर में उपलब्ध करा सकते हैं।

# समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्या



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव ।शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील बीघापुर के पाटन मुख्यालय में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष जनसुनवाई की अध्यक्षता एडीएम (राजस्व) सुनील कुमार गोंड ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में एडीएम ने पिछले तहसील दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए उनके निस्तारण की स्थिति जानी। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर कुल 51 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त मामलों में राजस्व से संबंधित सर्वाधिक 24 शिकायतें रहीं, जबकि पुलिस विभाग से जुड़े 5, विकास खंड से संबंधित 14 और समाज कल्याण विभाग से संबंधित 1 मामला सामने आया।एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## एडीएम राजस्व ने तहसील का किया निरीक्षण



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत अपर जिलाधिकारी (राजस्व) सुनील कुमार गोंड ने तहसील परिसर के सभी पटलों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों की लापरवाही पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

निरीक्षण की शुरूआत आर.के. कार्यालय से करते हुए एडीएम ने लेखपाल बस्तर सूची, आपदा प्रबंधन से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट अभिलेखागार, रिकॉर्ड रूम, रजिस्ट्री ऑफिस, संग्रह कार्यालय, सप्लाई ऑफिस, चकबंदी कार्यालय, स्वान कक्ष, भूलेख कार्यालय और हवालात का निरीक्षण किया।तहसील परिसर की साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष जाहिर करते हुए उन्होंने शौचालयों की गंदगी पर विशेष नाराजगी जताई और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जब तहसीलदार के पेशकार से वादों की जानकारी मांगी गई तो वे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इसी तरह, जब नायब नाजिर का पटल देख रहे अरुण कुमार से 10 बड़े बकायेदारों के नाम पूछे गए, तो वह भी जवाब देने में असमर्थ रहे। उन्होंने दो साल पूर्व नाम अंकित किए जाने और बाद में पुताई हो जाने की बात कही। इस पर एडीएम ने पुताई वाले स्थान का निरीक्षण कर वहां तत्काल नाम अंकित करने का निर्देश दिया।इस निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी सहित तहसील का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। एडीएम का यह निरीक्षण व्यवस्था में सुधार की चेतावनी भी साबित हुआ।

# संसद को विश्वास में लेकर ही हो अमेरिका से कोई समझौता

सोनभद्र। रोजगार अधिकार अभियान की राष्ट्रीय संचालन समिति की वर्चुअल मीटिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 26 प्रतिशत सीमा शुल्क या टैरिफ लगाने के कारण देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर गहन चर्चा की गई।

प्रस्ताव पारित कर 21 अप्रैल,2025 को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के भारत दौरे के समय कृषि और व्यापार संबंधी भारत सरकार द्वारा किए जाने वाले समझौतों की खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। मांग की गई कि भारत सरकार संसद, विभिन्न फोरमों और व्यापक स्तर पर चर्चा के बाद ही अमेरिका के साथ आयात शुल्क, कृषि, पशुपालन व ट्रेड जैसे अहम मुद्दों पर समझौता करे।यह भी कि ऐसा कोई भी समझौता डब्ल्यूटीओ और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के दिए निर्देशों का उल्लंघन न हो। वक्ताओं ने कहा कि अमेरिकी दबाव और दादागिरी से बचने के लिए घरेलू बाजार व व्यापार और आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। साथ ही दक्षिण एशिया के देशों में व्यापारिक सहयोग बढ़ाने के उपाय किए जाएं।इस टैरिफ वार ने एक बार फिर से देश की आर्थिक दिशा में बदलाव लाने की जरूरत को सामने लाया है।

आगे कहा गया कि ट्रंप प्रशासन मनमाने पर उतर आया है और अपनी टैरिफ नीति के माध्यम से सुपर प्रॉफिट कमाने के लिए व्यापार पर दुनिया में एकाधिकार कायम करना चाहता है। वह दुनिया में व्यापार के लिए तय मानकों का सरासर उल्लंघन करने में लगा है। सीमा शुल्क के बारे में विश्व व्यापार संगठन की नीतियां है जिसमें भारत जैसे विकासशील देशों को विशेष अधिकार दिए गए हैं। जिन्हें मानने के लिए ट्रंप प्रशासन कतई तैयार नहीं है।इसका भारत की अर्थव्यवस्था पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ेगा और पहले से मौजूद रोजगार संकट और भी ज्यादा बढ़ेगा।

बैठक में सर्वसम्मति यह भी निर्णय लिया गया कि शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी करने, देश में सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर तत्काल भर्ती, हर व्यक्ति की सम्मानजनक जीवन की गारंटी करने और सुपर रिच की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने को लेकर चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान में ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ मुद्दे को भी शामिल किया जाएगा और इसे प्रमुखता से उठाया जाएगा।

वर्चुअल मीटिंग को प्रमुख रूप से रोजगार अधिकार अभियान के कोआर्डिनेटर राजेश सचान, कर्नाटक विद्यार्थी संघ के सरोवर, युवा मंच के अर्जुन प्रसाद, सोनभद्र आदिवासी अंचल से सविता गोंड व रूबी सिंह, गुंजा गोंड, सुगवंती गोंड, मऊ के शिक्षक राजेश कुमार सिंह, तकनीकी प्रतियोगी छात्रों के ई. राम बहादुर पटेल, कानपुर विश्वविद्यालय के शोधार्थी बागीश धर राय, वाराणसी के सामाजिक कार्यकर्ता राज कुमार गुप्ता, प्रयागराज युवा मंच संयोजक जय प्रकाश यादव, सीतापुर के गोविंद सिंह आदि शामिल रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने की जहाँ फरियादियों की समस्याएं सुनी।

जहां कुल 59 शिकायते आई जिनमे 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिसमे राजस्व के 36 पुलिस 05 विकास 04,विधुत 06 , पूर्ति विभाग 07 अन्य 01 मामले आये। कस्बे के मोहल्ला मसवानी निवासिनी साबिया पत्नी इशरत ने बताया कि उसकी शादी ढाई वर्ष पूर्व शराय मोहम्मदी के अनुसार इशरत अली के साथ सम्पन्न हुई थी।लेकिन शादी के बाद से ही कम दहेज को लेकर पति व ससुर इमाम अली के द्वारा उसको प्रताड़ित और मारपीट कर घर से भगा दिया तब से वह अपने मायके मे रहकर गुजर बसर कर रही है ।कार्यवाही की माँग की।इस दौरान उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर, नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, सीओ अजय कुमार सिंह, बीडीओ संतोष श्रीवास्तव एसडीओ अनिल कुमार सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पुरस्कार वितरण

जौनपुर। करंजीकला ब्लॉक के नूरुद्दीन गर्ल्स पीजी कॉलेज तथा सिकरारा ब्लॉक के माउंट लिटेरा जी स्कूल में आयोजित समारोह में अभिषेक सिंह आईएएस द्वारा स्थापित संस्था युवा सेवा शक्ति ने उन स्वयंसेवकों और स्थानीय कार्यकताओं को सम्मानित किया ।जिन्होंने अपने-अपने ब्लॉक में सबसे अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने में योगदान दिया।प्रत्येक ब्लॉक के विजेताओं को कुल मिलाकर 10,हजार नकद पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत की प्रशंसा की गई। युवा सेवा शक्ति की ओर से बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए युवा शक्ति का सहयोग अनिवार्य है। संस्था ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने दादा-दादी और आसपास के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ ।समारोह के दौरान युवा सेवा शक्ति की टीम ने छात्रों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए, जिनमें कार्ड बनवाने की सरल प्रक्रिया समझाई गई और स्वास्थ्य बीमा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्र उत्साहपूर्वक शामिल हुए और अपने परिवार के बुजुर्गों की सहायता करने का संकल्प लिया। संस्था ने सभी स्वयंसेवकों, शिक्षकों और टीम के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इसी तरह के अभियान आगामी दिनों में अन्य ब्लॉकों में भी चलाए जाएंगे और अधिक बुजुर्ग लाभान्वित होंगे।

## यात्रा में शामिल विद्यार्थियों को कुलपति ने किया सम्मानित



जौनपुर।पूर्वांचल विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय आयोजित तीन दिवसीय तिरंगा साइकिल यात्रा में शामिल विद्यार्थियों और सहयोग करने वालों को कुलपति सभागार में शनिवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों ने तिरंगा साइकिल यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर देश भक्ति, एकता और आत्मबल का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है. यह यात्रा आपके जीवन में राष्ट्र प्रेम की भावना को और प्रबल करेंगी. उन्होंने कहा कि जीवन में देश के तिरंगे से ऊर्जा लेते रहे.परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह एवं प्रो. मानस पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया ।सफलतापूर्वक 150 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूर्ण करने पर यात्रा के नोडल अधिकारी प्रो. राकेश कुमार यादव ने यात्रा के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला. सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया एवं साइकिल यात्रा दल में सम्मिलित छात्रों को बधाई दी.साइकिल यात्रा में 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया था. इस दौरान जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से होते हुए शहीद स्थलों पर पहुंचकर उन्हें नमन किया था. इसके साथ ही शहीदों के परिजनों से मिलकर उन्हें विश्वविद्यालय का मान-पत्र, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया था. इस यात्रा में शामिल विद्यार्थियों ने समाज को नशा मुक्ति और दहेज मुक्ति के लिए संदेश दिया. विद्यार्थियों ने यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को भी साझा किया.।

# विश्वहिंदू परिषद के आवाहन पर बंगाल हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर ।पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे लक्षित हिंसा और राज्य सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ शुक्रवार 19 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के आह्वान पर पूरे देश में आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया।इसी क्रम में मीरजापुर में भी विहिप, संत समाज, विचार परिवार और विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन की शुरूआत सुबह 11 बजे सिटी क्लब से हुई, जहां भारी संख्या में ओम ध्वज लिए कार्यकर्ता एकत्रित हुए। वहां से रैली के रूप में सभी कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से बंगाल में हो रही हिंदू विरोधी हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए राज्य में शीघ्र राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई ।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बंगाल में हिंदू समाज के साथ हो रहे अत्याचार अब असहनीय हो चुके हैं और केंद्र सरकार को हस्तक्षेप कर कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदर्शन में पूज्य संतों के साथ-साथ बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं और युवा वर्ग भी शामिल रहा। सभी ने एकजुट होकर हिंदुत्व की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता

- बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की उठी मांग

की आवाज बुलंद की। विश्व हिंदू परिषद ने देशभर के राष्ट्रभक्तों से अपील की है कि वे ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और हिंदू समाज की सुरक्षा, सम्मान और अस्तित्व के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें। प्रदर्शन में केन्द्रीय मंत्री अम्बरीष सिंह, प्रान्त उपाध्यक्ष विद्याभूषण, धर्मप्रसार संरक्षक विजय बहादुर पाण्डेय, प्रान्त सत्संग प्रमुख महेश तिवारी, विभाग मंत्री रामचन्द्र शुक्ल, विभाग संगठन मंत्री अमित, विभाग उपाध्यक्ष राम सिंह, जिला अध्यक्ष मीरजापुर माता सहाय, जिला अध्यक्ष चुनार दिनेश सिंह, जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह पटेल, चुनार जिला मंत्री गोपाल, चुनार जिला कोषाध्यक्ष नारायण राठी, विधि प्रकोष्ठ प्रान्त टोली सदस्य अमरेश, विभाग संयोजक प्रवीण, जिला गौरक्षा प्रमुख भोले पाण्डेय, नगर अध्यक्ष राज माहेश्वरी, कोन प्रखण्ड अध्यक्ष कुँवर साहब, मंत्री अभिषेक यादव, मड़िहान प्रखण्ड अध्यक्ष ग्यानेन्द्र सिंह , छानबे प्रखंड अध्यक्ष विजय मिश्र, मंत्री गणेश उपाध्याय, सिटी प्रखण्ड अध्यक्ष विनय पाण्डेय, विन्ध्याचल प्रखण्ड अध्यक्ष दीनानाथ मंत्री बृजेश, सुनील, देवप्रकाश पाठक, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, पूर्व नपा चेयरमैन मनोज जायसवाल, पवन सिंह, निर्मल जी, जिला सत्संग प्रमुख सुरेश सनातन, जिला सह मंत्री अभय, अशोक, पवन, विकाश, पूनम, संगीत गहरवार, केशरी, शिखा अग्रवाल, विष्णु, कान्ति, आशुकान्त चुनाहे, विद्याधर तिवारी, रूपनरायन, अशोक दूबे, नन्दलाल सोनकर, सुब्रतो गुप्ता के साथ हजारों लोग उपस्थित रहे।

## अन्न भण्डारण को होने वाली क्षति से बचाना जरूरी

जौनपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिन किसानों की माह अप्रैल में फसलों की कटाई एवं मड़ाई पूर्ण हो चुकी है और उत्पादित अन्न को भण्डारण से होने वाले क्षति से बचाना आवश्यक है।

भण्डारण में कीटों के प्रकोप का प्रमुख कारण अनाज में 10 प्रतिशत से अधिक नमी का होना, यदि भण्डार कक्ष या पात्र में आक्सीजन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होंगे तो कीट लगने की सम्भावना बढेगी। कीटों के बढ़वार व विकास हेतु लगभग 27 डिग्री सेण्टीग्रेट तापक्रम उपयुक्त होता है। कीट भण्डार कक्ष तक कीट खेतां से अनाज के साथ अण्डे के रुप में आ जाती है, मडाई वाले स्थल से कीट आ जाते है, ढुलाई के साधन तथा पुराने बोरां से कीट आ जाते है। अतः अन्न भण्डारण हेतु निम्न सावधानियां रखना आवश्यक है, गोदाम, कुठला व बखारी की भली-भांति से सफाई एवं मरम्मत कर लें, दरार एवं बिल पूरी तरह सीमेण्ट से बंद कर देना चाहिए। भण्डारण से पूर्व भण्डार गृह व बखारी आदि को मैलाथियान 50 प्रतिशत इ०सी० को 1 प्रतिशत 100 के अनुपात में घोल बनाकर 3 लीटरध100 वर्ग मीटर की दर से फर्स एवं छत पर छिड़काव करें। पुराने बोरां को कड़ी धूप में सुखा लें अथाव मैलाथियान 50 प्रतिशत ई0सी0 के 1 प्रतिशत 100 अनुपात के घोल में 10 मिनट तक बोरों को भिगोकार अच्छी तरह सुखा लें। अनाज को अच्छी तरह सूखा लें जिससे दाने में 10 प्रतिशत से अधिक नमी न रह जाये। भण्डार कक्षध्गोदाम में भण्डारण करना है तो फर्स पर 2.5 फिट मोटी साफ एवं सुखा नये भूसे की तट लगाकर बोरों की छल्ली दीवाल से 2.5 फिट की दूरी पर लगाना चाहिये। अनाज का भण्डारण कुठलों या बखारी में करना है तो एल्यूमिनियम फास्फाइड पाउडर पाउच 56 प्रतिशत, 10 ग्राम पैकिंग की 1 पाउच या एल्यूमिनियम फास्फाइड 15 प्रतिशत 12 ग्राम पैकिंग का 1 टैबलेट 1 मिट्रिक टन अनाज के बीच में रखकर बखारी को पूरी तरह वायुरोधी कर देना चाहिए। एल्यूमिनियम फास्फाइड पाउडर पाउच 56 प्रतिशत के पैकेट को किनारे से काटकर अन्दर के पाउच को निकालकर वैसे ही बोरियों के बीच रखना चाहिए, जबकि एल्यूमिनियम फास्फाइड 15 प्रतिशत टैबलेट को कपडे में लपेट कर रखना चाहिए।

## जफराबाद में वारदातों से जनता में दहशत

जौनपुर। जनपद के जफराबाद थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की सुस्ती अब चर्चा का विषय बन चुकी है। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में हुई लगातार आपराधिक घटनाओं ने न केवल आम जनता को दहशत में डाल दिया है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जमैथा रेलवे क्रॉसिंग पर गेटमैन के साथ मारपीट कर बदमाश फरार हो गए। इस घटना को बीते अभी कुछ ही समय हुआ था कि जफराबाद-कजूलपुर बाईपास पर स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने एक व्यापारी से मोबाइल और पिकअप मैक्स लूट ली। दोनों ही घटनाओं में अब तक कोई ठोस गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि जफराबाद थाना क्षेत्र में अपराधी बेखौफ हो चले हैं और पुलिस निष्क्रियता की स्थिति में है। जानकारी मिली है कि थाना अध्यक्ष जफराबाद द्वारा 70 से 80 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है, लेकिन स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि नंबर प्लेट स्पष्टरूप से नजर नहीं आई। इसके चलते पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाई है। क्षेत्र में यह चर्चा आम हो गई है कि थाना अध्यक्ष को मंत्री और उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जिससे कार्रवाई में ढिलाई देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस अब हाफ एनकाउंटर या एनकाउंटर जैसे स्टंट्स के जरिए अपनी छवि सुधारने की कोशिश कर सकती है। बृहस्पतिवार को पिकअप लूट की घटना के बाद जफराबाद पुलिस सक्रिय हुई है। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर नखड्डू के शाहगंज से निकलने से लेकर वारदात स्थल और पंचहटिया तक के सभी संभावित ब्ब्जट फुटेज को खंगाला जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कुल 10 पुलिस टीमें जांच में जुटी हैं। चैकी प्रभारी सहित महिला व पुरुष कांस्टेबल, और सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है ।प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पुलिस टीम हर संभव प्रयास कर रही है और जल्द ही इस लूटकांड का खुलासा किया जाएगा। हालांकि, आमजन में अब भी विश्वास की कमी साफ देखी जा सकती है ।यदि अपराध नियंत्रण को लेकर इसी तरह की निष्क्रियता बनी रही, तो जफराबाद में कानून व्यवस्था की स्थिति और भी खराब हो सकती है।

## हज यात्रा पर जाने से पूर्व प्रशिक्षण व टीकाकरण कार्यक्रम 26 को

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ के निदेर्शानुसार हज-2025 में सोनभद्र जनपद के सभी 19 हज यात्रियों को प्रशिक्षण/टीकाकरण कराये जाने हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी स्तर पर इस्लामियां इण्टर कालेज, वीआईपी रोड, जामा मस्जिद, ओबरा, सोनभद्र का चयन किया गया है। हज यात्रियों हेतु हज यात्रा पर जाने से पूर्व एक दिवसीय प्रशिक्षण/टीकाकरण कार्यक्रम निर्धारित तिथि 26 अप्रैल,2025, दिन-शनिवार को प्रातः 09:00 बजे से आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। सभी हज यात्री निर्धारित स्थान पर ससमय उपस्थित होते हुए प्रशिक्षण/टीकाकरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

सोनभद्र। नगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिकरवार में ड्रा. भीम राव आंबेडकर के 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम बिरहा का भव्य आयोजन किया गया जिसमे गायक कलाकार उपेंद्र लाल यादव और प्रसिद्ध गायिका उजाला यादव ने अपनी शानदार बिरहा प्रस्तुति से दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध। बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ड्रा. भीम राव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर नगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिकरवार में सामुदायिक भवन के पास स्थापित अंबेडकर प्रतिमा के पास बीती रात को शानदार बिरहा का भव्य आयोजन समिति के लोगों द्वारा किया गया गायक कलाकारों उपेंद्र लाल यादव और प्रसिद्ध गायिका उजाला यादव के बीच जोरदार बिरहा का मुकाबला देखने को मिला गायकों ने बाबा साहब अम्बेडकर के किए गए कार्यों पर सुंदर गीत गाया गया दलित, पिछड़ों के मसीहा संविधान के शिल्पी जिसने समाज में दबे कुचले पिछड़े लोगों के हक के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच के उद्घाटन के साथ हुआ मुख्य अतिथि पूर्व ग्राम प्रधान बनबहुआर राजेंद्र यादव और कुशल वक्ता ड्रा. पगला द्वारा सयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया वक्ताओं राजेंद्र यादव ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें याद कर नमन किया। वक्ताओं की कड़ी में डा.पगला ने बाबा साहब के ऊपर बहुत ही शानदार भाषण दिया और वहां उपस्थित जनसमूह को बहुत ही रोचक जानकारी दी तथा गरीबों, दलितों और पिछड़ों को अपने बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का अपील किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वा मंच के संचालन ग्राम रोजगार सेवक रोहित सिंह ने किया उनके कुशल आयोजन के लिए वक्ताओं ने प्रसंशा की और कमेटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस चैकी सरई गढ़ के उपनिरीक्षक रामनिधि पासवान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान सिकरवार मुलायम सिंह यादव, सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सोनभद्र परशुराम यादव, एडवोकेट दसरथ यादव, ग्राम प्रधान बनबहुआर अशोक कुमार, सुभाष भारती, ग्राम प्रधान सरई गढ़ संभूनाथ यादव, श्यामनारायण यादव, ड्रा राम सरीखा यादव, मालिक चंद यादव, कमेटी के सदस्यों में शांता भारती, रामराज, राम अवध, अवध राज, सहदेव, आदि लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर भारी संख्या में बिरहा प्रेमी भी कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे।

## ड्यूटी पर नहीं आ रही आउट सोर्सिंग महिला कर्मी, रजिस्टर पर लग रही हाजिरी



उन्नाव। जिला अस्पताल में अटेंडेंस रजिस्टर में छेड़छाड़ हो रही। ड्यूटी पर नहीं आ रही आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी कादम्बिनी की अटेंडेंस रजिस्टर में लग रही थी। पर्चा काउंटर पर महिला कर्मचारी की ड्यूटी है। इधर जिला अस्पताल का अटेंडेंस रजिस्टर स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है। बिना डियूटी आए महिला कर्मचारी घर बैठे तनख्वाह लेना चाह रही है। ऐसी चर्चाएं अस्पताल में भी सुनी गयी। इन सब खेलों से शायद जिला अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी अनजान. बने है या फिर जानबूझकर अनजान है। इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में आखिर कौन कौन शामिल हो सकता है यह भी कही न कही जांच का विषय बना है।

## कासगंज गैंगरेप केस का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कासगंज। कासगंज पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले के मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गए जिसकी पहचान योगेश उर्फ ब्लॉक प्रमुख के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भारती के अनुसार, शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे ततारपुर मार्ग पर मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध आता दिखा जिसे रुकने का इशारा किया, लेकिन रुकने के बजाय उसने अपना वाहन विपरीत दिशा में भगा दी और पुलिस टीम पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्वाई में एक गोली आरोपी के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। मुठभेड़ को कासगंज के कोतवाली थाना पुलिस, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा, दो कारतूस और दो खोखे, बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल और पीड़िता से लूटी गई कान की बालियां बरामद की हैं। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब तक इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नाबालिग पीड़िता 10 अप्रैल को अपने 17 वर्षीय मंगेतर के साथ राशन कार्ड बनवाने गई थी। जिला आपूर्ति अधिकारी (डीएसओ) के कार्यालय से लौटने के बाद वे एक नहर के पास बैठ गए तभी करीब 10 लोग आए और कथित तौर पर उन्हें झाड़ियों में ले गए। शिकायत के अनुसार, तीन लोगों ने कथित तौर पर पीड़िता से दुष्कर्म किया, जबकि अन्य ने उसकी सोने की बालियां और 5,000 रुपये छीन लिए। उन्होंने यूपीआई के जरिए उसके मंगेतर के फोन से पांच हजार रुपये भी निकाल लिये।

संक्षेप

## किराना व्यापारी के बेटे ने लगायी फांसी

**बांदा**। शहर के मर्दननाका मुहल्ले में किराना व्यापारी के बेटे हरिओम शिवहरे 23 ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डीएवी कालेज रोड पर शाम के समय हरिओम पिता गोविंद शिवहरे की किराना दुकान पर बैठा था कुछ देर बाद वह घर के अंदर चला गया। जब काफी समय तक वापिस नही आया तो पिता ने घर के अंदर जाकर देखा तो हरिओम फंदे से लटका मिला। परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये लेकिन डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। हरिओम दो भाईयों में छोटा था और अविवाहित था और वह स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुका था तथा पिता की दुकान पर काम करता था। पुलिस को जांच के दौरान मिला कि हरिओम का मोबाइल फोन पैटर्न लॉक है परिजनों ने पुलिस को फोन सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों की वजह पता नही चल सकी। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## सर्प काटने से किसान की मौत

**बांदा**। बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा खुर्द में खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने किसान को काट लिया जिससे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। शनिवार की सुबह उमेश कुमार 41 परिवार के साथ खेत में कटी हुई गेहूं की फसल एकत्र कर रहा था इसी दौरान गेहूं के नीचे बैठे जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सांप के काटने के बाद उमेश की हालत बिगड़ने लगी। उसकी बिगड़ती हालत देख पत्नी ने परिजनों की मदद से तत्काल इलाज के लिए सीएचसी ले गयी। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में भी उमेश की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## गौर कॉलोनी में तीन घरों से लाखों की चोरी

ललितपुर। कैलगुवां तिराहा स्थित गौर कालोनी में रहने वाले दुर्गेश राजपूत पुत्र लक्ष्मन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते गुरूवार को शाम करीब 6 बजे वह झांसी के बबीना में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। 19 अप्रैल को उसे पड़ौसी द्वारा फोन पर सूचना दी गयी कि उसके घर रात में चोरी हो गयी। पीड़ित ने बताया कि उसने कुछ समय पश्चात अपने घर आकर देखा तो अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर एक मोटर साइकिल अपाचे संख्या यू.पी. 94 वाई 8794 और एक एलईडी टीवी, एमआई के स्पीकर, सोने के टॉप्स, लोकेट, चांदी की पायलें, एक मिक्सी व दो लाख रुपये नकद चोरी कर लिये हैं। दुर्गेश ने बताया कि पड़ौस में रहने वाले अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उनके घर भी अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर अलमारी में रखे करीब 2 लाख रुपये चोरी कर लिये।

इसके अलावा मोहल्ले में किराये से रहने वाले शिवम मिश्रा ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्टस संख्या यू.पी.94 ए.ई. 6172 को चोरी कर लिया है। बताया कि 19 अप्रैल की रात करीब 1.20 बजे उपरोक्त तीनों चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने तीनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें समयबद्ध निस्तारणः डीएम



**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने तहसील नगीना के सभागार में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए चकबंदी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पांच वर्ष अथवा उससे अधिक के चकबंदी से संबंधित प्रकरण किसी भी अवस्था में लंबित न पाए जाएं, उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ त्वरित गति से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि चकबंदी से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा, अतः संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ चकबंदी के वादों को निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील नगीना के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि शासन के निदेशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का शिकायतकर्ता की संतुष्टि की आख्या के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप, से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके।

समाधान दिवस के मौके पर कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर एसडीम आशुतोष जैसवाल, उपाधीक्षक पुलिस अंजनी कुमार चतुर्वेदी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### समाधान दिवस में सुनी गईं समस्याएं

**ललितपुर**। सभी को उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाए जाने के लिए शासन के निदेर्शानुसार आज माह के तृतीय शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने मौजूद रहकर फरियादियों को सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जनपद की दूरस्थ तहसील मड़ावरा पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने बारी बारी शिकायतकताओं को अपने समीप बुलाकर उनकी समस्या सुनी और सम्बंधित अधिकारियों से कई मामलों में तत्काल समाधान कराया और शेष शिकायती पत्रों पर स्वयं स्थलीय स्तर पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ के.के. पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम मड़ावरा रोशनी यादव सहित अन्य जनपदस्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भागवत में ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, राजनीतीआदि का भरा पड़ा है ज्ञानः डॉ. संदीप



**झाँसी/ललितपुर**। जनपद के पंचवटी स्थित शिव परिवार कॉलोनी में अंजनी माता मंदिर पर भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कथा परीक्षित के रूप में श्रीमती रानी एवं लखनलाल सक्सेना द्वारा सपरिवार यह कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है।

- भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ आयोजित

सात दिवसीय इस कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में कलश यात्रा एवं मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में डॉ० संदीप के आगमन पर कथा परीक्षित परिवार द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी के रूप में डॉक्टर प्रभाकर शास्त्री एवं कार्यक्रम प्रमुख के रूप में प्रशांत सक्सैना सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में अंजनी माता मंदिर के पुजारी आनंद कुमार द्वारा कार्यक्रम की विधिवत संचालन में विशेष रूप से सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में कथा वाचक के रूप में बांके बिहारी मंदिर चरखारी से कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा भागवत में ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, आपद्धर्म, राजनीती आदि का ज्ञान भरा है। यह एक ऐसा शास्त्र है कि जिसके सुनने से और उसका अनुसरण करने से जीवन से संबंधित सभी प्रश्नों का उत्तर पाया जा सकता है साधक को साधन मार्ग में क्या-क्या संशय आते हैं इन सब पर विचार करके भागवत पुराण का रचना की गयी है। हमें इस प्रकार के आयोजनों में समय-समय पर सम्मिलित होते रहना चाहिए और अपने आगे आने वाली पीढियों को भी इसके महत्व को समझना चाहिये। क्योंकि दूसरी सभ्यताओं का अनुसरण करते हुए हम अपने धर्म से विमुख होते जा रहे हैं जो भविष्य में सनातन के लिए एक बड़ा खतरा है। हमें अपने वेद पुराण आदि धर्म ग्रंथो को कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से पढ़ना चाहिए इन्हें पढने से निश्चित रूप से आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती कृष्णकांति-अंजनी कुमार सक्सेना, श्रीमती अंकिता-चित्रांश सक्सेना, प्रियंका आनंद सक्सेना आदि का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, बसंत गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, महेंद्र रायकवार, संदीप नामदेव आदि उपस्थित रहे।

## मामले को लेकर झूठी शिकायत करने का आरोप

ललितपुर। विगत दिनों सुरईघाट कालोनी में रहने वाली महिला ने पड़ौस में रहने वाले कुछ लोगों पर प्रताड़ित करते हुये धर्मपरिवर्तन कराने जैसे गंभीर आरोप लगाये थे। इस मामले में दो दिन बाद अब दूसरा पक्ष सामने आया है।

दूसरे पक्ष ने धर्मपरिवर्तन का आरोप लगाने वाली महिला पर पूर्व में हुये विवाद में दर्ज कराये गये मामले का बदला लेने के लिए झूठी शिकायत करने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष की ओर से सुरईघाट कालोनी निवासी सानू पत्नी हेरिसन डेविड ने शनिवार को सदर तहसील पहुंच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देकर बताया कि विगत दिनों पड़ौस में रहने वाली सुमन नासम की महिला ने अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंच कर उस पर उसके परिजनों पर पुराने विवाद का बदला लेने की नीयत से धर्मपरिवर्तन कराने जैसा गंभीर आरोप लगाया है।

सानू डेविड का कहना है कि 25 जनवरी 2025 को भी उक्त लोगों से उसका विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने सुमन व उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

## बंगाल हिंसा पर विहिप ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**बांदा**। विश्व हिन्दू परिषद ने पश्चिम बंगाल की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई और राष्ट्रपति को संबोधित भेजा। संगठन का कहना है कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पूरे पश्चिम बंगाल में हिंसा फैलाई जा रही है। मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा में 2100 से अधिक हिंदुओं के घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया साथ ही तीन लोगो की हत्या की गयी। अनेक महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं भी सामने आई हैं। 500 से अधिक हिन्दू परिवारों को हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। विहिप ने आरोप लगाया कि दंगाईयों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय राज्य का प्रशासन कई जगह उनकी मदद कर रहा है। पीड़ित परिवारों की मदद करने की बजाय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दंगा फैलाने वाले इमामों से मिल रही हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि हिंसा से एक दिन पहले एक इमाम ने ममता बनर्जी को धमकी दी थी। विहिप का आरोप है कि मुख्यमंत्री शरणार्थियों को सुविधाएं देने की बजाय उन्हे वापस हिंसक भीड़ के सामने भेजने की साजिश कर रही हैं। संगठन की मांग है कि केन्द्र सरकार को राज्य प्रशासन अपने हांथ में लेकर दंगाईयों को कड़ी सजा दिलवानी चाहिए। कहा कि वक्फ कानून महज बहाना था जबकि मुर्शिदाबाद से हिन्दुओं को भगाने की बड़ी साजिश रची गयी है।

## पर्यटन विभाग की 6 परियोजनाएं स्वीकृत

**बांदा**। जनपद में पर्यटन विभाग के अंतर्गत 6 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत चंदौरा विकासखंड नरैनी स्थित कारूबाबा मंदिर का पर्यटन विकास प्रस्ताव विधायक ओममणि वर्मा ने राज्य सेक्टर पर स्वीकृत कराया है। ग्राम पंचायत लसडा, वसधरी में स्थित ऋषि वेदव्यास की जन्मस्थली का पर्यटन विकास कार्य जल शक्ति राज्य मंत्री, विधायक तिंदवारी रामकेश निषाद ने स्वीकृत कराया है। जितेंद्र सिंह सेंगर, विधान परिषद सदस्य ने तहसील बबेरू के ब्लाक कमासिन की ग्राम पंचायत मुड़वारा में भादेबाबा स्थल का पर्यटन विकास कार्य राज्य सेक्टर पर स्वीकृत हुआ है। इसी प्रकार सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रस्ताव पर ग्राम सोहाना, गंछा विकासखंड बड़ोखर खुर्द में सिद्ध बाबा स्थान का पर्यटन विकास तथा रनगढ़ किले की ओर जाने वाले पहुंच मार्ग का उच्चीकरण एवं स्ट्रीट फर्नीचर का कार्य किया जाएगा। जिला योजना से तिंदवारी के कुरसेजा धाम मंदिर का पर्यटन विकास कार्य भी पर्यटन विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

# विरासत का निर्माण करने वाले चित्रकारों और कलाकारों को नमनः डॉ.राजकुमार जैन

**ललितपुर**। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के तत्वावधान में कला भवन में विरासत संरक्षण दिवस के अवसर पर विरासत सरंक्षण संगोष्ठी, विरासत संरक्षरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिताका आयोजन मुख्य अतिथि डा.राजकुमार जैन के मुख्य आतिथ्य एवं इन्टैक ललितपुर चैप्टर के

- विरासत संरक्षण के दिशा में निरन्तर कार्य कर रहा है इन्टैकः सन्तोष शर्मा

संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवल एवं माँ सरस्वती पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डा.राजकुमार जैन ने कहा कि विरासत संरक्षण दिवस पर कला भवन में जाने माने चित्रकार बिरथरे की कला साधना की अमूल्य विरासत देखने का मुझे अवसर मिला। कला साधकों को शिविर के माध्यम से प्रशिक्षित कर एक विरासत तैयार कर रहे हैं। हमारे ललितपुर में बड़ी संख्या में विरासत है, इन्हें बनाने वाले कलाकारों, चित्रकारों को हम नमन करते है। जीवन में सत्य और भगवान पर भरोसा लेकर चलना, जिन्दगी में कभी डर नहीं लगेगा, कभी परेशान नहीं होगे। इन्टैक ललितपुर चैप्टर संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि इन्टैक अपने स्थापनाकाल से ही विरासत संरक्षण को लेकर निरन्तर कार्य कर रही है। विरासत संरक्षण की दिशा में इन्टैक ललितपुर चैप्टर ने ललितपुर की विरासत का सूचीकरण किया, डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का निर्माण किया, जिसकी पूरे देश में तारीफ हुई। विरासत संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण ललितपुर चैप्टर द्वारा 1,11,000 वृक्षों का वृक्षारोपण कराया गया गया है। जिसमें 90 प्रतिशत वृक्ष आज भी जीवित है। 19 से 25 नवम्बर तक चलने वाले विरासत सप्ताह के अंतर्गत अमेरिका एवं फ्रांस के सैलानियों को बरुआसागर के महरानी लक्ष्मीबाई के आश्रय स्थल का भ्रमण कराकर उससे अवगत कराने का प्रयास कर रहे है। ललितपुर पर्यटन एवं विरासत के क्षेत्र में काफी समृद्ध है, इसे पर्यटन बनाने के इन्टैक सतत प्रयास कर रहा है। कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि यूनेस्को ने 1982 में 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाने का निर्णय किया। चित्रकला एक विरासत है, आदिकाल एवं पाषाण काल में चित्रकला एवं मानव ने गुफाओं में रहना सीखा था, तभी से चित्रकला एक विरासत के रूप चली आ रही है। 330 ई.पू. से 600 ईसा तक में गुप्तकाल में 29 गुफाओं में भित्ति चित्र मिले, यह सभी हमारी विरासत है। माइकलो एंजलों, शैजा ने विश्व में अपनी चित्रकला के क्षेत्र में काम किया और अपनी विरासत को छोड़ गये। 17वीं और 18वीं शताब्दी में मुगलकाल में राजपूत शैली से बनाये गये चित्रों का प्रभाव बुन्देलखण्ड में भी पड़ा, यहां विशेष रूप से चितेरी कला, सुआटा, टेसू और ढिविया का विवाह विरासत के अंग बन गये है। देश के विरासत के शिविर में आये कलासाधकों ने बनाने का बढि ?ा प्रयास किया है। समाजसेवी मनमोहन जडि ?ा ने कहा कि विरासत का अर्थ होता है हमारी पूर्व संस्कृति, रीति-रिवाज, हमारे बुजुर्गों ने जो हमको दिया है, उसका संरक्षण करना है। हमारे बुजुर्गों का सम्मान भी हमारी विरासत है। उन्होंने कहा कि बिना संघर्ष के कोई महान नहीं होता है, जो संघर्ष करते है, वह इतिहास बन जाते हैं। इस अवसर पर मनमोहन जडि ?ा, राजकुमार राठौर, संस्कार भारती संरक्षक गोविन्द नारायण व्यास, सूचना प्रौद्योगिकीविद् विनोद त्रिपाठी, प्रो.राजीव निरंजन, सुरेश साहू, उर्वशी, अनुराधा मोदी, डा.विकास गुप्ता, विनीता मालवीय, मुकेश पटेल, प्रीतम सिंह राजपूत ने पर्यावरण को लेकर अपने विचार रखे। संचालन संस्कार भारती अध्यक्ष ब्रजमोहन संज्ञा ने किया। आभार इन्टैक ललितपुर चैप्टर को-कोआर्डिनेटर रजनीश चड्ढा ने व्यक्त किया।

# यौन शोषण से बचाव को जागरूकता शिविर



**बांदा**। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ० बब्बू सारंग के निर्देश पर शनिवार को यौन अपराधों से बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले यौन शोषण से बचाव तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के सम्बंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन हुआ। ग्राम महोखर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित शिविर की अध्यक्षता अपर जिला जज श्रीपाल सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। उन्होने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षा का अधिकार प्रत्येक बच्चें का मौलिक अधिकार है। प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा पाने का अधिकार हैं, चाहें उसकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता या जातीयता कुछ भी हो। इस अधिनियम के तहत प्राईवेट, निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए आरक्षित की गयी हैं। इस प्राविधान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हैं, जिससे वह समाज में समान अवसर प्राप्त कर सकें। अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा में प्रवेश, उपस्थिति और पूर्णतया सुनिश्चित करने का दायित्व सक्षम सरकार और स्थानीय अधिकारियों पर है। सुमन शुक्ला, पराविधिक स्वयं सेवक ने बताया कि यदि किसी महिला अथवा बालिका के साथ कोई व्यभिचार, अश्लील ढंग से उनके कार्यस्थल अथवा घर पर किसी बाहरी अथवा घर के सदस्य द्वारा ऐसा व्यवहार किया जाता है तो उसे तुरन्त शिकायत दर्ज करानी चाहिए। महिला आयोग में ऐसी शिकायतें अत्याधिक मात्रा में पहुंचती हैं। इस अवसर पर अध्यापिकाएं प्रज्ञा सिंह, रोशनी सिंह, सुमन निगम, प्रियन्का पाण्डेय तथा राशिद अहमद डी.ई.ओ. व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नमामि गंगे योजनाः नलों से नहीं टपका एक भी बूंद पानी



**ललितपुर**। साहब हमारे गांव में नल की लाइन डालकर पाइप तो लगा दिए गए लेकिन तब से आज तक पानी की बूँद तक लोगों को नसीब नहीं हुआ। हालांकि साहब की काफी सारी फोटोज सोशल मीडिया और तमाम पोर्टलों पर खूब वायरल हुईं। नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर किस प्रकार से कागजों के जरिये झूठ परोसा जा रहा है ये अधिकारी धरातल पर आकर ग्रामीण अंचलों में जाकर स्वयं देख सकते हैं। मामला मुख्यालय से करीब सात किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत कुआँतला का है। इस ग्राम पंचायत में घर के बाहर नालों के पाइप तो लगे हैं और लोगों का

- नमामि गंगे योजना जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई फेल
- कुआँतला में पाइप लगे पर नहीं आया पानी
- हैंडपम्प और कुआं से पानी भरने को आज भी विवश हैं लोग

कहना है कि पाइप लाइन कि जांच करने के लिए नालों से पानी आया था, इसके बाद से अब तक इस पाइप से पानी कि बूँद तक लोगों को देखने नहीं मिली। आलम यह है कि गांव कि महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा दैनिक जीवन यापन के लिए गांव में लगे हैंडपम्प और कुआं से से पानी लाने को विवश हैं। गर्मी के दिन व दिन विकराल होते जा रहे स्वरुप के चलते अब प्राकृतिक स्त्रोत सूखने लगे हैं तो वहीं हैंडपम्प ने भी पानी छोड ?ा शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं गांव में सुबह से ही हैण्डपम्पों पर महिलाओं की लम्बी लाइनें लग जाती हैं, ताकि वह समय से पानी भर सकें। इधर दूसरी ओर जिला प्रशासन की बात करें तो नमामि गंगे से सम्बन्धित अधिकारी कार्यालय में बैठकर योजना को धरातल पर फलीभूत होने का दावा करते हुये नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों को गांव-गांव ले जाकर नलों के पाइप चैक करते समय आये हुये पानी के साथ फोटो खींच कर सोशल मीडिया और पोर्टलों पर भी खूब वायरल हुयी, लेकिन उसके बाद से मामला सिफर रहा है। यहां पाइप में टोटियां भी नहीं लगायी गयी हैं। इसके अलावा गांव में पेयजल आपूर्ति न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में रहने वाली मुन्नीबाई ने बताया कि उनके गांव में शुरू से ही हैण्डपम्प और कुंए के पानी का इस्तेमाल होता आया है। लेकिन धीरे-धीरे आवादी बढ ? के साथ ही लोगों की दैनिक आवश्यकता बढ़ गयी और अब आलम यह है कि पेयजल के लिए समस्याएं विकराल होने लगी हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा गांव में लाइन बिछाकर पाइप घर-घर लगाये गये हैं, बावजूद इसके आज तक एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो सका है। वहीं मोहल्ला खुशीपुरा में रहने वाले लालसिंह ने बताया कि उसके मोहल्ले में पाइप लाइन तो डाली गयी, लेकिन नलों के पाइप नहीं लगाये गये हैं। जिस कारण यहां के लोगों को यह भी पता नहीं है कि नलों से पानी आता भी है या नहीं। यहां के लोग गांव में दूर स्थानों पर लगे हैण्डपम्पों से पानी भरकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लालसिंह ने गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किये। ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत से जब पाइप लाइन में पानी न आने की बात पूछी गयी तो उन्होंने दबी जुबान में स्पष्ट कहा कि अधिकारियों के सामने बोलने में डर लगता है। क्योंकि यहां विकास कार्यों में अधिकारी रूचि नहीं ले रहे हैं।

## राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत, गर्मी से मिली थोड़ी राहत



**धामपुर, बिजनौर**। गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप से राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए तरंग परिवार की ओर से शीतल और मीठे शरबत के शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान मार्ग से गुजर रहे राहगीरों विद्यालयों के छात्र छात्राओं विभिन्न विभागों को जाने वाले कर्मचारियों ने शरबत पीकर गर्मी में कुछ राहत महसूस की। शिविर में धामपुर के ग्राम नौरंगाबाद निवासी सरदार कमलजीत सिंह सलूजा सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा प्रिंस सलूजा सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी प्रीत कुमार राजीव कुमार शर्मा सरदार दमनप्रीत सिंह सलूजा सरदार दिलवंश सिंह सलूजा आदि सहित उनके अनेक सहयोगियों का योगदान रहा। जिन्होंने शिविर के प्रारंभ होने से लेकर समापन तक मौजूद रहकर अपनी सेवाएं प्रदान की। पंजाबी कॉलोनी के श्री गुरु नानक मार्ग पर गुरुद्वारा के बाहर शिविर आयोजित करने वाले तरंग परिवार के प्रमुख सरदार कमलजीत सिंह सलूजा को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के दीवान हाल में आयोजित सम्मान समारोह में विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया।

## आंधी व बारिश से फसल को भारी नुकसान

**स्योहारा, बिजनौर**। बीती रात्रि तेज हवा के साथ झमाझम बारिश से जहां गेहूं और मक्के की फसल समेत आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं शहर से ग्रामीण इलाकों तक जनजीवन अस्त-व्यस्त बना रहा। जगह-जगह सड़कों पर बड़े-बड़े पेड़ गिर पड़े, जिससे कई मार्गो पर घंटों यातायात भी प्रभावित रहा। तेज हवा के कारण सड़क किनारे लगे कई हार्डिंग क्षतिग्रस्त हो गए तो कई लोगों का टीन व छप्पर भी उड़ गया। इधर, तेज हवा के कारण सैकड़ों एकड़ में लगी मक्के की फसल गिर कर जमींदोज हो चुकी है। किसान चैधरी गजेन्द्र सिंह टिकेत, कैशव त्यागी, शाकिर घोसी, हाजी आरिफ, सैय्यद सुभहानी, दानिश जैदी आदि का कहना है कि बारिश होने से खेत में पडा गेंहू व फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। मक्के की फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिसमें बाली निकल चुका था वे पौधे तो शत-प्रतिशत गिर गए हैं। जिन खेतों में बाली नहीं निकली थी, उन खेतों में भी 90 फीसदी पौध जमीदोज हो गए हैं। आंधी पानी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों ने कर्ज लेकर आभूषण गिरवी रखकर फसल को लगाया था, भयंकर आंधी की वजह से नगर क्षेत्र में विद्युत विभाग के खम्बे भी गिर गए जिससे बिजली बाधित हो गई है। किसानों ने फसल क्षति का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# साक्षरता और पढ़ने के प्रेम को बढावा देने में पंचायत पुस्तकालयों की अहम भूमिकाः डीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि साक्षरता और पढ़ने के प्रेम को बढावा देने में ग्राम पंचायत पुस्तकालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बच्चों, वयस्कों और परिवारों के लिए साक्षर कौशल में सुधार करने और आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए संसाधन प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि सूचना तक पहुँच एक महत्वपूर्ण कारण जो पुस्तकालयों को जरूरी बनाती है, वह यह है कि पुस्तकों, डाटाबेस और डीजिटल प्लेटफार्म सहित सूचना संसाधनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते है। जिसमें दुनिया भर के हजारो अखबार एवं पत्रिकाएं शामिल है, यह उन अभ्यर्थियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। जिनके पास इन्टरनेट की सुविधा नहीं है और जो किताबें एवं अन्य संसाधन खरीदने के लिए सक्षम नहीं है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के द्वारा इन निर्मित पुस्तकालयों में अध्ययन कर शासकीय सेवा के लिए परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक वरदान हैं।

वर्तमान तक जनपद में इन निर्मित पुस्तकालयों में अध्ययन कर 4500 से अधिक युवाओं का विभिन्न शासकीय सेवाएं जैसे पुलिस, सेना, एसएससी आदि में चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत पुस्तकालय एक सामुदायिक केन्द्र के रूप में भी क्रियाशील हैं, जहाँ लोग एकत्रित होकर अध्ययन के साथ-साथ विभिन्न अन्य गतिविधियों में भी भाग ले सकते है। वे आयोजन, कार्यशालाएं, पुस्तक क्लब, व्याख्यान और अन्य कार्यक्रम आयोजित कर सकते है और समुदाय के लिए अपनेपन की भावनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत पुस्तकालय शिक्षा एवं सूचना के क्षेत्र में शैक्षणिक और सार्वजनिक समुदाय को सेवा प्रदान करने का एक अनुठा तरीका है। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने ग्राम पंचायत में स्थापित किए जाने वाले पुस्तकालय के संबंध में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए एवं ग्रामीणों में ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए जनपद बिजनौर की समस्त 1123 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। पुस्तकालय निर्माण के लिए केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि का प्रयोग ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है। पुस्तकालय में ब्रॉण्ड बैण्ड, इन्टरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा, वाई-फाई की सुविधा, पेयजल एवं शौचालय सुविधा उपलब्ध हैं।

## न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक में हुआ विचार-विमर्श

**ललितपुर**। राज्य सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुसार जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां के निर्देशन में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज की अध्यक्षता में न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीजेएम विभान्शु सुधीर, सिविल जज सी.डि. एफ.टी.सी. रविशंकर गुप्ता, अपर सिविल जज जू.डि. अदिति जैन, सिविल जज जू.डि. देवप्रिय सारस्वत, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह मौजूद रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णीत वादों पर चर्चा कर आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

संक्षेप

## पंजाब सरकार बीजों पर देगी 33 फीसद सब्सिडी

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के अपने कदम के तहत बीटी कपास संकर बीजों पर 33 प्रतिशत सब्सिडी देने का फैसला किया है। यह सब्सिडी उन बीजों पर दी जाएगी, जिनकी सिफारिश पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना द्वारा की गई है। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि सब्सिडी कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और इस कदम से कपास उत्पादकों पर वित्तीय बोझ कम होगा, साथ ही गैर-अनुशंसित संकर कपास की खेती को हतोत्साहित किया जाएगा ताकि वे उच्च उपज देने वाले और कीट प्रतिरोधी बीटी कॉटन हाइब्रिड बीज अपना सकें। उन्होंने कहा कि विभाग ने इस साल कपास के रकबे को कम से कम 1.25 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## 1,400 करोड़ के सौदे की मांगी मंजूरी

नयी दिल्ली। लॉजिस्टिक कंपनी डेल्हीवरी लिमिटेड और ईकॉम एक्सप्रेस ने 1,400 करोड़ रुपये के सौदे के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। पांच अप्रैल को घोषित सौदे के तहत, डेल्हीवरी 1,400 करोड़ रुपये के नकद प्रतिफल के लिए ईकॉम एक्सप्रेस में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करेगी। जहां डेल्हीवरी एक सूचीबद्ध एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी है, वहीं ईकॉम एक्सप्रेस भारतीय ई-कॉमर्स उद्योग को लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करती है। नियामक को सौंपे गए पत्र के अनुसार, संबंधित उत्पादों और भौगोलिक बाजारों को खुला छोड़ा जा सकता है, बशर्ते कि प्रस्तावित सौदे से भारत के किसी भी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक गतिशीलता में कोई बदलाव न आए, प्रतिस्पर्धा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की तो बात ही छोड़िए। नोटिस में कहा गया है कि इसके अलावा, प्रस्तावित लेनदेन, भारतीय अर्थव्यवस्था की लागत दक्षता, गति और लॉजिस्टिक्स की पहुंच में सुधार की निरंतर आवश्यकता को दर्शाता है।

## घाटी में सात अपराधी गिरफ्तार, हथियार जब्त

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में शनिवार को सात कथित खूंखार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से धारदार हथियार जब्त किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब ये अपराधी स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) से घूम रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें विजयपुर के एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के निकट रोककर गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सांबा के याकूब अली उर्फ युका, इस्माइल उर्फ बच्चू और मोहम्मद इकबाल, जम्मू के मोहम्मद साइन, मुराद अली और मोहम्मद इरफान तथा डोडा के गजनफर रूप में की गयी है जो एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं तथा किसी जघन्य अपराध की साजिश रच रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सांबा और अन्य जिलों के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं तथा उनके पास से चार धारदार हथियार और एसयूवी भी जब्त की गई है।

## पाकिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र के पास 94 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप पूर्वाह्न 11:47 बजे दर्ज किया गया। इस्लामाबाद, लाहौर, पेशावर, रावलपिंडी और खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न हिस्सों समेत पाकिस्तान के एक बड़े क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। खैबर पख्तूनख्वा के निचले दीर, बाजौर, मलकंद, नौशेरा, दीर बाला, शबकदर और मोहमंद क्षेत्रों में भूकंप के सबसे शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिससे निवासियों में व्यापक दहशत फैल गई। अभी तक कहीं से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। पिछले शनिवार को पाकिस्तान की राजधानी और खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के कुछ हिस्सों में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद यह एक सप्ताह में दूसरा भूकंप था।

# भारत-अमेरिका में व्यापार पर जल्द बनेगी सहमति

### दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के संदर्भ की शर्तों में लगभग 19 अध्याय

एजेंसी



नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (भाषा) भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों द्वारा अंतिम रूप दिए गए संदर्भ शर्तों (टीओआर) में लगभग 19 अध्याय शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनमें शुल्क, सामान, गैर-शुल्क बाधाएं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है।

वार्ता को और गति देने के लिए, जवाबी शुल्क पर रोक वाले 90 दिन के अंदर प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए एक भारतीय आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा कर रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगले वाणिज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। वह एक अक्टूबर से पदभार ग्रहण करेंगे। अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन में अमेरिकी समकक्षों के साथ तीन दिवसीय भारतीय आधिकारिक टीम की वार्ता बुधवार (23 अप्रैल) से शुरू होगी। अधिकारी ने कहा दोनों पक्ष महत्वाकांक्षा के स्तर पर चर्चा करेंगे। संदर्भ शर्तों को और विकसित किया जाएगा और उन पर चर्चा की जाएगी। बातचीत का मार्ग क्या होगा? शर्तों में शुल्क, गैर-शुल्क बाधाएं, उत्पत्ति के नियम और विनियामक मामले जैसे मुद्दे शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि समझौते की सामान्य रूपरेखा के साथ-साथ कार्यक्रम तय करने पर भी चर्चा की जाएगी, ताकि 90 दिनों में चीजों को अंतिम रूप दिया जा सके। तीन दिवसीय विचार-विमर्श महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पहले कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को ट्रंप प्रशासन द्वारा घोषित 90-दिवसीय शुल्क विराम में अंतिम रूप दिया जा सकता है, यदि यह दोनों पक्षों के लिए फायदा है। यह यात्रा एक उच्च-स्तरीय अमेरिकी टीम के भारत दौरे के कुछ ही सप्ताह के भीतर हो रही है। यह बताती है कि बीटीए के लिए वार्ता गति पकड़ रही है। पिछले महीने दोनों देशों के बीच वरिष्ठ अधिकारी स्तर की वार्ता हुई थी। दक्षिण और पश्चिम एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच भारतीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण व्यापार चर्चा के लिए 25 से 29 मार्च तक भारत में थे। दोनों पक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क पर नौ अप्रैल को घोषित 90 दिन की रोक का उपयोग करना चाहते हैं।

## विश्व बैंक की बैठक में भाग लेंगीं सीतारमण

एजेंसी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका और पेरू की 11 दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान जी20 बैठकों में भाग लेंगी। इसके अलावा वह अन्य द्विपक्षीय कार्यक्रमों और आईएमएफ-विश्व बैंक की बैठक में भी शामिल होंगी। सीतारमण शनिवार रात आधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हो रही हैं। वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को स्थित शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। इसके अलावा वह निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ भी बातचीत करेंगी। अमेरिका यात्रा के दौरान वह 20 अप्रैल को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवर इंस्टीट्यूशन में मुख्य भाषण देने के लिए सैन फ्रांसिस्को पहुंचेंगी। इसके बाद 22-25 अप्रैल तक वाशिंगटन में वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठकों, जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की दूसरी बैठक, विकास समिति की बैठक, आईएमएफसी की बैठक और वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज (जीएसडीआर) बैठक में भाग लेंगी। इस दौरान वह अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित कई देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी।

# भारतीय वायुसेना के एयर शो ने किया मंत्रमुग्ध



एजेंसी

रांची। भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) ने शनिवार सुबह नामकुम आर्मी ग्राउंड में शानदार एयर शो से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह समेत वरिष्ठ रक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के एक चरण में छह विमानों ने करीबी संरचना में उड़ान भरी जबकि दूसरे चरण में इन विमानों ने जमीन से मात्र 100 फुट की उंचाई पर करतब दिखाए। एक अधिकारी ने कहा, इस एयर शो का आयोजन केवल करतब दिखाने के लिए नहीं किया गया बल्कि इस दौरान वायुसेना के जुनून, अनुशासन और उसकी भावना को दर्शाया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हालांकि बताया कि नौ विमानों में से तीन विमान शुक्रवार को रांची में बारिश और ओलावृष्टि के कारण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि रांची में पहली बार विमानों ने इतनी कम उंचाई पर करतब दिखाए। अधिकारी ने बताया कि 1996 में गठित एसकेएटी ने भारत और श्रीलंका, म्यांमा, चीन, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित दुनिया भर में 500 से अधिक ऐसे शो किए हैं। उन्होंने कहा कि अपने आदर्श वाक्य सदैव सर्वोत्तम के लिए जानी जाने वाली इस टीम का एयर शो युवाओं को प्रेरित करने और सशस्त्र बलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के भारतीय वायुसेना के कार्यक्रम के तहत किया गया। यह कार्यक्रम रांची में रविवार को पुनः होगा। इसके बाद 22-23 अप्रैल को पटना में एयर शो होगा।

## व्यापार-अनुकूल वातावरण देने को प्रतिबद्ध : उमर



एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश में व्यापार अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। वह यहां कारोबारी सुगमता (ईओडीबी) ढांचे के तहत अनुपालन में कमी और विनियमन में प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का उद्देश्य नियामक वातावरण को कारोबार के लिए अधिक अनुकूल बनाना था। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह बैठक प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), नीति आयोग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) सहित प्रमुख संस्थानों के सहयोग से केंद्रीय मंत्रिमंडल सचिवालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय पहल का हिस्सा थी। इस पहल का उद्देश्य अनावश्यक विनियमनों को समाप्त करना, विशेष रूप से एमएसएमई के लिए अनुपालन बोझ को कम करना, डिजिटलीकरण और एकल खिड़की मंजूरी को बढ़ावा देना तथा जहां भी आवश्यक हो, व्यावसायिक कानूनों को अपराधमुक्त करना है।

## औरिका समूह यूपी में करेगा 220 करोड़ रुपये का निवेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीन, मकान के विकास से जुड़ी रियल एस्टेट कंपनी औरिका समूह उत्तर प्रदेश के अयोध्या और बरेली में 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने अयोध्या में एक बड़ी होटल परियोजना शुरू की है, जबकि बरेली में लक्जरी विला की परियोजना बनाने की योजना है।

औरिका समूह ने कहा कि अयोध्या में बनने वाली यह परियोजना बेस्ट वेस्टर्न होटल्स के साथ साझेदारी में तैयार की जा रही है। शहर के 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित यह परियोजना धार्मिक पर्यटन को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। कंपनी ने कहा कि वह बरेली में 5.50 एकड़ में लक्जरी विला परियोजना शुरू कर रही है। समूह को बरेली में दो परियोजनाओं और अयोध्या में एक परियोजना के लिए रियल एस्टेट प्राधिकरण (रेरा) की मंजूरी भी मिल चुकी है।

समूह के मुताबिक, बरेली में अब तक द रेजिडेंस नाम की एक परियोजना पूरी तरह बिक चुकी है, जबकि औरिका एवेन्यू नामक मिश्रित उपयोग की परियोजना बड़ा बाईपास मार्ग पर निर्माणाधीन है। इन सभी परियोजनाओं से समूह को करीब 350 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिलने का अनुमान है। औरिका समूह के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रसून चौहान ने कहा कि अयोध्या की धार्मिक पहचान और बरेली की शहरी संभावनाएं, दोनों हमारे विकास के मजबूत आधार हैं।

## अंतिम चरण में एफसटी पर भारत-ब्रिटेन के बीच वार्ता

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है और दोनों पक्ष शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय निवेश संधि में मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन की एक टीम यहां आई है। मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके ब्रिटिश समकक्ष चांसलर रेचल रीव्स के बीच 13वीं मंत्रिस्तरीय भारत-ब्रिटेन आर्थिक और वित्तीय वार्ता (ईएफडी) नौ अप्रैल को पूरी हुई। इस वार्ता में उन्होंने द्विपक्षीय एफटीए पर बातचीत को जल्द पूरा करने की इच्छा और सकारात्मकता दिखाई। सूत्रों ने संकेत दिया कि अब वार्ता का एक और पूर्ण दौर होने की संभावना नहीं है, क्योंकि चर्चाएं तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने 24 फरवरी को दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत बहाल करने की घोषणा की।

आठ महीने से अधिक समय के अंतराल के बाद बातचीत बहाल हुई। वार्ता 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। अब तक 14 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। दोनों देश तीन अलग-अलग मोर्चों-एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और दोहरा योगदान सम्मेलन समझौता पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के दो सेवानिवृत्त आईएएस अफसर व पूर्व महाधिवक्ता पर केस

एजेंसी

नयी दिल्ली/रायपुर। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ के तीन पूर्व शीर्ष अधिकारियों-प्रधान सचिव, संयुक्त सचिव और महाधिवक्ता के खिलाफ नागरिक आपूर्ति निगम (एनएएन) और प्रवर्तन निदेशालय के मामलों में कार्यवाही को प्रभावित करने के कथित प्रयास के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह कथित घोटाला पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ था। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने तत्कालीन संयुक्त सचिव अनिल टुटेजा और तत्कालीन प्रधान सचिव आलोक शुक्ला (दोनों सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी) एवं तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ पहले जांच की थी और बाद में राज्य सरकार ने मामले की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी।

उन्होंने कहा सीबीआई द्वारा रायपुर में दो स्थानों पर आरोपी दो लोक सेवकों के परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें कुछ दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि आरोपी लोक सेवकों ने 2015 में ईओडब्ल्यूएसीबी (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो), रायपुर में उनके खिलाफ दर्ज नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) मामले और इसके आधार पर दर्ज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में कार्यवाही को प्रभावित करने के लिए अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति पुतिन

बाहर नहीं निकाला है... ताकि कुर्स्क क्षेत्र को पूरी तरह से मुक्त किया जा सके। बस्ती में भीषण लड़ाई चल रही है। एक अन्य घटनाक्रम में, यूक्रेन की वायुसेना ने दावा किया कि रूस ने शनिवार रात तक ड्रोन और डमी हथियारों से 87 महले किये। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात को यूक्रेन के दो ड्रोन मार गिराये।

### समाज को

आदित्यनाथ के आठ साल के कार्यकाल में गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई उंचाइयों को छू रहा है।

### खेलों के

को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। आज खेलो इंडिया के तहत 3,000 से ज्यादा खिलाड़ियों को 50,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, जरूरी उपकरण और दूसरी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। सिंह ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में एक नयी खेल संस्कृति विकसित हुई है। उन्होंने कहा पहले भारतीय खिलाड़ी जीतने से ज्यादा भाग लेने से संतुष्ट होते थे। लेकिन आज दुनिया में जहां भी भारतीय खिलाड़ी जाते हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। इस बदलाव के पीछे एक बड़ी वजह केंद्र और हमारी उत्तर प्रदेश सरकार की खेल हितैषी नीतियां हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं, तो उनका एक ही लक्ष्य होता है - खुद को और टीम को विजयी बनाना। रक्षा मंत्री ने कहा खिलाड़ी हमेशा टीम को व्यक्तिगत से ऊपर रखना जानता है। यह भावना बाद में राष्ट्र प्रथम के रूप में सामने आती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित होकर भारत के कई सांसदों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करके समाज के विकास के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। सिंह ने कहा कि आज लखनऊका नाम भी उस सूची में जुड़ गया है।

### मालेगांव

(यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत मुकदमा चलाया गया। इस मामले की जांच शुरू में महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा की गई थी, जिसे 2011 में एनआईए को स्थानांतरित कर दिया गया। एनआईए ने मामला अपने हाथ में लेने के बाद 2016 में आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें ठाकुर और तीन अन्य आरोपियों श्याम साहू, प्रवीण टाकलकी और शिवनारायण कलसांगरा को क्लीन चिट देते हुए कहा था कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला और उन्हें मामले में आरोप मुक्त किया जाना चाहिए। एनआईए अदालत ने हालांकि साहू, कलसांगरा और टाकलकी को आरोप मुक्त कर दिया और फैसला सुनाया कि साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को मुकदमे का सामना करना होगा।

### दिल्ली में

थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इमारत ढहने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं और घटना पर दुख जताया है। आसपास की इमारतों में रहने वाले निवासियों ने भी झटके महसूस किए और कहा कि यह भूकंप जैसा था तथा नीचे की मंजिल हिल रही थी। ढह चुकी इमारत के बगल में रहने वाले शिव विहार निवासी रायन ने कहा, ऐसा लगा जैसे हमारे घर से कुछ टकराया हो लेकिन जब हमने बाहर देखा तो पास की पूरी इमारत मलबे में तब्दील हो चुकी थी। पुलिस ने कहा कि तड़के करीब तीन बजकर दो मिनट पर दयालपुर थाने में इमारत ढहने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम शक्ति विहार की गली नंबर- । पहुंची, जहां मलबे में 22 लोग दबे थे। अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और एम्बुलेंस सेवाओं की बचाव टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। मलबे से बाहर निकाले जाने के बाद घायलों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। इससे पूर्व, एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मोहसिन शाहिदी ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम इसे पैनकेक कोलैप्स कहते हैं - ढहने का एक खतरनाक प्रकार जिसमें बचने की संभावना न्यूनतम होती है। फिर भी, हमें उम्मीद है कि लोग जिंदा होंगे और हम सक्रिय रूप से उनकी तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि यह अत्यधिक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है, इसलिए मलबा हटाने का काम धीरे-धीरे किया गया, जिससे बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि जगह की कमी के कारण भारी मशीनरी के उपयोग में दिक्कतें थीं। मृतकों में इमारत के मालिक तहसीन (60), उनके बेटे नजीम (30), उनकी पत्नी शाहिना (28) और उनके तीन बच्चे अनस (6), आफरीन (2) और अफान (2) तथा मालिक की छोटी बहू चांदनी (23) शामिल हैं। दो भाइयों- दानिश (23) और नावेद (17) तथा रेशमा (38) एवं इशाक (75) की भी इस घटना में मौत हो गई। छह लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिनमें तहसीन का बेटा चांद (25) भी शामिल है, जबकि तहसीन की पत्नी समेत नौ लोग भर्ती हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर कहा, मुस्तफाबाद में इमारत ढहने की घटना से बहुत दुख हुआ। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

गुप्ता ने कहा, इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन के साथ पूरा सहयोग करने की अपील करता हूं। आप नेता आतिशी ने भी घटना पर दुख जताया और पार्टी कार्यकर्ताओं से अभियान में अफसरों का सहयोग करने का आग्रह किया।

### जेईई-मेन

पैमाने पर परिवर्तित किया जाता है। जेईई (मेन) पेपर-एक और पेपर-दो के परिणामों के आधार पर जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को छांटा जाएगा। सफल परीक्षार्थियों को 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश मिलता है। अधिकारी ने कहा जो परीक्षार्थी परीक्षा के दोनों सत्रों में उपस्थित हुए, उनके लिए दोनों सत्रों का सर्वश्रेष्ठ एनटीए स्कोर घोषित किया गया है। परीक्षा 13 भाषाओं - असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। जेईई (मेन) के दूसरे सत्र में 300 शहरों में 531 विशिष्ट परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन किया गया जिनमें भारत के बाहर के 15 शहर शामिल है। विदेश में मनामा (बहरीन), दोहा सिटी (कतर), शारजाह, अबू धाबी एवं दुबई (संयुक्त अरब अमीरात), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब), सिंगापुर, कुवैत सिटी (कुवैत), कुआलालंपुर (मलेशिया), काठमांडू (नेपाल), वेस्ट जावा (इंडोनेशिया) वाशिंगटन (अमेरिका) लागोस (नाइजीरिया) और म्यूनिख (जर्मनी) में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पहले सत्र में 39 परीक्षार्थियों के एनटीए स्कोर घोषित नहीं किए गए थे क्योंकि वे अनुचित व्यवहार में लिप्त पाए गए थे। दूसरे सत्र में 110 परीक्षार्थी फर्जी दस्तावेज समेत अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पाए गए जिसके कारण उनके परिणाम घोषित नहीं किए गए। एनटीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इन परीक्षार्थियों के अलावा 23 अभ्यर्थियों के परिणाम उनकी तस्वीरों, बायोमीट्रिक विवरण या पहचान के सत्यापन संबंधी अन्य व्यक्तिगत जानकारी में विसंगतियों के कारण रोक दिए गए हैं। इन परीक्षार्थियों को अपने परिणाम घोषित करने के लिए एक निर्दिष्ट तिथि के भीतर एनटीए को एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित अपनी तस्वीरों का वैध प्रमाण प्रदान करने के लिए कहा गया है।

### धामी सरकार

क्षेत्र में जन जागरूकता लाने वालों को सम्मानित भी किया जाय। योग से साथ जनसहभागिता से नियमित स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग न केवल हमारी प्राचीन परंपरा है, बल्कि यह आज की जीवनशैली में संतुलन और स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम भी है। हमें युवाओं, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को इस आयोजन से जोड़ना होगा। योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम भव्य, व्यवस्थित और जन-सहभागिता से किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, योग की पवित्र भूमि है, और यहां से पूरे विश्व को योग का संदेश गया है, इसलिए यहां के कार्यक्रमों की एक विशेष पहचान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को अधिकतम योग से जोड़ा जाय। योग और ध्यान के साथ ही वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाए। जनपदों में योग और आयुष मेले आयोजित किए जाएं। योग को रोजगार से भी जोड़ा जाए। देवभूमि और योग भूमि के रूप में उत्तराखंड की वैश्विक स्तर पर अलग पहचान है। योग का आध्यात्मिक रूप से भी प्रस्तुत किया जाए। राज्य के प्रमुख दैवीय स्थलों और पर्वतीय क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर योग के कार्यक्रम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग एवं जिला प्रशासन को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, सचिन कुर्वे, एडीजी एपी अंशुमन, अपर सचिव विजय जोगदंडे और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।




# गुजरात टाइटन्स सात विकेट से जीता

## आईपीएल 2025: कृष्णा के चार विकेट, बटलर का नाबाद अर्धशतक

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स प्रसिद्ध कृष्णा (41 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद जोस बटलर (नाबाद 97 रन) के अर्धशतक की मदद से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। गुजरात टाइटन्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के 10-10 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट से शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम पहले स्थान पर पहुंच गई।

जीत के लिए 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड (43 रन) ने गुजरात टाइटन्स के लिए तीसरे विकेट के लिए 69 गेंद में 119 रन की रिकॉर्ड साझेदारी बनाई। घरेलू टीम के लिए इससे पहले तीसरे विकेट के लिए साझेदारी का रिकॉर्ड 90 रन का था। बटलर ने 54 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और चार छक्के जड़े जबकि रदरफोर्ड ने 34 गेंद में एक चौके और तीन छक्के जड़े। बटलर अपना शतक पूरा नहीं कर सके क्योंकि अंतिम ओवर में राहुल तेवतिया (तीन गेंद में नाबाद 11 रन) ने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर छक्का जड़ा और अगली गेंद पर चौका जड़कर चार गेंद रहते जीत दिलाई। गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल (07) पांच गेंद खेलने के बाद एक रन लेने को लेकर हुई गफलत में रन आउट हो गए। इससे टीम ने पहला विकेट 14 रन पर गंवा दिया। साई सुदर्शन (36 रन, 21 गेंद) और बटलर अच्छी लय में थे और दूसरे विकेट के लिए 35 गेंद में 60 रन की साझेदारी निभा चुके थे। सुदर्शन (पांच चौके, एक छक्का) कुलदीप यादव के पहले ओवर की तीसरी गेंद को पुल करने के प्रयास में सीधे डीप मिडविकेट पर उठाकर स्टब्स के हाथों कैच आउट हो गए। इस ओवर में दो रन बने और एक विकेट गिरा। फिर रदरफोर्ड ने धीमी शुरूआत के बावजूद 12वें ओवर में कुलदीप की ओवर पिच गेंद पर लांग ऑफ में छक्का जड़ा। मोहित शर्मा के पहले ही ओवर की पहली दो गेंद को रदरफोर्ड ने स्कायर और फाइन लेग पर गगनदायी छक्कों के लिए पहुंचाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। बटलर ने चौका जड़कर



इसी ओवर में अपना 32 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से अर्धशतक पूरा किया। मोहित के इस ओवर में 18 रन बने। 15वां ओवर काफी दिलचस्प रहा जिसमें बटलर ने स्टार्क पर लगातार पांच गेंद में चौके जड़े लेकिन फिर उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव के कारण फिजियो को बुलाना पड़ा और अंपायर ने टाइमआउट कर दिया। दर्शक इसकी अंतिम गेंद पर चौके की उम्मीद कर रहे थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। फिर अंतिम पांच ओवर में टीम को 46 रन चाहिए थे जिसे उसने आसानी से बना लिया। इससे पहले कृष्णा के चार विकेट लेने के बावजूद अच्छी शुरूआत से बड़े स्कोर की ओर बढ़ती हुई दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ विकेट पर 203 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम कई मौकों पर बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने हर मौके पर वापसी करते हुए उसके बल्लेबाजों पर लगाम कसी। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रन और आशुतोष शर्मा ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रिस्टिन स्टब्स और करूण नायर ने 31-31 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स के लिए मोहम्मद सिराज (47 रन देकर एक विकेट) ने अपने पहले ओवर में 16 रन लुटाए जबकि दूसरे स्पैल के दो ओवर में 14 रन देकर एक विकेट झटका। अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। स्पिनर साई किशोर ने बस अंतिम ओवर डाला जिसमें उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को महज नौ रन बनाने दिए और एक विकेट आशुतोष शर्मा के रूप में लिया। अगर आशुतोष डटे रहते तो यह स्कोर बड़ा हो सकता था। दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल (23) ने सिराज के पहले ओवर में 16 रन बटोरे जिसमें दो चौके और एक छक्का जड़ा था। पोरेल बड़े स्कोर की ओर बढ़ते दिख रहे थे लेकिन अगले ओवर में अरशद खान की ओवर पिच गेंद मिड-ऑन पर सिराज के हाथों में खेलकर आउट हो गए। फिर केएल राहुल (28 रन, 14 गेंद) और नायर (18 गेंद) ने दूसरे विकेट के लिए 35 रन जोड़े जिसमें कुछ शानदार शॉट जड़े थे। राहुल ने सिराज की गेंद पर लांग ऑफ में छक्का और करुण ने अरशद की गेंद पर कमाल का छक्का जमाया। पर कृष्णा ने कर्नाटक के साथी को तेज यॉर्कर से वाइड थर्ड मैन पर अरशद के हाथों आसान कैच लपकवाया। फिर मेहमान टीम के लिए स्टब्स और पटेल ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन की अच्छी साझेदारी की। राशिद खान ने अपनी ही गेंद पर स्टब्स का कैच छोड़ दिया। पर कुछ देर बाद सिराज की गेंद पर कृष्णा को कैच थमा दिया। कृष्णा ने फिर अक्षर को आउट करके अहम विकेट झटका जो क्रीज पर जम गए थे। आशुतोष शर्मा (19 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) ने अंत तक कुछ बेहतरीन शॉट खेले।

# युजवेंद्र चहल आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में एक

बेंगलुरु। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने युजवेंद्र चहल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्होंने इस लेग स्पिनर से निजी बातचीत में रन जाने की चिंता करने के बजाय विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। चहल मौजूदा आईपीएल में शुरू में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन उन्होंने अब अपनी लय हासिल कर ली है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट लेकर पंजाब की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

अय्यर ने मैच के बाद कहा, मैंने निजी तौर पर चहल से बात की। मैंने उनसे कहा कि आप मैच विजेता हैं और आपको जितना संभव हो हमारे लिए विकेट हासिल करने हैं। आपको रक्षात्मक रवैया अपनाने की जरूरत नहीं है और आप वापसी करने की क्षमता रखते हो। हम एक लेग स्पिनर के तौर पर उनकी इसी बात के लिए प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है, शायद आईपीएल में अब तक का सबसे अच्छा गेंदबाज है। आपको हर समय उसका समर्थन करना होगा। बारिश से प्रभावित यह मैच प्रति टीम 14 ओवर का कर दिया गया। आरसीबी की टीम में पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 95 रन बनाए। पंजाब ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से नेहल वढेरा ने 19 गेंद पर 33 रन



की मैच विजेता पारी खेली।

अय्यर ने कहा जैसा कि कहा जाता है कि विविधता जीवन में रंग भरती है। हमें भी यहां विभिन्न तरह के मैच का अनुभव मिलता है। यह बहुत बड़ी चुनौती होती है। पंजाब किंग्स के कप्तान ने वढेरा के आक्रामक रवैये की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा निश्चित तौर पर आपको एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करे। नेहल का रवैया आज शानदार था। उम्मीद है कि आगे भी वह इसी फॉर्म को बरकरार रखेगा। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। उन्होंने कहा विकेट शुरू में बल्लेबाजी के लिए बहुत अनुकूल नहीं था लेकिन हम एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर सके। साझेदारी निभाना महत्वपूर्ण था लेकिन हमने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए।

**संक्षेप**

### भारतीय टीमों ने ब्रिज विश्व चैंपियनशिप का कटाया टिकट

नयी दिल्ली। भारत ने दुबई में एशिया एवं पश्चिम एशिया ब्रिज महासंघ के टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक हासिल किया तथा पदक जीतने वाली टीमों ने अगली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन प्राप्त कर ली। विश्व ब्रिज महासंघ के तत्वावधान में 10 से 18 अप्रैल के बीच आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष, महिला और सीनियर टीमों ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मिश्रित टीम ने रजत पदक जीता। चारों भारतीय टीमों ने 20 से 31 अगस्त तक डेनमार्क के हर्निंग में होने वाली 47वीं विश्व ब्रिज चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली 35 देशों की 66 टीमों में भारत भी शामिल होगा। खेल मंत्रालय 2017 से ही भारतीय ब्रिज महासंघ को सहायता दे रहा है। प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए मंत्रालय के वार्षिक कैलेंडर (एसीटीसी) में प्रशिक्षण शिविरों, विदेशी प्रतियोगिता, कोच के खर्च और उपकरणों के अलावा अन्य खर्च शामिल हैं। इसमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर स्तर के खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में मंत्रालय द्वारा ब्रिज पर औसतन 2.55 करोड़ रुपये प्रति वर्ष खर्च किए गए हैं।

### डाइमंड हार्बर एफसी ने आईलीग दो का खिताब जीता

आइजोल। पश्चिम बंगाल के डाइमंड हार्बर एफसी ने शनिवार को यहां मेजबान चानमारी एफसी को 1-0 से हराकर आईलीग दो फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। डाइमंड हार्बर और चानमारी दोनों ने शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए आईलीग में जगह बनाई। हार के बावजूद चानमारी की टीम का शीर्ष दो में रहना सुनिश्चित हुआ क्योंकि स्पोर्टिंग क्लब डि गोवा की टीम को शनिवार को एक अन्य मुकाबले में एफसी बेंगलुरू यूनाईटेड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

### भारतीय घरेलू हॉकी में अच्छी गहराई व गुणवत्ता : मुख्य कोच

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शनिवार को कहा कि देश की हॉकी में काफी गहराई है और मजबूत बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण होंगे। फुल्टन को हाल में समाप्त हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान भारत की क्षेत्रीय प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिला। फुल्टन ने कहा जब हमने अपनी मजबूती पर जोर दिया तो मैच काफी करीबी रहे। भारतीय हॉकी में काफी गहराई है विशेषकर गोलकीपिंग और कुछ अन्य क्षेत्रों में जिसे देखना बहुत अच्छा था।

# राम बाबू ने 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती

एजेंसी

चंडीगढ़। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक राम बाबू ने शनिवार को यहां इंडियन ओपन पैदल चाल प्रतियोगिता में पुरुषों की 35 किमी दौड़ में स्वर्ण पदक जीता जबकि महिलाओं की स्पर्धा का परिणाम तकनीकी कारणों से रोक दिया गया।

एशियाई खेल 2023 में मंजू रानी के साथ 35 किमी पैदल चाल मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाले राम बाबू ने दो घंटे 32 मिनट 53.50 सेकेंड में स्पर्धा पूरी की। यह हालांकि दो घंटे 29 मिनट 56 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से काफी अधिक समय है। महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल का परिणाम स्पर्धा खत्म होने के घंटों बाद भी जारी नहीं किया गया। बाद में आयोजकों ने कहा कि तकनीकी कारणों से परिणाम रोक दिए गए हैं। यह दूसरी बार था जब तकनीकी मुद्दों ने यहां पैदल चाल स्पर्धा को प्रभावित किया। पिछले साल राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप के दौरान गलत रीडिंग के कारण विश्व एथलेटिक्स ने प्रतिभागियों के समय में संशोधन किया था। बाद में वैश्विक संचालन संस्था ने 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा के सभी परिणामों को पूरी तरह से अमान्य कर दिया था। शनिवार को स्पर्धा के दौरान प्रतिभागियों ने संभवत: 35 किमी की बजाय केवल 34 किमी की दूरी पूरी की। हालांकि कोई भी अधिकारी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था। प्रतियोगिता के दौरान मौजूद एक पैदल चाल कोच ने बताया, मैंने सुना है कि स्पर्धा में केवल 34 किमी की दूरी पूरी की गई थी। ऐसा हो सकता है। रेलवे की पायल और पंजाब की मंजू रानी तथा रमनदीप कौर ने महिला 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा सबसे पहले पूरी करने वाली धावक थीं लेकिन बाद में नतीजों को रोक दिया गया। इस बीच तमिलनाडु के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सर्विन सबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा कायम करते हुए एक घंटा 46 मिनट 47 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

**तकनीकी कारणों से महिला स्पर्धा का नतीजा घोषित नहीं**

उनका यह प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा अगले महीने होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए निर्धारित एक घंटा 24 मिनट 50 सेकेंड के पात्रता मानदंड से बेहतर है। फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में 20 किमी का स्वर्ण जीतने वाले सबेस्टियन ने कहा, इस सत्र में मेरा मुख्य लक्ष्य स्वस्थ और चोट मुक्त रहना है। मेरा अगला लक्ष्य विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने की पात्रता हासिल करना है।

# विश्व कप : पाक महिला टीम नहीं जायेगी भारत

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी और इस साल की शुरुआत में स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी तटस्थ स्थल पर खेलेगी। हाल ही में जब पाकिस्तान ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण भारतीय टीम को सीमा पार भेजने से इनकार कर दिया था और उनके मैच दुबई में खेले गए थे। हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलने की अनुमति होगी। नकवी ने कहा जैसे भारत चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान में नहीं खेला था और उसे तटस्थ स्थल पर खेलने की अनुमति दी गई थी, वैसे ही जो भी स्थल तय होगा हम वहां खेलेंगे। जब कोई समझौता होता है तो उसका पालन करना होता है। पीसीबी प्रमुख ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) तटस्थ स्थल पर फैसला करेंगे। भारत 29 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया गत विजेता है।

# लखनऊ ने राजस्थान को दिया 181 रन का लक्ष्य





एजेंसी

जयपुर। लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल के 36वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 181 रन का टारगेट दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। ऐडन मार्करम ने 66 और आयुष बडोनी ने 50 रन बनाए। राजस्थान से वनिंदू हसरंगा ने 2 विकेट लिए। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिन के पहले मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। अब्दुल समद ने 10 गेंद पर 30 रन बनाकर लखनऊ को 180 रन तक पहुंचाया। उन्होंने आखिरी ओवर में संदीप शर्मा के खिलाफ 4 छक्के लगाए। समद ने आखिरी ओवर में 27 रन बटोरे। ऐडन मार्करम ने 66 और आयुष बडोनी ने 50 रन बनाए। राजस्थान से वनिंदू हसरंगा ने 2 विकेट लिए। लखनऊ ने 18वें ओवर में पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी गेंद तुषार देशपांडे ने ऑफ स्टंप के बाहर स्लोअर फेंकी। आयुष बडोनी एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। बडोनी 50 रन बनाकर आउट हुए। 16वें ओवर में लखनऊ ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की पांचवीं बॉल वनिंदू हसरंगा ने ऑफ स्टंप पर फ्लाइटेड फेंकी। ऐडन मार्करम बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 66 रन बनाए। ऐडन मार्करम ने 11वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। उन्होंने संदीप शर्मा के खिलाफ तीसरी गेंद पर 3 रन लिए और हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। लखनऊ ने 8वें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया।

# नूर अहमद का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा : सेंटनर

मुंबई। मुंबई इंडियंस के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने शनिवार को कहा कि अगर वानखेड़े स्टेडियम की पिच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच की तरह ही बर्ताव करती रही तो चेन्नई सुपर किंग्स के स्पिनर नूर अहमद का सामना करना मुश्किल होगा। मुंबई ने हैदराबाद की टीम के खिलाफ स्पिन के अनुकूल पिच पर शानदार प्रदर्शन किया और इस सत्र में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लेकिन इसी तरह की पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण हो सकता है जिसमें अफगानिस्तान के अहमद शामिल हैं जिन्होंने सात मैच में 12 विकेट लिए हैं। उनके साथ सीनियर स्पिनर रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन भी मौजूद हैं। सेंटनर ने मुंबई इंडियंस की ट्रेनिंग से पहले मीडिया से कहा मैंने हाल में उसकी गेंदबाजी को देखा है, उसके खिलाफ खेला हूं, एमएलसी (अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट) में उनके साथ खेल चुका हूं। निश्चित रूप से वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं।

# चेन्नई व मुंबई का मुकाबला आज

एजेंसी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग के क्लासिको (सबसे ज्यादा प्रतिद्वंद्विता वाला मैच) की चमक को कम कर सकती है, लेकिन मुंबई इंडियंस के लिए रविवार को यहां अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए रणनीति बदलने की चुनौती होगी। मुंबई ने शुरुआती मैचों की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अपने पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को मात देकर अच्छी वापसी की है। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम तालिका में सातवें पायदान पर है और वह मौजूदा सत्र में जीत की हैट्रिक लगाने के साथ सत्र के अपने पहले मैच में इस टीम से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।




मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी को बड़ा स्कोर खड़ा करने का मौका नहीं दिया। टीम ने इसके बाद आसानी से जीत के लिए मिले 163 रन के लक्ष्य को छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था। उस मैच में पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है। चेन्नई के पास शानदार लय में चल रहे खब्बू स्पिनर नूर अहमद के अलावा अनुभवी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का भी विकल्प है। नूर ने सात मैचों में 12 विकेट लिये है, जिसमें मुंबई के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन सफलता शामिल है। चेन्नई के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बावजूद मौजूद फॉर्म के आधार पर मुंबई का पलड़ा भारी है। रोहित शर्मा ने अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया है, लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ उनकी तेज शुरुआत ने टीम को बिना किसी दबाव के लक्ष्य का पीछा करने की आजादी दी। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन रयान रिकेल्टन ने शीर्ष क्रम में अच्छा योगदान दिया है। विल जैक्स के हरफनमौला खेल ने सनराइजर्स की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।

अनुभवी जसप्रीत बुमराह की वापसी से मुंबई की गेंदबाजी मजबूत हुई है। ट्रेंट बोल्ट भी अपने पुराने अंदाज में दिख रहे है। उन्होंने सनराइजर्स के खिलाफ शानदार यॉर्कर गेंदें डाली। हार्दिक ने गेंदबाज और बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाई है, लेकिन आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए वह नमन धीर पर निर्भर रहेंगे। कर्ण शर्मा को पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उंगली में चोट लग गई थी और उनका चोटिल होना चिंता का विषय हैं।

चेन्नई ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ लगातार पांच हार के सिलसिले को खत्म किया लेकिन बल्लेबाजी उनकी कमजोर कड़ी बनी हुई है। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोट के कारण बाहर होने से महेंद्र सिंह धोनी की कप्तान के तौर पर वापसी हुई है और वानखेड़े मैदान पर उनकी कई खास यादें जुड़ी हुई है। इसमें 2011 में एकदिवसीय विश्व कप में विजयी छक्का लगाने से लेकर आईपीएल के पिछले सत्र में चार गेंद में 20 रन की नाबाद पारी के दौरान हार्दिक के खिलाफ तीन छक्के जड़ना शामिल है। धोनी की कप्तान की टीम की गेंदबाजी अच्छी हुई है।

# एएफसी एशियाई कप 2026 : क्वालीफायर में 39 खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने जून-जुलाई में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शनिवार को 39 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय महिला टीम 23 जून से पांच जुलाई तक थाईलैंड के चियांग माई में एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर खेलने के लिए तैयार हैं। टीम को ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मेजबान थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर-लेस्ते और इराक से होगा। सीनियर महिला टीम का शिविर एक मई को बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शुरू होगा। बाला देवी और आशालता देवी जैसी सीनियर खिलाड़ियों को संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं मिली है। वे अक्टूबर में 2024 सैफ महिला चैंपियनशिप में देश के लिए आखिरी बार खेलीं थी। उन्हें मालदीव के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच और फरवरी में यूएई में पिंक लेडीज कप खेलने वाली टीम में भी जगह नहीं मिली थी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूचीः

गोलकीपरः पायल बसुदे, एलंगबाम पंथोई चानू, कीशम मेलोडी चानू, मोइरंगथेम मोनालिशा देवी।

डिफेंडरः पूर्णिमा कुमारी, फंजौबाम निर्मला देवी, मार्टिना थोकचोम, शुभांगी सिंह, संजू, मालती मुंडा, तोइजाम थोइबिसाना चानू, सोरोखैबम रंजना चानू, नंगबाम स्वीटी देवी, विक्सित बारा, हेमम सिल्की देवी।

मिडफील्डर : किरण पिस्दा, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, मुस्कान सुब्बा, लिशम बबीना देवी, कार्तिका अंगमुथु, सिंडी रेमरुअतपुई कोलनी, संगीता बासफोर, प्रियदर्शिनी एस, बेबी सना, संतोष, अंजू तमांग।



फारवर्डः मौसमी मुर्मू, मालविका पी, संध्या रंगनाथन, सौम्या गुगुलोथ, सुलंजना राउल, लिंडा कोम सर्टो, रिम्पा हलधर, मनीषा नाइक, रेनू, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, सुमति कुमारी, मनीषा कल्याण, ग्रेस डांगमेई।

**सुपर कप के पहले मैच में ईस्ट बंगाल का सामना केरल ब्लास्टर्स से**

भुवनेश्वर। गत चैंपियन ईस्ट बंगाल की टीम रविवार को यहां कलिंगा सुपर कप के उद्घाटन मैच में केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश 15 टीम वाले इस टूर्नामेंट में अपनी ट्रॉफी बरकरार रखने के साथ अगले सत्र के एएफसी चैंपियंस लीग 2 के लिए एकमात्र उपलब्ध स्थान को हासिल करने की होगी। इस टूर्नामेंट के पिछले दो सत्र में ग्रुप चरण के बाद सेमीफाइनल हुआ था लेकिन इस सत्र में 2018 और 2019 की तरह नॉकआउट प्रारूप होगा। इसका मतलब यह है कि हर मैच करो या मरो होगा। ईस्ट बंगाल ने पिछले साल अतिरिक्त समय तक चले फाइनल में ओडिशा एफसी को 3-2 से हराकर खिताब जीता था। टीम ने इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 12 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था। केरल ब्लास्टर्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश में है। दोनों टीमों का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, वे क्रमशः नौवें और आठवें स्थान पर रहे थे। इस मुकाबले के विजेता का सामना 26 अप्रैल को पहले क्वार्टर फाइनल में मोहन बागान सुपरजायंट से होगा। मोहन बागान की टीम को चर्चिल ब्रदर्स के हटने के बाद बाई मिली है। आईएसएल के 2019 के चैम्पियन एफसी गोवा के सामने 21 अप्रैल को आई लीग की टीम गोकुलम केरल की चुनौती होगी। ओडिशा एफ की टीम सोमवार को पंजाब एफ का सामना करेगी जबकि 23 अप्रैल को बेंगलुरु एफसी को इंटर काशी की चुनौती से निपटना होगा। दोनों टीमों के बीच पिछले दो सत्र में यह तीसरा मुकाबला होगा। सुपर कप 2018 की विजेता बेंगलुरु की टीम हाल ही में आईएसएल फाइनल में हार की कड़वी यादों को भुनाना चाहेगी। बुधवार को मुंबई एफसी और चेन्नइयिन एफसी का मुकाबला होगा जबकि 24 अप्रैल को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और मोहम्मडन स्पोर्टिंग की टीमें आमने-सामने होंगी। अंतिम 16 चरण के आखिरी मैच में जमशेदपुर एफसी का सामना हैदराबाद एफसी से बृहस्पतिवार को होगा। टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल 26 और 27 अप्रैल को खेला जायेगा जबकि सेमीफाइनल 30 अप्रैल को होगा। इसका खिताबी मुकाबला तीन मई को होगा।

**क्रोएशिया के पूर्व मिडफील्डर निकोला पोक्रिवाक की कार दुर्घटना में मौत**

जागरेब (क्रोएशिया)। क्रोएशिया की राष्ट्रीय टीम के पूर्व मिडफील्डर निकोला पोक्रिवाक की कार दुर्घटना में मौत हो गई है। वह 2008 की यूरोपीय चैंपियनशिप में खेले थे। क्रोएशिया के फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। पोक्रिवाक 39 साल के थे। क्रोएशिया के फुटबॉल महासंघ ने बताया कि पोक्रिवाक की शुक्रवार रात कार्लोवाक शहर में कार दुर्घटना में मौत हो गई। वर्ष 2015 में लिंफोमा से पीड़ित होने से पहले पोक्रिवाक डाइनेमो जागरेब, मोनाको और साल्जबर्ग के लिए खेले। पोक्रिवाक क्रोएशिया की राष्ट्रीय टीम के लिए 15 मैच खेले।

# मोदी ने स्वस्थ भारत की पैरवी की

## हर साल विश्व यकृत दिवस मनाया जाता है जिसके तहत यकृत स्वास्थ्य और बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व यकृत दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करते हुए तेल का सेवन कम करने और मोटापे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने जैसे छोटे कदम उठाने का आह्वान किया तथा फिट और स्वस्थ भारत के निर्माण पर बल दिया। हर साल विश्व यकृत दिवस मनाया जाता है जिसके तहत यकृत स्वास्थ्य और बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष का इस दिवस का ध्येय वाक्य हैः भोजन ही औषधि है।

मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, विश्व यकृत दिवस को उपयुक्त खानपान एवं स्वस्थ जीवन जीने के आह्वान के साथ मनाने का सराहनीय प्रयास। तेल का सेवन कम करने जैसे छोटे कदम भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर मोटापे के बारे में जागरूकता बढ़ाकर एक स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत का निर्माण करें।



प्रधानमंत्री केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा के उस पोस्ट का जवाब दे रहे थे कि जिसमें लोगों से खाद्य तेल के सेवन में कम से कम 10 प्रतिशत की कमी लाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेने की अपील की गयी थी। पहले भी, मोदी ने मोटापे को रोकने के लिए यही आह्वान किया था। नड्डा ने यह भी कहा आइए मोटापे और हमारे समाज पर इसके बढ़ते प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लें। साथ मिलकर हम ऐसे भविष्य की दिशा में काम करें जहां स्वस्थ जीवन शैली आदर्श हो तथा उसकी शुरुआत हम अपने खानपान से करें। उन्होंने कहा कि जब भोजन को दवा के रूप में लिया जाता है तो छोटे-छोटे बदलाव बड़े परिणाम ला सकते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह दो दिवसीय यात्रा पर जायेंगे सऊदी अरब

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा ऊर्जा, व्यापार एवं रक्षा समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी। मोदी और सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के बीच वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भारत-सऊदी अरब ऊर्जा सहयोग को रणनीतिक आयाम देने का प्रयास किया जाएगा।

# नियमित व्यायाम पर ध्यान देकर अपने स्वास्थ्य में बहुत बड़ा बदलाव देखा : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने समुचित नींद, खान-पान पर ध्यान देकर तथा नियमित व्यायाम सुनिश्चित करके अपने स्वास्थ्य और कार्य करने की क्षमता में बहुत बड़ा बदलाव देखा है। शाह ने विश्व यकृत दिवस पर यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं से अच्छे स्वास्थ्य के लिए दो घंटे शारीरिक व्यायाम और छह घंटे की नींद लेने की अपील की।

उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मई 2019 से अब तक मैंने अपने अंदर बहुत बड़ा बदलाव देखा है। सही मात्रा में नींद, शुद्ध पानी, भोजन और व्यायाम से मैंने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है। पिछले 4.5 वर्षों में मैं सभी एलोपैथिक दवाओं से मुक्त हो गया हूं। शाह ने कहा कि इससे उनकी काम करने, सोचने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। मंत्री ने आईएलबीएस में एकीकृत लिवर पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया और संस्थान में यकृत स्वास्थ्य विषय पर आयोजित कार्टून गैलरी का अवलोकन भी किया। शाह ने मजाकिया लहजे में कहा, मुझे कार्टून पसंद हैं, जिनमें मुझ पर आधारित कार्टून भी शामिल हैं।

उन्होंने यकृत स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस गैलरी और संस्थान की अन्य पहलों के लिए




आईएलबीएस के निदेशक डॉ एस सरीन की सराहना की। गृह मंत्री ने औद्योगिक घरानों से यकृत स्वास्थ्य के महत्व का प्रचार करने तथा यकृत के उपचार और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थानों को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, फिट इंडिया और पेयजल एवं शौचालय जैसी अन्य योजनाएं सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी हैं। शाह ने कहा कि सरकार का स्वास्थ्य बजट 2014 में 37,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में स्वास्थ्य सेवा की समग्र प्रणाली बनाने के लिए काम किया है

संक्षेप

## एलन मस्क भारत आने के लिए उत्सुक

वाशिंगटन/न्यूयॉर्क। टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि वह इस वर्ष के अंत में भारत आने को लेकर उत्सुक हैं। मस्क की यह टिप्पणी उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बातचीत के एक दिन बाद आई है। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की थी। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी से बात करना सम्मान की बात रही। मैं इस वर्ष के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक हूं। मस्क को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है और वह सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती करना और संघीय कार्यबल को कम करना है। शुक्रवार को बातचीत के बाद मोदी ने एक्स पर कहा, एलन मस्क से बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन में हमारी बैठक के दौरान शामिल विषय भी सम्मलित थे। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के बंकर से बड़ी संख्या में सामान बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की पहाड़ियों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के बंकर से बड़ी संख्या में सोलर प्लेट और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।


पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुर्कराजगुट्टा गांव की पहाड़ी में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के एक बंकर से छह सोलर प्लेट, माओवादियों की दो वर्दियां, दो छत के पंखे और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जिले जीड़पल्ली गांव में स्थित शिविर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था।

उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान मुर्कराजगुट्टा में नक्सलियों के द्वारा बंकरनुमा संरचना में छिपाया गया डंप बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि डंप को नक्सलियों ने कांक्रीट आरसीसी स्लेब से बने बंकरनुमा कमरे में छिपाकर रखा था। उन्होंने बताया कि कोबरा बटालियन के दल ने अभियान के दौरान नक्सलियों के 12 ठिकानों को नष्ट कर दिया।

## दक्षिण लेबनान में हथियार नहीं डालेगा हिजबुल्ला

एजेंसी

बेरूत। लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के सरगना ने शुक्रवार को कहा कि जब तक इजराइली सैनिक दक्षिणी लेबनान में मौजूद रहेंगे और इजराइली वायु सेना लेबनानी हवाई क्षेत्र का नियमित रूप से उल्लंघन करती रहेगी तब तक उसके लड़ाके हथियार नहीं डालेंगे। हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर नईम कासिम का हिजबुल्ला के टेलीविजन चैनल में भाषण प्रसारित किया गया जिसमें कासिम ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। पिछले वर्ष इजराइली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर हसन नसरल्ला, उसके उत्तराधिकारी हाशेम सफीद्दीन और



अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद कासिम ने चरमपंथी संगठन की कमान संभाली थी। कासिम ने कहा कि हिजबुल्ला ने अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्षविराम समझौते से संबंधित अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन किया जिससे इजराइल एवं हिजबुल्ला के बीच अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ संघर्ष रुक गया था। पिछले साल नवंबर के अंत में संघर्षविराम समझौता लागू होने के बाद से इजराइली हवाई हमलों में लेबनान में आम नागरिकों और हिजबुल्ला के सदस्यों सहित कई लोग मारे गए हैं। इजराइल का कहना है कि वह दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बना रहा है। पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के उप विशेष दूत मॉर्गन ऑर्टागस ने पिछले सप्ताह बेरूत का दौरा किया और लेबनान सरकार से न केवल लिटानी नदी के दक्षिण में इजराइल की सीमा पर बल्कि पूरे क्षेत्र पर अपना नियंत्रण स्थापित करने का आह्वान किया। कासिम ने अपने संबोधन में कहा, हम किसी को भी हिजबुल्ला के हथियार हटाने की अनुमति नहीं देंगे।

## रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में नहीं कर रहा कोई समर्थन : डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी



पेरिस। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता अब ऐसे स्तर पर पहुंच चुकी है, जिसमें कुछ निष्कर्ष निकलना चाहिए, लेकिन दोनों में से कोई भी देश उनके (ट्रंप) युद्ध समाप्त कराने के प्रयासों का समर्थन नहीं कर रहा है। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई तो अमेरिका दोनों देशों के बीच शांति समझौता कराने के प्रयासों को छोड़कर आगे बढ़ सकता है क्योंकि कई महीने तक प्रयास करने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, अगर किसी कारण से दोनों में से कोई एक पक्ष इसे बहुत कठिन बना देता है तो हम कह देंगे कि आप मूर्ख हैं और फिर हम इसे छोड़ देंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वार्ता में देरी कर रहे हैं तो इसके जवाब में ट्रंप ने कहा मुझे लगता है कि ऐसा नहीं है।

### 48 घंटों में गाजा में 90 से अधिक मारे गए : फलस्तीन

दीर अल बला (गाजा पट्टी)। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा में इजराइली हमलों में 90 से अधिक लोग मारे गए हैं। हालांकि, मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने आम नागरिक हैं और कितने लड़ाके हैं। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, मृतकों में कम से कम 15 लोग शामिल हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से कुछ निर्दिष्ट मानवीय क्षेत्र में शरण लिए हुए थे। इजराइल गाजा में हमले बढ़ा रहा है, क्योंकि वह हमास पर अपने बंधकों को रिहा करने और निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। इजराइल ने कहा है कि वह गाजा के अंदर बड़े सुरक्षा क्षेत्रों पर कब्जा करने की साजिश रच रहा है।

## दिल्ली में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी है।

आईएमडी ने बताया कि शनिवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में आर्द्रता का स्तर 60 से 43 प्रतिशत के बीच रहा। मौसम विभाग ने रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। शुक्रवार को शहर के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं ने बढ़ते पारे के स्तर से कुछ राहत दिलाई।

नरेला, पीतमपुरा और मयूर विहार में वेधशालाओं ने 0.5 मिमी बारिश दर्ज की। इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता शाम चार बजे मध्यम श्रेणी में थी और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 165 रहा।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

## कार से टक्कर से कांग्रेस नेता की मौत, भाजपाई गिरफ्तार

एजेंसी

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में कार की टक्कर से 30 वर्षीय कांग्रेस नेता की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी भाजपा कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार शाम कोंडागांव थानांतर्गत डोंगरीगुड़ा गांव के करीब भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता पुरेंद्र कौशिक की कार की टक्कर से युवा कांग्रेस के क्षेत्रीय नेता हेमंत भोयर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना उस समय हुई जब हेमंत भोयर और उनकी भाभी चंपी शादी की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल से कोंडागांव के स्थानीय बाजार जा रहे थे।

उन्होंने बताया कि भोयर मुलमुला ग्राम पंचायत के पंच थे और चंपी गांव की सरपंच हैं। भोयर कांग्रेस की युवा शाखा युवा कांग्रेस में स्थानीय विधानसभा उपाध्यक्ष भी थे। अधिकारियों ने बताया कि कार चला रहे कौशिक ने भोयर की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारी और घटनास्थल से फरार हो गया।

इंटरटेनमेंट...

## 'जाट' मूवी से विवादित सीन हटाये, मांगी माफी

**मुंबई।** जाट फिल्म में एक्टर सनी देओल और रणदीप हुड्डा मुख्य किरदार निभा रहे है। सनी देओल और रणदीप हुड्डा की जाट मूवी को लेकर जालंधर में एफआईआर दर्ज होने के बाद फिल्म मेकर्स बैकफुट पर आ गए हैं। पहले मूवी से विवादित सीन हटाए गए। अब फिल्म मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीन को लेकर माफी मांग ली है।




**बचपन में अनाथ हुए अरशद वारसी:पेट पालने के लिए मेकअप बेचा**

इंडस्ट्री में अरशद जाना पहचाना नाम हैं। हालांकि, उनके लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। बचपन में मां और पिता के गुजर जाने के बाद अरशद का सफर और मुश्किल हो गया था, लेकिन अरशद ने हार नहीं मानी एक-एक कर अपने सपने पूरे किए। छोटे-छोटे काम करके अपने डांस के शौक को पूरा किया। इसके बाद अरशद इंडस्ट्री में आए। अरशद कई बार विवादों में भी फंसे। उनका नाता कई बड़े विवादों से रहा है। अरशद वारसी का जन्म 19 अप्रैल 1968 में मुंबई में हुआ। अरशद मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अरशद ने बार्नेस स्कूल से पढ़ाई की। बचपन में मां को खो चुके अरशद महज 14 साल की उम्र में पिता की मौत के बाद अनाथ हो गए। पिता के जाने के बाद उनका रहना खाना भी मुश्किल हो गया था। घर चलाने के लिए अरशद ने दसवीं में ही पढ़ाई छोड़ दी और छोटी-मोटी नौकरी करना शुरू कर दिया। 17 साल की छोटी उम्र में अरशद ने एक कॉस्मैटिक्स कंपनी में बतौर सेल्समैन की नौकरी की। कुछ समय बाद अरशद एक फोटो लैब में काम करने लगे।

अरशद बचपन से ही डांस के शौकीन थे। आर्थिक हालत सुधरने के बाद अरशद ने अपना सपना पूरा करने का सोचा। टैलेंट की बदौलत अरशद ने अकबर सामी डांस ग्रुप जॉइन किया। इसके बाद अरशद ने ठिकाना और काश फिल्मों में बतौर कोरियोग्राफर काम किया। अरशद को बचपन से ही डांस का शौक था, उन्होंने 21 साल की उम्र में खुद का डांस स्टूडियो खोल लिया था। अरशद को शुरू से ही डांसिंग का शौक था, उन्होंने अपने डांसिंग करियर में मुकाम हासिल किया। साल 1991 में अरशद ने इंडिया डांस कॉम्पिटिशन जीता। इसके बाद 1992 में 21 साल की उम्र में लंदन डांस कॉम्पिटिशन जीता और उन पैसों से अपना खुद का डांस स्टूडियो ऑसम खोल लिया। इसके बाद अरशद ने फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा के टाइटल ट्रैक के लिए बतौर कोरियोग्राफर काम किया।

## बॉडी शेमिंग करने वालों को करिश्मा का करारा जवाब

मुंबई। एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक फैशन शो में रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान कुछ लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की, तो कुछ ने उनकी कमर को लेकर तंज कसे। हालांकि, अब एक्ट्रेस ने भी बॉडी शेमिंग करने वालों को करारा जवाब दिया है। करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। उन्होंने लिखा, आपके पास शायद बहुत ज्यादा समय और बहुत सारी नेगेटिविटी है बाहर निकालने के लिए। ओह, उसका वजन बढ़ गया है ! क्या आप जानते हैं कि मुझे सबसे ज्यादा क्या खुशी देता है ? ये देखना कि कम से कम कुछ लोग ऐसे हैं जो अपनी सोच रखते हैं। कभी तो सोशल मीडिया का इस्तेमाल लोगों को ऊपर उठाने के लिए कीजिए, उन्हें नीचे गिराने के लिए नहीं। दरअसल, करिश्मा तन्ना ने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में रैंप वॉक किया था। इसके बाद से ही कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी कमर को लेकर भद्दे कमेंट्स करने शुरू कर दिए। हालांकि, इस दौरान कई लोगों ने उनका सपोर्ट भी किया था। 'नागिन 3', 'कयामत की रात' और ओटीटी प्रोजेक्ट 'स्कूप' जैसे शोज के जरिए करिश्मा तन्ना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

## धनश्री सी दिखती हूं, इसलिए मुझे रॉयल्टी चाहिए : सुरभि

मुंबई। सुरभि चंदना और विवेक दहिया अपने हाल ही में रिलीज हुए म्यूजिक वीडियो 'इश्तम' के प्रमोशन में बीजी हैं। इंटरव्यू में जब दोनों से बातचीत की गई, तो एक सवाल पर सुरभि थोड़ी गंभीर हो गईं। दरअसल, सोशल मीडिया पर अकसर सुरभि की तुलना क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ धनश्री वर्मा से की जाती है। लोग उनके लुक्स को लेकर कमेंट करते हैं और दोनों को एक जैसा दिखने वाला बताते हैं। बता दें कि धनश्री और युजवेंद्र चहल ने कुछ समय पहले अपनी शादी खत्म की थी और दोनों के बीच तलाक हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धनश्री को तलाक के बाद तकरीबन 4 करोड़ की अलीमनी भी मिली थी। इस पर सुरभि ने अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा, 'शुरूआत में तो हम इसे मजाक के तौर पर ले सकते हैं, लेकिन कहीं न कहीं इसका मानसिक असर होता है क्योंकि लोग रुकते नहीं हैं। लगातार आलोचना करते रहते हैं, सिर्फ इसलिए कि दो अलग-अलग लोग एक जैसे दिखते हैं।

## आईएएस बनना चाहती थीं उर्वशी रौतेला

**मुंबई।** जिंदगी में तीन चीज कभी अंडरएस्टिमेट नहीं करना आई, मी एंड माई सेल्फ, ह्यमेरे बारे में इतना मत सोचना मैं दिल में आता हूं दिमाग में नहीं। ये दोनों डायलॉग भले ही सलमान खान की फिल्म के हैं, लेकिन असल जिंदगी में इसे एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला जी रही हैं। अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर उर्वशी अपने सेल्फ ऑब्सेशन के लिए भी जानी जाती हैं। वो खुद को हर मामले में नंबर वन मानती हैं। इस वजह से ट्रोलिंग उनकी लाइफ स्टाइल का हिस्सा बन गई है, लेकिन वो इन सबसे बिना घबराए अपनी अचीवमेंट्स की लिस्ट लंबी करती जा रही हैं।



उत्तराखंड के छोटी सी जगह से निकलकर इंडस्ट्री में सबसे महंगी परफॉर्मर बनने तक की उनकी कहानी बेहद दिलचस्प है। आज की सक्सेस स्टोरी में उर्वशी बता रही हैं। मेरे पेरेंट्स का फोकस मेरी ओवरऑल ग्रोथ पर रहा। उन्होंने मुझे पढ़ाई के अलावा बाकी एक्टिविटी में भी शामिल किया। मैं स्कूल में हेड गर्ल थी। मैं बास्केटबॉल में नेशनल लेवल खेल चुकी हूं। मैं गर्ल्स टीम की कैप्टन थी। मेरी टीम ने बॉस्केटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप में गोल्ड भी जीता था। बचपन में मुझे पहले कअर ऑफिसर बनना था। फिर थोड़े टाइम के बाद मुझे एस्ट्रोनॉट बनना था। जिमनास्टिक में दिलचस्पी आनी लगी तो कुछ समय जिमनास्ट बनना सपना था।

बचपन में करियर को लेकर अलग-अलग सपने थे। मैंने डांस के कई अलग-अलग फॉर्म सीखे हैं। इनमें से सबसे मुश्किल रहा भरतनाट्यम। ये सबसे मुश्किल डांस फॉर्म मना जाता है। ऐसे में स्कूल में मैं घंटों लाइव परफॉर्म करती थी। मैंने बैले, कथक, जैज, हिप-हॉप डांस फॉर्म में भी महारत हासिल की है। घर में पढ़ाई का माहौल था और मैं पढ़ाकू बच्ची थी। मेरे इर्द-गिर्द सिर्फ टॉपर ही थे। मेरा सर्कल ही ऐसा था। इन सबके बीच टीवी के जरिए मैं ब्यूटी कॉन्टेस्ट के बारे में जानती थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com